


रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.8 | 27.9 |
| जमशेदपुर | 35.6 | 26.3 |
| डालटनगंज | 33.0 | 24.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

www.lagatar.in रांची, रविवार 14 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 96 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### सोनिया गांधी से मिले सीएम हेमंत सोरेन, कसा भाजपा पर तंज, कहा

# वो क्या करेगी, क्या कहेगी, वही जाने

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली में हैं. उन्होंने एक बार फिर बड़े ही तार्किक अंदाज में भाजपा पर तंज कसा है. उन्होंने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि वो क्या करेगी, क्या कहेगी, ये तो वहीं जानती है. उन्होंने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में ये बात कही. उन्होंने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि जनता अब वो नहीं रही, जो इनको लगता है. जनता को अब पैसों से नहीं खरीदा जा सकता. सोनिया गांधी से मुलाकात के समय हेमंत के साथ कल्पना भी थीं. सीएम ने यह भी कहा, जेल से बाहर आने के बाद सोनिया गांधी जी से नहीं मिले थे, इसलिए मिलने आया हूं. यह सिर्फ शिष्टाचार मुलाकात थी. कहा, भाजपा ने षडयंत्र के तहत न्यायपालिका को भी मजाक बनाने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि कुछ ही महीनों में झारखंड में चुनाव भी होना है. सोचा सोनिया जी से मिलना चाहिए. इसलिए दिल्ली आया और उनसे शिष्टाचार मुलाकात की. चुनाव पर कोई चर्चा नहीं हुई.

## जनता को अब पैसों से नहीं खरीदा जा सकता : हेमंत



दिल्ली में सोनिया गांधी से पत्नी कल्पना सोरेन के साथ मिले सीएम.

**केजरीवाल जी भी जल्द आएंगे बाहर :** हेमंत ने कहा कि भारत की जनता तब तक सब कुछ बर्दाश्त करती है, जब तक उनमें सहनशीलता होती है. अंत में अपने वोट से देश को बांटनेवाली ताकतों का जवाब देती है. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बारे में पूछे जाने पर हेमंत ने कहा, उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही केजरीवाल भी जेल से बाहर आएंगे. उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा. कहा कि आपको पता ही है कि पिछले दिनों क्या ड्रामा हुआ है. किस तरीके से इन लोगों ने न्यायपालिका का भी मजाक उड़ाने का प्रयास किया है. मुझे उम्मीद है केजरीवाल को जल्द बेल मिलेगी.

**सुनीता केजरीवाल से भी मिले हेमंत-कल्पना :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से भी उनके आवास पर मुलाकात की. यह मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली. इस दौरान आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी मौजूद थे. इससे पहले भी हेमंत के जेल में रहने के दौरान कल्पना सोरेन भी दिल्ली आई थीं. उस वक्त उन्होंने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें हिम्मत दी थी. बाद में हेमंत ने एक्स पर फोटो भी जारी किया.

# नरसिंह इस्पात मामला : जांच के लिए डीसी ने चार सदस्यीय समिति गठित की , 16 तक मांगी रिपोर्ट

दिलीप कुमार। चांडिल

**शुभम संदेश इंपैक्ट**




कंपनी का मुख्य गेट.

सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत चौका-कांड्रा सड़क पर खूंटी स्थित नरसिंह इस्पात कंपनी द्वारा सरकारी जमीन घेरने के मामले में जिले के उपायुक्त ने भी संज्ञान लिया है. हिंदी दैनिक शुभम संदेश अखबार में छपी समाचार और अन्य माध्यमों से मिली सूचना के बाद डीसी रवि शंकर शुक्ला ने कंपनी के मामले में 12 जुलाई को जांच समिति का गठन कर जांच करने का आदेश जारी किया है.

डीसी द्वारा जारी आदेश पत्र में कहा गया है कि खूंटी के पास स्थित नरसिंह इस्पात द्वारा सरकारी, वन भूमि पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत मिली है. उक्त मामले में जांच कर रिपोर्ट सौंपने के लिए समिति का गठन किया जाता है. समिति को 16 जुलाई तक जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है. समिति में जिले के अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, चांडिल के भूमि सुधार उपसमाहर्ता विकास कुमार राय, उद्योग महाप्रबंधक रविशंकर प्रसाद और पेयजल एंव स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार ठाकुर शामिल हैं. प्रतिलिपि वन प्रमंडल पदाधिकारी को भेजी गई है.

विदित हो कि चांडिल की एसडीओ शुभ्रा रानी के द्वारा नरसिंह इस्पात को तीन मुख्य बिंदुओं पर भेजे गए नोटिस का जबाव देते हुए कंपनी प्रबंधन ने यह स्वीकार किया कि कंपनी के नाम सरकारी जमीन का हस्तांतरण नहीं हुआ है. कंपनी प्रबंधन की ओर से ये भी कहा गया कि सरकारी जमीन कंपनी के उपयोग में भी नहीं है. वहीं दूसरी ओर ईचागढ़ के तत्कालीन विधायक दिवंगत साधुचरण महतो के द्वारा विधानसभा में 19 फरवरी 2016 को विधानसभा सत्र के दौरान पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या रा. 12 के जबाव में सरकार के संयुक्त सचिव के रिपोर्ट पर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने उत्तर देते हुए सदन को बताया था कि नरसिंह इस्पात कंपनी द्वारा मौजा खूंटी, थाना नंबर 175, खाता नंबर 506, प्लॉट नंबर 2642, 2645 और 2668 में रकवा क्रमशः 0.26, 0.23 और 0.06 एकड़ सरकारी भूमि का अतिक्रमण किया है. अब सवाल यह उठता है कि क्या सरकार का यह रिपोर्ट गलत है. सरकार सदन में झूठ बोल रही है. या कंपनी प्रबंधन अनुमंडल पदाधिकारी को झूठा रिपोर्ट दे रही है.

### समिति में कौन


- संजय कुमार दास- **अपर उपायुक्त**
- विकास कुमार यादव- **भूमि सुधार उपसमाहर्ता**
- रविशंकर प्रसाद- **उद्योग महाप्रबंधक**
- रंजीत कुमार ठाकुर- **कार्यपालक अभियंता**

### ग्रामीणों में खुशी की लहर

समिति का गठन कर कंपनी की जमीन समेत अन्य मामलों की जांच कराने की सूचना पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है. ग्रामीणों की मांग है कि समिति जांच के क्रम में उनकी बातों को भी सुने. खूंटी के ग्रामीणों ने बताया कि मौजा खूंटी थाना नंबर 175 के खाता नंबर 506 के प्लॉट नंबर 2458, 2465, 2478, 2502, 2503, 2535, 2542, 2555 भी सरकारी प्लॉट है. प्लॉट नंबर 2542 में नाला है. वहीं खाता नंबर 507 के प्लॉट नंबर 2573 सर्व साधारण जमीन है. -शेष पेज 7 पर

### गिरिडीह जेल अधीक्षक पर गोलीबारी कराने की साजिश का पर्दाफाश

# अमन साहू ने रची थी साजिश



गिरिडीह जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया

- घटना को अंजाम देने से पहले एटीएस ने की कार्रवाई
- रांची, रामगढ़ के पतरातू और गुमला से हुई गिरफ्तारी

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड एटीएस की टीम ने अमन साहू गैंग के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनकी गिरफ्तारी राज्य के अलग-अलग जिलों से की गयी है. एटीएस की टीम ने गुमला से शिव, रांची से रवि और रामगढ़ के पतरातू से अनु के अलावा एक अन्य अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया है. दरअसल, गिरिडीह जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू विशेष सुविधा नहीं मिलने से नाराज था.

उसने गिरिडीह जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया पर गोलीबारी कराने की साजिश रच डाली. इसको लेकर सारी तैयारी भी पूरी कर ली गयी थी. अमन साहू के गुर्गे हिमानी प्रिया की सारी गतिविधियों कर नजर रख रहे थे. हालांकि घटना को अंजाम देने से पहले ही झारखंड एटीएस की टीम ने चारों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया. बता दें कि गैंगस्टर अमन साहू को विगत 20 जून को पलामू सेंट्रल जेल से गिरिडीह सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था.

**जेल अधीक्षक को मिली थी जान से मारने की धमकी :** गिरिडीह जेल में बंद अपराधी अमन साहू को विशेष सुविधा देने को लेकर उसके गैंग के अपराधी मयंक सिंह ने एक जुलाई को गिरिडीह केंद्रीय कारा की अधीक्षक हिमानी प्रिया को जान से मारने की धमकी दी थी. उसने इंटरनेशनल कॉल कर व व्हाट्स ऐप मैसेज के जरिए धमकी दी थी. जेल के अंदर भ्रमण के दौरान अमन साहू ने भी हिमानी प्रिया को धमकी दी थी. वहीं, अपराधी मयंक सिंह ने जेल अधीक्षक को फोन और मैसेज कर कहा था कि आपसे जितना कहा जा रहा है, उतना कीजिये, नहीं तो जिस तरह पुराने जेलर पर हमला हुआ था, उसी तरह आप पर भी हमला होगा और इस बार गोली निशाने से नहीं चूकेगी. इतना ही नहीं, मयंक सिंह ने जेल अधीक्षक के परिवार को भी क्षति पहुंचाने की धमकी दी थी.

## झारखंड एटीएस ने अमन साहू गैंग के चार शूटरों को किया गिरफ्तार

### पूर्व जेलर पर भी गोलीबारी करवा चुका है गैंगस्टर अमन साहू

वर्ष 2022 में भी अमन साहू गिरिडीह केंद्रीय कारा में बंद था. इस बीच अप्रैल 2022 में गिरिडीह केंद्रीय कारा में शिफ्ट होने के बाद ही उसने तत्कालीन जेलर प्रमोद कुमार को जान से मारने की साजिश रची थी. 20 जुलाई 2022 को तत्कालीन जेल अधीक्षक अनिमेष कुमार चौधरी के वाहन पर सवार तत्कालीन जेलर प्रमोद कुमार पर अमन साहू के गुर्गे ने धनबाद के हरसिंहरायडीह में उनकी गाड़ी पर फायरिंग करवाई थी, हालांकि इस हमले में वे बाल-बाल बच गये थे.



कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते झारखंड एटीएस के अधिकारी.

### ढाई साल में आठ जेलों में शिफ्ट किया जा चुका है अमन साहू

| 29 अक्टूबर 2021 | 13 अप्रैल 2022 | 23 जुलाई 2022 | 17 सितंबर 2022 | 24 नवंबर 2022 | 19 अगस्त 2023 | 11 अक्टूबर 2023 | 20 जून 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रांची से पाकुड़ मंडल कारा | गिरिडीह सेंट्रल जेल | मंडल कारा सिमडेगा | पलामू सेंट्रल जेल | दुमका सेंट्रल जेल | चाईबासा मंडल कारा | पलामू सेंट्रल जेल | गिरिडीह सेंट्रल जेल |

## गैंगस्टर्स अमन साहू व मयंक सिंह की राह जुदा



गैंगस्टर अमन साहू और मयंक सिंह.

**रांची।** जेल में बंद अपराधी अमन साहू और उसका राइट हैंड कहे जाने वाले मयंक सिंह के बीच दरार पड़ गई है. मयंक सिंह की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति से इस बात की पुष्टि हो गई है. मयंक ने कहा है कि अमन साहू गिरोह से मेरा पूर्व में रिश्ता बहुत अच्छा रहा था. ये बात सत्य है, पर मैं अमन साहू और गिरोह के भरोसे बैठे रहने वाला में से नहीं हूं. उसने कहा कि बर्बरीक कंपनी के ऊपर जो हमला हुआ, उसका जिम्मेदारी मैं लेता हूं.

**मयंक सिंह गैंग के नाम से संचालित रहेगा गिरोह :** मयंक सिंह ने कहा है कि आज के बाद झारखंड में काम करने वाले सभी रेलवे, रोड, सिविल कंस्ट्रक्शन, कॉन्ट्रैक्टर, कोयला कारोबारी, रैक लोडिंग कारोबारी, डीओ होल्डर, सभी लोग को सूचित करना चाहता हूं कि मेरा गिरोह अब मयंक सिंह गैंग के नाम से संचालित रहेगा और उसका निर्णय स्वयं लूंगा.

उसने यह भी कहा है कि मुझसे मैनेज किये बगैर कोई भी कंपनी झारखंड में अगर काम करेगी, तो उसके मालिक और कर्मचारियों से तो बाद में निपटेंगे, सबसे पहले उस कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के घर, परिवार वालों को गोली मारेंगे.

### बंगाल से हिमाचल तक 7 राज्यों के उपचुनावों में मुरझाया कमल

# इंडिया 10 भाजपा 02

- हिमाचल में मजबूत हुई सुक्खू की साख
- **उत्तराखंड में खाली रहे धामी के हाथ**
- रुपौली में जदयू-राजद दोनों को शिकस्त
- **टीएमसी का बंगाल में क्लीनस्वीप**
- भाजपा के खाते में दो सीटें
- **आप ने जीता जालंधर पश्चिम**
- डीएमके ने बरकरार रखी सीट

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

लोस चुनाव के बाद सात राज्यों की 13 सीटों पर हुए विस उपचुनाव के नतीजों में इंडिया गठबंधन भाजपा पर भारी पड़ा है. हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तराखंड में कमल मुरझा गया. इन उपचुनाव में इंडिया गठबंधन ने 13 में से 10 सीटों पर जीत हासिल की है. भाजपा के खाते में महज दो ही सीट आईं हैं. बिहार में निर्दलीय ने जीत हासिल की. पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जीत हासिल की है. वहीं, बंगाल में ममता बनर्जी ने 4 सीटों पर जीत हासिल की है. कांग्रेस ने भी हिमाचल की दो और उत्तराखंड की दो सीटें जीत कर स्कोर चार का बनाया है. खास बात है कि भाजपा को अपने गढ़ उत्तराखंड में दोनों सीटों पर हार मिली. उपचुनाव में पंजाब की एक, हिमाचल की तीन, उत्तराखंड की दो, बंगाल की चार, एमपी, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर वोट हुआ था. भाजपा हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर व एमपी की अमरावाड़ा सीटें जीतने में ही कामयाब हो पाई. तमिलनाडु में विक्रवांडी में डीएमके के अन्नियूर शिवा ने जीत दर्ज की. वहीं हिमाचल में सीएम सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को हराया. नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को 25,618 मतों से हराया. भाजपा के आशीष शर्मा ने हमीरपुर सीट जीती है. -शेष पेज 7 पर

## कांग्रेस व टीएमसी ने जीतीं 4-4 सीटें



### बंगाल में ममता का जादू बरकरार

बंगाल में ममता बनर्जी का जादू बरकरार रहा. टीएमसी के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी, सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण, मानिकतला सीट पर जीत हासिल की. उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में कल्याणी ने भाजपा के मानस घोष को हराया. मधुपर्णा ठाकुर ने बगदा सीट पर भाजपा के बिनय बिश्वास पर जीत दर्ज की. राणाघाट में मुकुट मणि अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार मनोज बिश्वास को 39,048 मतों से हराया.

### बिहार की रुपौली सीट निर्दलीय ने जीती

बिहार की रुपौल सीट पर बड़ा उलटफेर हुआ है, इस सीट से निर्दलीय कैंडिडेट शंकर सिंह ने जीत का परचम लहराया है. उन्होंने जदयू के कलाधर मंडल को 8 हजार से ज्यादा वोटों से हराया. जबकि राजद की बीमा भारती तीसरे नंबर पर रहीं.

### उत्तराखंड में कांग्रेस ने किया क्लीनस्वीप

उत्तराखंड में कांग्रेस ने क्लीन स्वीप किया है. मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन ने बीजेपी के करतार सिंह को मात दी. बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने बीजेपी उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भंडारी को 5095 वोटों से हराया.

### भाजपा का बनाया भ्रम का जाल टूटा: राहुल गांधी



उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है. किसान, नौजवान, मजदूर, व्यापारी और नौकरीपेशा समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है.

### जीत का श्रेय आम जनता को जाता है: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर उपचुनाव में पार्टी की जीत से खुश हूं. कई साजिशें हुईं. एक तरफ एजेंसी, दूसरी तरफ भाजपा. सभी लोग इस तरह की तानाशाही रोकना चाहता हैं. इसका पूरा श्रेय आम आदमी को जाता है.

**ब्रीफ खबर**

### 'संविधान हत्या दिवस' पर प्रियंका का तंज

**नयी दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे. केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है. प्रियंका ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की महान जनता ने लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है. जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे. उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, जिन्होंने अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

### दुर्भाग्यपूर्ण पूर्व सीएम रघुवर दास के बेटे पर राजभवन के कर्मचारी का बड़ा आरोप, कहा

# पहले साथ मारपीट की, फिर दी जान से मारने की धमकी

संवाददाता। रांची

झारखंड के पूर्व सीएम और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के बेटे ललित कुमार पर राजभवन के सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) ने मारपीट का आरोप लगाया है. इतना ही नहीं ललित कुमार पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है. राजभवन में कार्यरत बैकुंठ प्रधान ने राज्यपाल के प्रधान सचिव से इसकी लिखित शिकायत की है.

बैकुंठ प्रधान ने शिकायत में कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रथ यात्रा के लिए दो दिवसीय दौरे (7 और 8 जुलाई) पुरी दौरे पर थीं. दौरे को लेकर उनकी तैनाती पुरी राजभवन में थी. 7 जुलाई को रात करीब 11:45 बजे राज्यपाल के निजी रसोइए आकाश सिंह ने उनको बताया कि ललित कुमार उनसे मिलना चाहते हैं. बैकुंठ प्रधान ने शिकायत में कहा कि वो जैसे ही उनके कमरे में गये तो ललित उनके साथ गाली-गलौज करने लगा. जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो राज्यपाल के बेटे ने पांच अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की.

**ओएसएस एसोसिएशन ने सख्त कार्रवाई की मांग की :** ओड़िशा सेक्रेटेरिएट सर्विस एसोसिएशन ने राजभवन के कर्मचारी के साथ मारपीट करने को लेकर आपत्ति दर्ज करायी है. साथ ही रघुवर दास के बेटे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. एसोसिएशन ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि ओएसएस एसोसिएशन के बैकुंठ प्रधान, एएसओ पर रथ यात्रा 2024 के दौरान राजभवन, पुरी में अपनी ड्यूटी निभाते समय कुछ बदमाशों ने शारीरिक हमला किया है. पुलिस में शिकायत पहले ही दर्ज की जा चुकी है, लेकिन पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है. इसके साथ राज्यपाल के प्रधान सचिव से शिकायत की एक कॉपी भी अटैच की गयी है. एक दूसरे एक्स पोस्ट पर लिखा कि एसोसिएशन इस घटना की कड़ी निंदा करता है. ऐसी हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और हमारे समाज में इनका कोई स्थान नहीं है. आगे लिखा कि हम चाहते हैं कि प्रशासन का हस्तक्षेप हो, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके.

### रात 11:45 बजे से सुबह के 4:30 बजे तक ललित कुमार ने मारपीट की



एएसओ का दावा है कि वो भागने और एनेक्सी रूम में छिपने की कोशिश की. लेकिन बाद में ललित के निजी सुरक्षा अधिकारी उन्हें वापस उसके पास ले गये. प्रधान ने शिकायत में कहा है कि राज्यपाल के बेटे ने सुबह 4:30 बजे तक उसे थप्पड़ और लात-घूंसे मारे. एएसओ प्रधान का कहना है कि 8 जुलाई की सुबह राज्यपाल के प्रधान सचिव को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगायी थी. हालांकि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. शिकायत के संबंध में सचिव या राजभवन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है. इन आरोपों पर ना तो राज्यपाल रघुबर दास और न ही उनके बेटे ललित कुमार ने कोई टिप्पणी की है.

# एससी/ एसटी/आदिम जनजाति को मिलेगा जोड़ा बैल स्कीम का लाभ

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य के गरीबी रेखा से नीचे वाले एससी, एसटी और आदिम जनजाति के लोगों को जोड़ा बैल वितरण स्कीम का लाभ इस बार के वित्तीय वर्ष (2024-25) में भी दिया जाएगा. इस बाबत अलग-अलग जिलों में प्रक्रिया शुरू हो चुकी है.

कृषि, पशुपालन विभाग ने इस योजना के तहत विभिन्न जिलों के छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती करने को जोड़ा बैल वितरित करने की योजना पर सहमति दी है. लाभुकों का चयन ग्राम सभा की अनुशंसा के आधार पर किया जा रहा है. अनुशंसा के बाद पूरा भरा आवेदन संबंधित प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय चयन समिति से जिला पशुपालन पदाधिकारी के पास पहुंचेगा. योजना के तहत जोड़ा बैल की लागत राशि 40,000 रुपए है. इस योजना के

### 90% तक मिलेगा अनुदान

चयनित लाभुकों को 90% अनुदान मिलेगा. रांची जिले में इसके लिए 77 लाभुकों, रामगढ़ में 31 और इसी तरह अलग-अलग जिलों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं. क्या होगी लाभ लेने की पात्रता

इस योजना का लाभ एससी/एसटी/आदिम जनजाति, दिव्यांग लोगों को दिया जाना है, जो संबंधित जिले के स्थानीय निवासी हों और बीपीएल श्रेणी से हों. उनके पास पशुधन और खेती लायक जमीन का होना भी जरूरी है. जोड़ा बैल की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित, सूचीबद्ध सप्लायर के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में दिया जाएगा. इसकी विस्तृत जानकारी, आवेदन के लिए नजदीकी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी से उनके कार्यालय में ली जा सकती है.

## विजय संकल्प सभा और सम्मान समारोह में खूब हो रहा हंगामा, चिंता में पार्टी के दिग्गज

# धनबाद-गोड्डा में दिखा टेंशन : आखिर भाजपा में हंगामा क्यों है बरपा

रवि भारती। रांची

प्रदेश भाजपा अपनी रणनीति के तहत जनाधार बढ़ाने, राज्य सरकार की खामियों को गिनाने में लगी है. इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प सभा और सम्मान समारोह हो रहा है. लेकिन सम्मान समारोह में हंगामा होने का सिलसिला थम ही नहीं रहा. अब तक तीन जगह दुमका, धनबाद और गोड्डा में कार्यकर्तआओं के बीच तू-तू, मैं-मैं हो चुकी है. अंतर्कलह भी सामने आ रहा है. बीते दिन धनबाद में इसका नमूना देखने को मिला. जब मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थे, तभी राज सिन्हा और ढुल्लू महतो के समर्थक आपस में भिड़ गए. तू-तू, मैं -मैं भी हुई. मंच पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद ढुल्लू महतो और विधायक राज सिन्हा सहित पार्टी के कई बड़े पदाधिकारी देखते ही रह गए. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि चुनिंदा लोगों को ही सम्मानित किया जा रहा है. मेहनत तो सबने की थी.

### खास बातें

- धनबाद में राज सिन्हा- ढुल्लू के समर्थकों में तू-तू, मैं-मैं
- गोड्डा में पूर्व कृषि मंत्री रंधीर सिंह के खिलाफ लगे नारे



### दुमका में सीता सोरेन और लुईस मरांडी के समर्थक भिड़े

#### समीक्षा बैठक में भी आपस में भिड़ चुके हैं कार्यकर्ता और नेता

इससे पहले लोकसभा चुनाव में तीन सीटें गंवाने की वजह तलाशने के लिए हो रही समीक्षा बैठकों में भी भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ चुके हैं. इस मामले को बीजेपी ने काफी मशक्कत के बाद पैचअप किया. दुमका, गोड्डा और देवघर से शीर्ष नेतृत्व के लिए परेशान करने वाली तस्वीरें सामने आयी थीं. कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि चुनिंदा कार्यकर्ता सम्मानित किये जा रहे हैं. हमारी मेहनत और समर्पण नजरअंदाज किया गया. इस कलह की वजह से आधे घंटे तक सम्मान समारोह संग्राम समारोह जैसा लगने लगा. ढुल्लू महतो ने किसी तरह से उनको शांत कराया.

#### गोड्डा में रंधीर सिंह के खिलाफ लगे नारे...वापस जाओ-वापस जाओ

गोड्डा में कार्यकर्ता सम्मान समारोह में ऐसा हंगामा बरपा कि पूर्व कृषि मंत्री रंधीर सिंह के खिलाफ वापस जाओ के नारे लगने लगे. जमकर हंगामा और नारेबाजी ही. हुआ यूं कि सम्मान समारोह में जैसे ही भाजपा के विधायक रणधीर सिंह पहुंचे, वैसे ही रणधीर सिंह गो बैक का नारा लगने लगा. बताया जा रहा है कि गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ बयानबाजी करने से निशिकांत दुबे के समर्थक नाराज थे. हंगामा होता देख गोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा और गोड्डा के विधायक अमित मंडल को मंच से नीचे उतरना पड़ा. किसी तरह भाजपा के नाराज कार्यकर्ताओं को मनाया गया.

### ब्रीफ खबरें

#### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह आज रांची में

**रांची।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रविवार को रांची आ रहे हैं. फिर दो दिन बाद सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा भी रांची आने वाले हैं. रांची में एकदिवसीय प्रवास के दौरान शिवराज सिंह चौहान पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे. अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगे.केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई की सुबह 9.30 बजे रांची पहुंचेंगे.पार्टी कार्यालय में कुछ घंटे रहकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे. रांची प्रवास के दैरान खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे. रांची में 20 जुलाई को रांची में होने वाली वृहत कार्य समिति बैठक की तैयारी को लेकर भी पार्टी के नेताओं से विचार विमर्श करेंगे.

#### जदयू 10 सीटों पर लड़ सकता है चुनाव

**रांची।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही संगठन को मजबूत करने में जुटी झारखंड की जदयू इकाई ने 15 जुलाई तक अपने केंद्रीय नेतृत्व को चुनाव लड़ने योग्य विधानसभा क्षेत्र की सूची भेजने का निर्णय लिया है. जानकारी के अनुसार जदयू झारखंड में 10 से 15 सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है. एनडीए में रहते हुए पार्टी की पहली प्राथमिकता गठबंधन में सीटे मिले, अगर यह संभव नहीं हुआ तो अलग ही चुनाव लड़ सकता है. चुनाव को देखते हुए शनिवार को जदयू प्रदेश कार्यसमिति की हुई बैठक काफी अहम मानी जा रही है. सहजानंद चौक स्थित एक बैंक्वेट में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की. बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने किया. बैठक में एक प्रस्ताव पास कर झारखंड विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के चयन, सीट का चयन, एनडीए गठबंधन और जदयू के शीर्ष नेताओं से वार्ता करने को लिए प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को अधिकृत किया गया है. वहीं दूसरे प्रस्ताव में राष्ट्रीय कार्यसमिति, दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार सांसद संजय झा को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रदेश जदयू ने स्वागत किया.

## शुभारंभ : चीफ जस्टिस ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया उद्घाटन

# न्याय में देरी से लोगों का व्यवस्था पर से विश्वास कम होने लगता है : चीफ जस्टिस




राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में चीफ जस्टिस.

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी समेत अन्य न्यायधीशों की मौजूदगी में राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत की गयी. मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निष्पादन में तेजी आयी है. लोगों को समय पर न्याय मिलना जरूरी चाहिए. न्याय में देरी होने से न्यायिक व्यवस्था से लोगों का विश्वास कम होने लगता है. चीफ जस्टिस ने राज्य के आखिरी गरीब व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने की बात पर जोर दिया. उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकार को तीन बातों पर विशेष ध्यान रखने को कहा. पहला लोगों को समय पर कानूनी सहायता पहुंचाना, दूसरा बिना थके काम करना और तीसरा जहां कानूनी सहायता की जरूरत है, वहां टीम का पहुंचाना. इस दौरान चीफ जस्टिस डॉ. सारंगी ने हत्या के तीन पीडितों को 5 और 2-2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया.

#### मामलों के निष्पादन के लिए दो बेंचों का गठन

बता दें कि नालसा (नेशनल लीगल सर्विस अथारिटी) के कलेंडर और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्य भर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगायी गयी. लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाईकोर्ट में दो बेंचों का गठन किया गया. राष्ट्रीय लोक अदालत में राज्य भर के दस लाख मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है. इसमें प्री लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल रहे. लोक अदालत में निष्पादन के लिए जिन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, उसमें करीब एक लाख ऐसे मामले हैं जो अलग-अलग अदालतों में पेंडिंग हैं.

## रिटायरमेंट के बाद रांची सिविल कोर्ट में वकालत करूंगा : चीफ जस्टिस

- रांची सिविल कोर्ट पहुंचे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस, कहा- यहीं से न्यायिक जीवन की शुरुआत की थी

विधि संवाददाता। रांची



रांची सिविल कोर्ट में निरीक्षण के दौरान चीफ जस्टिस.

राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करने रांची सिविल कोर्ट पहुंचे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी ने जय जगन्नाथ के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि रांची सिविल कोर्ट में आकर काफी अच्छा लगा. झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए काफी मेहनत की. बार का इतना स्नेह मिला अभिभूत हूं. बार और बेंच परिवार एक ही परिवार है. मैंने वकालत से न्यायिक जीवन की शुरुआत की थी, रिटायर होने के बाद वापस वकालत करूंगा. लोक अदालत में वादी-प्रतिवादियों को कम समय में न्याय मिलता है. लोगों को समय पर न्याय मिलेगा, तभी न्यायिक व्यवस्था का सही इस्तेमाल माना जाएगा. लोक अदालत में वकीलों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है. वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लोक अदालत को त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम बताया. कार्यक्रम के दौरान लोक अदालत के लाभुकों के बीच सभी न्यायाधीशों ने चेक का वितरण किया. वहीं लोक अदालत के दौरान पारिवारिक विवाद खत्म कर दुबारा एक हुए दो जोड़ों को चीफ जस्टिस ने उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

#### रांची सिविल कोर्ट में लोक अदालत का किया निरीक्षण

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन सारंगी, झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय द्विवेदी राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करने रांची सिविल कोर्ट पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कोर्ट में चल रही लोक अदालत का जायजा लिया और पक्षकारों के बीच मध्यस्थता करवा रहे वकीलों से बातचीत की.

## घुसपैठी झारखंड को बनाना चाहते हैं जिहादखंड : मरांडी

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूला मरांडी ने कहा है कि झारखंड में हो रही बांग्लादेशी घुसपैठ सिर्फ क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है... आए दिन बांग्लादेशी घुसपैठियों आदिवासी भाई बहनों की जमीन और संसाधनों पर कब्जा जमाकर झारखंड को जिहादखंड बनाना चाहते हैं और राज्य सरकार न सिर्फ इस मामले पर चुप्पी साधे है, बल्कि अवैध घुसपैठियों को बसाने में भी मदद कर रही है. ट्वीट में आगे लिखा है कि जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार द्वारा हाईकोर्ट के आदेश की लगातार धज्जियां उड़ाई जा रही है. आदिवासी समाज के जल जंगल जमीन की कीमत लगाई जा रही है. अवैध घुसपैठियों को वोट बैंक की राजनीति करने के लिए सरंक्षण दिया जा रहा है. ऐसी झारखंडविरोधी ठगबंधन सरकार का समय निकट आ गया है. इन पैसों के प्यासे, नफरत की दुकान के संचालकों को सबक सिखाने के लिए जनता बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है.



#### जिस दिन से हेमंत सीएम बने हैं, संसाधनों पर है उनकी बुरी नजर

बाबूलाल ने दूसरे ट्वीट में कहा है कि हेमंत सोरेन जिस दिन से राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं, तब से राज्य के सभी संसाधनों पर उनकी बुरी नजर है. वह संसाधन जो राज्य को आर्थिक मजबूती देते हैं, अब उन सारे संसाधनों का इस्तेमाल हेमंत सोरेन को राजनैतिक मजबूती देने के लिए किया जा रहा है. हेमंत सोरेन को अवगत करा दें कि राज्य के संसाधनों पर सबसे पहला हक यहां के आदिवासियों का, यहां के मूलनिवासियों का है और इस हक को अगर हेमंत सोरेन उनसे छीनने की कोशिश करेंगे, तो हम उनकी इस कोशिश को नाकामयाब करेंगे.

## गोवा भेजे गये 820 ईसाई धर्मावलंबी



**रांची।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हटिया स्टेशन से गोवा के लिए पर्यटक स्पेशल ट्रेन खुली. राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस ट्रेन से झारखंड के 820 ईसाई धर्मावलंबियों को गोवा की यात्रा पर भेजा गया. इसमें रांची के 77 धर्मावलंबी भी शामिल हुए. मौके पर पर्यटन निदेशक अंजलि यादव, जेटीडीसी के जीएम आलोक प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी व नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे.

## प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न विभागों की हुई बैठक

# समाज की समस्याओं से रूबरू होकर त्वरित करें निराकरण: राजेश ठाकुर

प्रमुख संवाददाता। रांची

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी विभाग के अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग समाज के अलग-अलग वर्गों से जुड़े हुए हैं. उनकी जिम्मेवारी है कि उस समाज की समस्याओं से रूबरू हो ताकि इसे उचित पटल पर रखकर उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके. इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग बैठक आयोजित करें और इस बैठक में समाज से जुड़े प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर सामाजिक समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करें. वे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न विभागों एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्षों की हुई बैठक में बोल रहे थे. बैठक में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, डाटा एनालिसिस विभाग के अध्यक्ष मौजूद रहे.

#### समस्याओं की सूची और निदान का तैयार करें फोल्डर

राजेश ठाकुर ने कहा कि सभी समस्याओं की सूची और उसके निदान का एक फोल्डर तैयार करें. केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 10 वर्षों में अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग के खिलाफ जितने भी निर्णय लिए गए हैं, उसे बिंदुवार और स्पष्ट रूप से जनता के बीच रखें ताकि जनता इनके कारनामों को भूल न सके. उन्होंने कहा कि उनके सलाहकारों द्वारा सामाजिक विषमता को बढ़ाने का हर संभव प्रयास किया गया लेकिन जनता इनके नब्ज को पहचान चुकी थी. इस कारण चुनाव में इन्हें मुंह की खानी पड़ी । इसका सिलसिला लगातार जारी है. भारत के संविधान को बदलने का मंसूबा पालने वाले संविधान हत्या दिवस मनाने की बात कर रहे हैं. यदि भारतीय लोकतंत्र में जनता के सहयोग से कांग्रेस ने संविधान की रक्षा न की होती तो आज मोदी प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नहीं होते.

## सरकार आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण के लक्ष्य प्राप्त करने में विफल : पुष्कर महतो

**रांची ।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक हिनू स्थित कार्यालय में हुई. बैठक में राज्य सरकार द्वारा एक लाख झारखंड आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रही है. बिना लक्ष्य प्राप्त किये ही आयोग का कार्यकाल आज समाप्त कर दिया गया. सरकार एक लाख आंदोलनकारियों के चिंहितीकरण के लक्ष्य को पूरा करने में विफल रही है. आयोग द्वारा मात्र 35 से 36 हजार आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण का कार्य ही पूरा हो सका है बाकी लक्ष्य से 70 हजार से पीछे हैं. बैठक में आंदोलनकारियों ने सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया है, रोष व्यक्त करने वालें आंदोलनकारियों में केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, आसमान सुंडी, मुरलीधर प्रसाद, नवाज सद्दीकी, वीरेंद्र ठाकुर, प्रदीप सिन्हा आदि शामिल थे.

## असंवैधानिक अधिसूचना को राष्ट्रपति से रद्द करने का मांग करता हूं : झामुमो

# भाजपा संविधान की हत्या कर रही : सुप्रियो

संवाददाता। रांची



### खास बातें

- भाजपा को खारिज करने की तैयारी जनता कर चुकी है
- सिंगल डिजिट पर भाजपा को झारखंड में रोकेंगे

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि भारत के राजपत्र में तिथि को सूचित किया गया. दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और उस लोकतंत्र की बुनियादी ढांचा संविधान है. भारत सरकार उसकी हत्या का दिवस मनाएगा. लोकसभा चुनाव में भाजपा का संविधान बदलने का नियत सामने आया. 400 पार का नारा लगाया गया. उनकी बेचैनी 303 सीट से उतर कर 240 सीट पर आ गई. 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है. यह अजीब विडंबना है, जिस संविधान को हम पूजते हैं भाजपा के लोग उसकी हत्या करना चाहते हैं. वे शनिवार को हरमू स्थित झामुमो कार्यालय में पत्रकारों से रुबरू होते हुए बोल रहे थे.

उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को संविधान की धारा का पालन करते हुए देश में आपातकाल लगाया गया था. उस संदर्भ में जहां के नागरिक अधिकार को दो वर्ष के लिए निलंबित किया गया था. यह संविधान से बाहर का चीज नहीं था, यह देश के कालखंड का काला अध्याय था. 1962 और 1971 के जंग में भी आपातकाल लगाया गया था. भारतीय जनता पार्टी ने इस संविधान के आधार के तहत 365 के अधिकार का उपयोग किया है और राष्ट्रपति शासन भी लगाया था. संविधान और लोकतंत्र की हत्या का पहला मुहर 25 मई 2014 को लगा था. जब नरेंद्र मोदी की पहली बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले रहे थे. पहली बार आर्थिक आपातकाल भाजपा और नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर 2016 को लगाया था नोटबंदी के रूप में. तब लाखों की संख्या में लोग बेरोजगार कर दिए गए. फिर आपातकाल की घोषणा कोरोना काल में की गई. बिना किसी तैयारी के नागरिक आपातकाल लगाया गया. देश में संपूर्ण लॉकडाउन के तहत लाखों लोग मरने की विवश हुए. किसानों पर आपातकाल लगाया गया तीन कृषि कानून लाकर. 750 लोग शहीद हुए 13 महीने के आंदोलन में नीट, व्यापम के कारण छात्रों पर आपातकाल लगा हाथरस, कठुआ में महिलाओं युवाओं पर आपातकाल लगाया गया औद्योगिक विकास के विरुद्ध आपातकाल लगाया गया है. यूजीसी, यूपीएससी, ईसीआई विश्वविद्यालय सभी संस्थानों पर हमला किया जा रहे है. दिल्ली विश्वविद्यालय में एक मसौदा लाया गया कि अब मनुस्मृति पढ़ना पड़ेगा. लांकि दिल्ली यूनिवर्सिटी ने इसे खारिज कर दिया. उन्होंने कहा कि यह भी एक आपातकाल है. एनआईए के बिना किसी सबूत के 6-6 साल से लोग जेल में बंद हैं. भाजपा के लोग मानवाधिकार को समाप्त कर रहे हैं. संविधान की हत्या रोज किया जा रहा है. इसलिए भाजपा के लोगों को याद आ रहा है कि 25 जून संविधान की हत्या का दिवस है. मैं और हमारी पूरी पार्टी इस घोषणा का विरोध करते हैं. भारत सरकार से इस असंवैधानिक अधिसूचना को माननीय राष्ट्रपति से रद्द करने का मांग करता हूं. तय समय पर चुनाव के लिए झारखंड पूरी तरह से तैयार हो रहा है.


### क्लासिफाइड

PLEASE SEND YOUR RESUME FOR AN INDUSTRIAL AUTOMATION ORGANISATION, MOSTLY ENGAGED WITH PRESTIGIOUS PROJECTS IN

TATA STEEL, UCIL, ISRO, BARC ETC.

1. MARKETTING MANAGER : SALARY 2.4 LAKHS PA, ITI, DEE, BEE FOR JAMSHEDPUR, SALES PLC SCADA HMI KNOWLEDGE, experience 2 years
2. OFFICE ASSISTANT : SALARY 2.4 LAKHS PA, Graduate with 5 Years Work Experiance Computer Proficient, Knowledge About Tender and TATA STEEL PROCUREMENT

MAIL CV : pradeep_wk@yahoo.com


















राज्यभर की खबरें के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, रविवार 14 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3 ● वर्ष : 2, अंक : 96 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबर

### एसपी ने आरआईटी थाना का किया निरीक्षण

**आदित्यपुर** ।शनिवार को पुलिस अधीक्षक सरायकेला-खरसांवा ने आरआईटी थाना का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से थाना क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी प्राप्त करते हुए अपराध नियंत्रण, गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान, विधि-व्यवस्था संधारण, मादक पदार्थों के खरीद-फरोख्त पर रोकथाम तथा लंबित कांड एवं वारंट के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

### यूसिल कर्मियों का महंगाई भत्ता 0.04 प्रतिशत बढ़ा

**जादूगोड़ा** । जुलाई में यूसिलकर्मियों के महंगाई भत्ता में मात्र 0.04 प्रतिशत की बढ़ोतरी से यूसिल के मजदूरों में मायूसी है. 80 हजार से अधिक बेसिक वालों के वेतन में 400 रुपये की बढ़ोतरी की संभावना है, जबकि कम बेसिक वाले के वेतन में 250 रुपये तक की बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है. इस बढ़ोतरी के बाद कंपनी कर्मियों का कुल मंहगाई भत्ता 40.04 प्रतिशत तक पहुंच गया है.

### राजभवनकर्मी से मारपीट शर्मनाक : डॉ. अजय

**जमशेदपुर** । पूर्व सांसद सह कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य डॉ. अजय कुमार शनिवार को ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के परिवार पर हमलावर दिखे. ओडिसा के राज्यपाल के बेटे ललित कुमार के द्वारा वहां के राजभवन कर्मचारी के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की घटना की निंदनीय की तथा इसे बेहद शर्मनाक बताया. कहा कि राज्यपाल के परिवार के लिए यह कोई नई बात नहीं है.

### घाघीडीह बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण

**जमशेदपुर** । उपायुक्त अनन्य मित्तल ने शनिवार को घाघीडीह स्थित बाल सुधार गृह व संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया. मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी टोप्पो उपस्थित मौजूद थी. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पूरे परिसर की जांच की. साथ ही सीसीटीवी से निगरानी का भी जायजा लिया.

### चाय बनाने के दौरान आग से झुलसी महिला, मौत

**जमशेदपुर** । टेल्को थाना अंतर्गत मनीफीट निवासी 45 वर्षीय सुनिता देवी चाय बनाने के दौरान आग की चपेट में आकर झुलस गई. घटना शुक्रवार शाम की है. घटना के बाद परिजनों ने आग पर काबू पाया और सुनिता को इलाज के लिए टीएमएच लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वह घर पर आए मेहमानों के लिए चाय बना रही थी. फिलहाल पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है.

### देवर और सास-ससुर पर लगाया मारपीट का आरोप

**जमशेदपुर** ।उलीडीह थाना अंतर्गत शिव मंदिर लाइन निवासी अन्नु कुमारी ने अपने देवर आशीष सोनी, सास आशा देवी, ससुर मधुसुदन और ननद के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया है. शिकायत में बताया है कि आरोपियों द्वारा लगातार मारपीट की जाती है. शुक्रवार को भी सभी ने मिलकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गई. इधर, घटना के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### सहायक आचार्य परीक्षा में चिटिंग करते पकड़ाया

**जमशेदपुर** । उलीडीह थाना अंतर्गत के शंकोसाई रोड नंबर 5 स्थित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में चल रहे सहायक आचार्य शिक्षक परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी को चिटिंग करते रंगे हाथ पकड़ा गया. घटना शुक्रवार की है. इस संबंध में केंद्राधीक्षक परितोष रंजन के बयान पर उलीडीह थाना में गोड्डा के सुंदरपहाड़ी निवासी जंग बहादुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. राज्य में सहायक आचार्य शिक्षक भर्ती परीक्षा कई केंद्रों में संचालित हो रही है.

## जमशेदपुर में जेएसएफसी गोदामों का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया औचक निरीक्षण, गड़बड़ियों पर भड़के

# साकची गोदाम बंद कर फरार हुए एजीएम, बर्मामाइंस में स्टॉक रजिस्टर गायब

- गरीबों का निवाला खाने वालों को नहीं बख्शेंगे : बन्ना गुप्ता

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

खाद्य आपूर्ति विभाग का जिम्मा मिलने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं शिकायतों को लेकर एक्शन मोड में आ गए हैं. दो दिन पहले ही उन्होंने गडरू गोदाम का निरीक्षण किया था. जहां भारी अनियमितता मिली थी. शनिवार को मंत्री ने जमशेदपुर अनुभाजन क्षेत्र में स्थित झारखंड स्टेट फूड कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसएफसी) गोदामों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि गरीबों का निवाला खाने वालों को वे नहीं बख्शेंगे. उन्होंने कहा कि निरीक्षण में गड़बड़ियां मिली हैं. स्टॉक रजिस्टर गायब हैं, महीनों से स्टॉक का मिलान नहीं किया गया है. माप-तौल का सर्टिफिकेशन नहीं किया गया है. इसके लिए जो भी जिम्मेदार होंगे उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

इससे पहले दोपहर में मंत्री साकची स्थित गोदाम का निरीक्षण करने पहुंचे. लेकिन भनक मिलते ही गोदाम के एजीएम समेत सारे कर्मचारी-मजदूर गोदाम का ताला बंद करके फरार हो गए. वहां से मंत्री का काफिला बर्मामाइंस पानी टंकी स्थित गोदाम पहुंचा. मंत्री के वहां पहुंचते ही हड़कंप मच गया. हालांकि मौके पर मौजूद कोई भी कर्मचारी वहां से नहीं भागा. मंत्री को वहां स्टॉक रजिस्टर नहीं मिला. उन्होंने मजदूरों से गोदाम में रखा चावल, गेहूं एवं अन्य खाद्य सामग्री के बोरे गिनवाये तथा अपने निजी सहायक से नोट करवाया. इस दौरान एसडीओ (धालभूम) पारूल सिंह वहां मौजूद रहीं.

मंत्री को प्रखंड कार्यालय (खासमहल) स्थित गोदाम का निरीक्षण करना था. लेकिन विलंब होने के कारण उन्होंने बर्मामाइंस थाना प्रभारी को उक्त गोदाम पहुंचकर वहां के सारे कागजात जब्त करने का निर्देश दिया. मंत्री के आदेश पर थाना प्रभारी ने रजिस्टर समेत सारे कागजात जब्त किए. इसी बीच कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (प्रभारी) सुमित प्रकाश को गोदाम में रखे आनाज का सत्यापन करने का निर्देश दिया. सुमित प्रकाश एवं एजीएम कालीपदो पाल ने मजदूरों से बोरे गिनवाये.

मंत्री ने कहा कि कडरू स्थित गोदाम में मजदूरों को प्रति बोरा 7.74 रुपया दिया जाता है. जबकि बर्मामाइंस में मजदूरों को 4.50 रुपया मिल रहा है. पूछने पर डीएसओ एवं एजीएम (सहायक गोदाम प्रबंधक) कोई जवाब नहीं दे पाए. मंत्री के निरीक्षण के दौरान बर्मामाइंस गोदाम में वर्ष 2017-18 में खरीदा गया नमक पाया गया. मंत्री ने पूछा कि इसका वितरण क्यों नहीं हुआ तो सारे अधिकारी निरुत्तर हो गए.

### दाल-भात केंद्र में मंत्री ने खाया खाना

साकची 9 नंबर स्टैंड के समीप जेएसएफसी के गोदाम का निरीक्षण के दौरान मंत्री ने वहां चल रहे दाल-भात केंद्र को खुला पाया. जबकि गोदाम बंद मिला. दाल-भात केंद्र पहुंचकर मंत्री ने वहां के कार्यरत महिलाओं से बातचीत की. इस दौरान मंत्री ने टूटे हुए स्टूल पर बैठकर दाल-भात खाया. स्वादिष्ट भोजन होने पर उन्होंने महिला समूह को साधुवाद दिया.



# स्वास्थ्य विभाग के घोटालों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो अदालत जाएंगे : सरयू राय

## बोले- ठोस सबूत उपलब्ध कराने के बाद भी सरकार के स्तर पर नहीं हो रही कार्रवाई

### खास बातें

- घोटालों को लेकर विधानसभा में भी सवाल उठा चुके हैं
- ऊंची दर पर दवा खरीदने की साजिश का आरोप
- ट्रांसफर-पोस्टिंग में भी नियमों का उल्लंघन

**विशेष संवाददाता । रांची**

विधायक सरयू राय ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग के घोटालों पर सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं हुई, तो वह कोर्ट में शिकायत दर्ज कराएंगे, ताकि मामलों की जांच हो सके. उन्होंने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य विभाग में दवा खरीद घोटाला, कोविड प्रोत्साहन राशि घोटाला, अवैध स्थानांतरण घोटाला हुए हैं. इन घोटालों को लेकर उन्होंने विधानसभा में भी सवाल उठायें हैं.

उनके सवालों पर विधानसभा अध्यक्ष का नियमन भी है. इसके बाद भी सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं की जा रही है. उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव को भी पूरे मामले की जानकारी दी है. साथ ही घोटालों के संबंध में ठोस सबूत उपलब्ध कराये हैं. उन्होंने कहा है कि विगत वर्षों में मेरे द्वारा ठोस सबूतों के आधार पर उठाये गये और कई बार सीमांकित किये गये स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य मंत्री के भ्रष्ट आचरण पर राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की. यदि जुलाई माह में सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो मुझे इस संबंध में न्यायालय की शरण लेने पर विवश होना पड़ेगा और वहां से जांच का आदेश हासिल करेंगे. सरयू राय ने कहा कि वरीय चिकित्सकों के अनियमित स्थानांतरण-पदस्थापन के मामलों की सूची मैंने सरकार को दी. जिस वेतनमान के चिकित्सकों का स्थानांतरण-पदस्थापन का अधिकार मुख्यमंत्री और उनकी अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति को है, उनका स्थानांतरण-पदस्थापन भी स्वास्थ्य मंत्री ने दर्जनों बार अपने स्तर से ही कर दिया. विधानसभा अध्यक्ष ने इस बारे में सदन में नियमन दिया, परंतु इसका क्रियान्वयन भी सरकार ने नहीं किया. स्थानांतरण-पदस्थापन के इस खेल का सीधा संबंध दवाओं एवं मेडिकल उपकरणों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार से है.

### सरयू राय ने मुख्य सचिव को क्या लिखा है पत्र में

सरयू राय ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि कोविड प्रोत्साहन राशि घोटाला में तो स्वास्थ्य मंत्री ने अनुचित तरीके से प्रोत्साहन राशि स्वयं के बैंक खाता में डालने के लिए विपत्र प्रोजेक्ट भवन कोषागार में समर्पित किया है. अपने मंत्री कोषांग के नाम पर 59 कर्मियों को कोविड प्रोत्साहन राशि देने का निर्देश दिया है, जबकि मंत्री कोषांग में अधिकारियों एवं कर्मियों की संख्या मात्र छह होती है. मैंने मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य मंत्री के ऐसे भ्रष्ट आचरण से सप्रमाण अवगत कराया, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई. उल्टे स्वास्थ्य विभाग ने मुझ पर ही ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट के अधीन मुकदमा दर्ज करा दिया. पत्र में आगे लिखा है कि स्वास्थ्य विभाग में निविदा के आधार पर दवाओं की खरीद का न्यूनतम मूल्य निर्धारित होने के बाद मनोनयन के आधार पर ऊंची दर पर दवाओं की खरीद करने की साजिश हुई. इसके लिए तथ्य छुपा कर स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मंत्रिपरिषद में संलेख प्रस्तुत किया गया. मंत्रिपरिषद की आंख में धूल झोंक कर सरकारी खजाने पर करोड़ों रुपये की चपत जान-बूझकर लगाई गई. भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में भी आजतक कोई कारवाई नहीं हुई.



### गड़बड़ियों पर लगातार बोलते रहे हैं सरयू राय

उल्लेखनीय है कि सरयू राय स्वास्थ्य विभाग में हुई गड़बड़ियों को लेकर लगातार बोलते रहे हैं. कई बार उन्होंने गड़बड़ियों के बारे में दस्तावेज जारी कर घोटालों को सार्वजनिक किया है. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विभाग के अधिकारियों पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाये हैं. उनके द्वारा लगाये गए आरोपों की जांच अब तक शुरु नहीं हो पायी है. इतना ही विभाग की तरफ से सरयू राय के खिलाफ दस्तावेज गायब करने के आरोप में रांची के डोरंडा थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है, जिसकी जांच जारी है. वहीं, सरयू राय ने ने भी पिछले दिनों डोरंडा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करायी है.

# बिजली चोरी के खिलाफ 610 घरों पर छापामारी

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

झारखंड बिजली वितरण निगम बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त हो गया है. शनिवार को कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों में 610 जगहों पर छापामारी की गई. जिसमें घाटशिला, मानगो, जमशेदपुर, चाईबासा, चक्रधरपुर, सरायकेला, आदित्यपुर विद्युत डिवीजन के क्षेत्र शामिल हैं. छापामारी के दौरान राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले 73 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मामला विभिन्न थानों में दर्ज किया गया. साथ ही बिजली चोरी के आरोपियों पर 16.92 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है.

महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि जमशेदपुर सर्किल में 382 घरों में छापेमारी की गई, 47 लोगों पर एफआइआर दर्ज किया गया है. इन सभी पर 13.07 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. चाईबासा सर्किल में 228 घरों में छापेमारी की गई, जिसमें 26 लोगों पर एफआइआर दर्ज हुआ है. चाईबासा सर्किल में 3.84 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है. महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि बिजली चोरी को लेकर निगम गंभीर है. बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी.


# नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड 218919 केस का निष्पादन

**जमशेदपुर** । जमशेदपुर सिविल कोर्ट में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रिकार्ड कुल 218919 मामलों का निष्पादन किया गया. इस दौरान 42 करोड़ 35 लाख 88 हजार 111 रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई. मामलों के निष्पादन के लिए 10 से ज्यादा बेंच का गठन किया गया था. इससे पहले सुबह झारखंड हाईकोर्ट रांची के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति डॉक्टर बीआर सारंगी ने ऑनलाइन नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन किया. उसके बाद यहां त्वरित सुनवाई शुरू हो गई. कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश अजीत कुमार सिंह, स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, जिला बार एसोसिएशन तदर्थ कमेटी के अध्यक्ष लाला अजित अंबष्ट, डालसा के सचिव राजेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद थे.

# पांच वैन से 33 मवेशी बरामद, चालक फरार

- ईचागढ़ के दारूदा के पास पकड़ाए सभी वाहन
- तीन मवेशी मृत पाए गये

**संवाददाता । जमशेदपुर**



वाहन जांच अभियान के दौरान पकड़े गए पांच पिकअप वैन.

टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर ईचागढ़ थाना क्षेत्र के दारूदा के पास वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने पांच पिकअप वैन से तस्करी कर ले जाते 33 मवेशी बरामद किए हैं. इनमें तीन मवेशी मृत अवस्था में मिले हैं. इस संबंध में ईचागढ़ थाना में पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा, गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम की धारा समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.


मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिले के पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 से कुछ पिकअप वाहन में मवेशियों की अवैध तस्करी की जा रही है. इसके बाद पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार छापामारी दल का गठन किया गया. छापामारी दल ने एनएच 33 पर दारूदा स्थित छोटू लाईन होटल के पास वाहन चेकिंग शुरू की. चेकिंग के दौरान एक साथ पांच पिकअप वैन नागासोरेंग की तरफ से आते दिखाई दिए. वाहन जांच होता देखकर सभी वाहन के चालक अपने-अपने वाहन को जांच स्थल से पहले थोड़ी दूरी पर खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए. सभी पिकअप वाहन की जांच करने पर सभी वाहनो में कुल 33 गोवंशीय पशु पाया गया. जिसमें से तीन पशु मृत अवस्था में पाए गए.

पुलिस ने बताया कि सभी पिकअप वाहन और गोवंशीय पशु को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है. वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने पशु लदे पिकअप वाहन रजिस्ट्रेशन संख्या डब्ल्यूबी 35-3865, बीआर 26 जीबी 5099, बीआर 03जीबी 9949, बीआर 03जीबी 5786 और बीआर 44जीए 4171 को जब्त किया है. पुलिस ने इन वाहनों से कुल 33 मवेशी बरामद किए हैं. छापामारी दल में ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, चौका थाना के पुअनि भगवान प्रसाद गौड़, चौका और ईचागढ थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

# स्वर्णरेखा फ्लैट के तीन घरों को बनाया निशाना, नकद समेत गहनों की चोरी

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

साकची थाना अंतर्गत स्वर्णरेखा फ्लैट के तीन फ्लैट में चोरों ने शुक्रवार देर रात हाथ साफ कर दिया. हालांकि चोर सिर्फ एक फ्लैट में ही चोरी कर पाए जबकि तीन फ्लैट का ताला तोड़ दिया. चोरों ने घटना को तब अंजाम दिया जब घर पर सभी सो रहे थे. चोरों ने फ्लैट नंबर 115 निवासी अरविंद ठाकुर के फ्लैट से दस हजार नकद, बेटी का गुल्लक समेत गहने चुराए जबकि फ्लैट नंबर 86 निवासी प्रकाश महतो और फ्लैट नंबर 63 निवासी मनोज ठाकरे के फ्लैट का ताला तोड़ा. चोर इन दो फ्लैटों का ताला तोड़कर अंदर भी घुसे पर घर के सभी कमरों में लोग सो रहे थे इसलिए चोर वापस लौट गए. सुबह चोरी की जानकारी मिलने पर लोगों में आक्रोश देखा गया. इस संबंध में साकची थाना में लिखित शिकायत भी की गई है.



अरविंद ठाकुर ने बताया कि रात 10 बजे वह घर आए और रात 12 बजे अपने कमरे में सोने चले गए. घर के सदस्य बाहर गए थे. सुबह जब उनकी नींद खुली तो देखा की दूसरे कमरे का सामान बिखरा पड़ा है. जांच करने पर पता चला की फ्लैट में चोरी हो गई है. चोरों ने मेन गेट में लगा ताला तोड़ा और घर में घुसे. इसके बाद चोरों ने मनोज ठाकरे और प्रकाश महतो के फ्लैट का भी ताला तोड़ा पर उनके घरों के सभी कमरों में लोग सो रहे थे जिस कारण चोर उनके घर चोरी नहीं कर पाए. अरविंद के अनुसार चोरों ने नकद समेत एक लाख के सामानों की चोरी की है.

सोसायटी के प्रेसिडेंट बीके मिश्रा ने बताया कि सोसाइटी की बाउंड्री वॉल टूटी है जहां से असामाजिक तत्व घुस आते हैं. इसको लेकर पूर्व में टाटा स्टील यूआईएसएल से शिकायत की गई है पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. चोरों ने सोसाइटी में घुसने के लिए उसी टूटी बाउंड्री वॉल का प्रयोग किया है. इसको लेकर एक बार फिर टाटा स्टील यूआईएसएल को पत्र लिखा जाएगा.

## परेशानी पूर्वी सिंहभूम की 70 पंचायतों ने मानक से कम खर्च की विकास निधि

# जमशेदपुर प्रखंड की रेल क्षेत्र की सभी पंचायतें रेड जोन में

**सुनील पांडेय । जमशेदपुर**

ग्रामीण विकास मद में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई निधि खर्च करने में ग्राम पंचायतें पिछड़ रही हैं. पंचायती राज विभाग पूर्वी सिंहभूम ने जिले की 70 पंचायतों को विभाग की ओर से तय मानक से नीचे पाए जाने पर रेड जोन में डाल दिया है. उक्त सभी पंचायतों को पत्र भेजकर परफॉर्मेंस सुधारने के लिए कहा गया है. विभाग के इस पत्र से मुखिया एवं पंचायत समिति की बेचैनी बढ़ गई है. जानकारी के अनुसार पंचायत समिति के लिए विभाग ने 78.60 प्रतिशत को औसत मानक तय किया है. 75 प्रतिशत तक राशि खर्च करने वालों को येलो जोन में रखा गया है. जबकि 70 प्रतिशत से नीचे पैसा खर्च करने वालों को रेड जोन में रखा गया है. इसी तरह ग्राम पंचायतों के लिए 83.5 प्रतिशत को औसत मानक रखा गया है. 82 प्रतिशत राशि खर्च करने वालों को येलो जोन तथा 80 प्रतिशत से कम परफॉर्मेंस वाली पंचायतों को रेड जोन में रखा गया है. पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर प्रखंड ऊपरी पायदान पर है. वहां की 20 पंचायतें रेड जोन में हैं. जिसमें अधिकांश रेलवे क्षेत्र की पंचायतें हैं.

### जिले की रेड जोन में शामिल पंचायतें

| प्रखंड | पंचायत | रेड जोन |
|---|---|---|
| बहरागोड़ा | 26 | 7 |
| बोड़ाम | 12 | 03 |
| चाकुलिया | 19 | 07 |
| डूमरिया | 10 | 04 |
| घाटशिला | 22 | 02 |
| जमशेदपुर | 55 | 20 |
| गुड़ाबांधा | 08 | 03 |
| मुसाबनी | 19 | 03 |
| पटमदा | 15 | 04 |
| पोटका | 34 | 08 |
| कुल | 231 | 70 |

### विकास कार्य पर रोक से कैसे बढ़ेगा परफॉर्मेंसः मुखिया संघ

मुखिया संघ पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष पलटन मुर्मू ने बताया कि विकास मद की राशि खर्च करने में पिछड़ने पर पंचायतों से स्पष्टीकरण पूछा जाता है. लेकिन विकास कार्य पर रोक लगायी गई है. इसकी चिंता किसी को नहीं है. रेलवे क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों में कई महीनों से विकास कार्य बंद है. जबकि दूसरे जन प्रतिनिधियों का फंड वहां खर्च किया जा रहा है. इस मामले से सांसद, विधायक व डीसी को अवगत कराया गया है. रोक हटने पर विकास कार्य पुनः शुरू होगा.

**ज्ञान केंद्र के लिए राशि आवंटित**

जिले की पंचायत भवनों में ज्ञान केंद्र खोला जाना है. इसके लिए राज्य सरकार की ओर से प्रत्येक पंचायत को 4.20 लाख रुपया आवंटित किया जाएगा. जिले में पहले फेज में 27 पंचायतों को राशि आवंटित कर दी गई है. जबकि दूसरे फेज में 51 पंचायतों को रखा गया है. उक्त राशि से ज्ञान केंद्र में एक सुसज्जित पुस्तकालय स्थापित किया जाएगा. जिसके लिए उपस्कर खरीदे जाएंगे. ज्ञान केंद्र का संचालन ग्राम पंचायत स्तर पर गठित पुस्तकालय प्रबंधन समिति करेगी. जिसकी अध्यक्ष पंचायत की मुखिया होंगी. समिति में पंचायत क्षेत्र के बुद्धिजीवी, शिक्षित लोगों को रखा जाएगा.

### रिव्यू का तरीका है : डीपीआरओ

जिला पंचायती राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) रिंकु कुमारी ने बताया कि विकास कार्य के तहत राशि खर्च करने में पिछड़ने वाली पंचायतों को रिव्यू के आधार पर परफॉर्मेंस तय किया जाता है. उसी आधार पर रेड जोन, येलो तथा ग्रीन जोन में रखकर परफॉर्मेंस तय किया गया है. परफॉर्मेंस सुधर जाने पर वे स्वतः रेड जोन से येलो अथवा ग्रीन जोन में पहुंच सकते हैं.

# नेवी अधिकारी से साइबर ठगी में युवक गिरफ्तार

- साइबर अपराधियों ने 96 लाख की कर ली थी ठगी
- तीन आरोपियों की पूर्व में हो चुकी है गिरफ्तारी

**संवाददाता । रांची**

नेवी ऑफिसर से 96 लाख की साइबर ठगी मामले में सीआईडी ने युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी दिनेश मंडल पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिले का रहने वाला है. इसको लेकर सीआईडी ने शनिवार को जानकारी दी.

इससे पहले सीआईडी इस मामले में महाराष्ट्र के ठाणे स्थित भाइंदर थाना क्षेत्र के मनीराम निवासी पाल प्रदीप मनीराम, पश्चिम बंगाल के कोलकाता साल्ट लेक थाना क्षेत्र के अजय कुमार और रांची से एक महिला को गिरफ्तार किया था.

नेवी अधिकारी संजीव कुमार ने तीन मई को साइबर अपराध थाने में लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराई थी. बताया था कि साइबर अपराधियों ने व्हाट्स ऐप के माध्यम से उनसे संपर्क किया था. इसके बाद व्हाट्स एप पर ही एक लिंक के माध्यम से निवेश करते हुए मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन दिया. झासे में फंस कर नेवी अधिकारी ने 96.2 लाख रुपये का हस्तांतरण कर दिया था.

प्राथमिकी के बाद साइबर अपराध थाने की पुलिस ने व्हाट्स ऐप चैट और लिंक की छानबीन शुरू की. पता चला कि कांड में प्रयुक्त फर्जी इंवेस्टमेंट वेबसाइट का आइपी एड्रेस अलीबाबा क्लाउड चीन का पाया गया. वित्तीय हस्तांतरण विश्लेषण में कांड में प्रयुक्त बैंक खाते के ट्रांजेक्शन के आइपी का सर्वर जापान, हांगकांग व चीन में पाया गया.

### ब्रीफ खबरें

#### विधायक के इशारे पर समर्थक बांट रहे हैं फॉर्म

**जमशेदपुर** । आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति ने जुगसलाई के विधायक पर हमला बोलते हुए बहन बेटी मई कुई प्रोत्साहन योजना का फॉर्म आम लोगों के बीच बंटवाने का आरोप लगाया. पार्टी ने विधायक समर्थकों द्वारा फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉर्म के प्रचार-प्रसार का स्क्रीन शॉट जारी किया. जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधायक समर्थकों द्वारा आम जनता को दिग्भ्रमित किया जा रहा है. उन्होंने जिले के उपायुक्त से इस गंभीर मामले में कार्रवाई की मांग की.

#### प्रखंड से साइकिल ले जाने में छात्रों को हो रही परेशानी

**घाटशिला** । झारखंड सरकार की ओर से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को प्रखंड कार्यालय से दी जा रही साइकिल ले जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूमरो एवं झाटीझरना उच्च विद्यालय के बच्चे 25 से 30 किलोमीटर की दूरी तय करके सुबह 8 बजे घर से साइकिल लेने प्रखंड मुख्यालय पहुंचे. उन्हे दोपहर 2.30 बजे साइकिल मिला. अपने पैसे से बच्चों को दोपहर का भोजन कराना पड़ता है. फिटिंग कर रहे मिस्त्री से हवा देने के लिए पंप मांगने पर नहीं देते हैं.

#### 70 ईसाई धर्मावलंबी तीर्थ दर्शन के लिए गोवा रवाना

**जमशेदपुर** । मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम के 70 सदस्यीय ईसाई धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) का एक जत्था शनिवार को समाहरणालय परिसर से गोवा के लिए रवाना हुआ. यहां से सभी हटिया रेलवे स्टेशन जाएंगे. जहां से सभी ट्रेन से गोवा पहुंचेंगे. उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए दो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 19 जुलाई को समाप्त होगी. नोडल अधिकारी मनीष जोंकों और सहायक हेमवती पिंगुवा एवं सुशीला को भेजा गया है.

#### रोटरी क्लब का 30वां इंस्टालेशन संपन्न

**जमशेदपुर** । रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी शाखा का 30वां इंस्टालेशन कार्यक्रम आदित्यपुर स्थित ऑटो क्लस्टर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया. जिसमें सत्र 2024-25 के नव नियुक्त अध्यक्ष व सचिव क्रमश रोटेरियन शिवानी गोयल और सचिव रोटेरियन डा. प्रियंका सिंह को पदभार सौंपा गया. साथ ही उन्हें क्लब की भावी कार्ययोजना से अवगत कराया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरायकेला-खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला ने संस्था के जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की.

#### खड़ंगाझार में झामुमो कार्यालय का उद्घाटन

**जमशेदपुर** । जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं. शनिवार को उन्होंने पश्चिमी घोड़ाबंधा पंचायत अंतर्गत खड़ंगाझार में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन किया.मौके पर कहा कि पार्टी कार्यालय का उद्घाटन क्षेत्र में पार्टी को पूर्ण रूप से सशक्त व मजबूत बनाने के लिए किया गया है. क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं को यहां रख सकते हैं. जिससे उनकी समस्या का समाधान कार्यालय द्वारा किया जाएगा. विधायक ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा में विकास को गति मिली है.

#### टायर फटने से डिवाइडर से टकराई कार, बचे दंपती

**जमशेदपुर**। साकची थाना अंतर्गत जुबली पार्क मुख्य गेट के पास शनिवार शाम एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई. इस टक्कर से कार के सभी एयर बैग खुल गए जिससे कार सवार दंपती बाल बाल बच गए. घटना के बाद लोगों ने कार में फंसे दंपति को बाहर निकाला. इस घटना में किसी को चोट नही आई है. महिला का पति उसे चेकअप के लिए अस्पताल लेकर जा रहा था. तभी जुबली पार्क गेट के पास कार का अगला टायर जोर की आवाज के साथ फटा जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई. कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है.

### 25 जुलाई तक अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन, अभ्यर्थियों को क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान जरूरी

# पूर्वी सिंहभूम में चौकीदार के 306 पदों पर होगी सीधी नियुक्ति

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम जिले में चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए प्रमंडलीय आयुक्त का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है. दसवीं पास युवक थानावार होने वाली बहाली में भाग ले सकते हैं. इसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में नियुक्ति समिति का गठन किया गया. जिले में कुल 306 पदों पर नियुक्ति की जानी हैं. इसमें अनारक्षित श्रेणी के 160, अनुसूचित जन जाति के 72, अनुसूचित जाति के 16, पिछड़ा वर्ग के 17 पद तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 41 सीटें आरक्षित की गई हैं.

चौकीदार नियुक्ति की अर्हता पूरी करने वाले अभ्यर्थी 25 जुलाई तक निबंधित डाक, स्पीड पोस्ट अथवा हाथों हाथ उपायुक्त कार्यालय स्थित जिला चौकीदार नियुक्ति कोषांग में आवेदन जमा करा सकते हैं. परीक्षा के लिए कोई शुल्क देय नहीं है. लेकिन सभी जरूरी प्रमाण पत्रों को स्वयं अभिप्रमाणित करते हुए दो सादे लिफाफे पर 26 रुपये का अपना पता लिखा लिफाफा के साथ आवेदन 25 जुलाई तक कोषांग में जमा हो जाना चाहिए. उक्त तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.चौकीदार की बहाली की अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों की पहल 50 अंकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी. जिसमें जिले से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं भाषा के रूप में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के अलावे जनजातीय भाषा यथा मुंडारी, हो, संथाली, कुड़खू तथा क्षेत्रीय भाषा के रूप में कुड़माली, बांग्ला, उर्दू तथा उड़िया भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे. उल्लेखित भाषाओं में से किसी एक भाषा की परीक्षा अभ्यर्थी विकल्प के आधार पर दे सकेंगे. लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा. 50 अंकों की बहुविकल्पीय परीक्षा के लिए डेढ़ घंटे का समय दिया जाएगा.

**पांच मिनट में पूरी करनी होगी एक मील की दौड़**

चौकीदार की बहाली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा से गुजरना होगा. पुरुष अभ्यर्थियों को पांच मिनट में एक मील की दौड़ पूरी करनी होगी. उक्त अवधि में दौड़ पूरी करने वाले को 20 अंक प्रदान किए जाएंगे. जबकि छठे मिनट में पहुंचने वाले को 10 अंक मिलेंगे. उसके बाद दौड़ पूरी करने वाले को कई अंक नहीं मिलेगा. इसी तरह महिला अभ्यर्थियों के लिए आठ मिनट या उससे पहले दौड़ पूरी करने पर 20 अंक तथा 10 मिनट में पूरी करने वालों को 10 अंक प्रदान किया जाएगा. सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक माप 160 सेंटीमीटर होनी चाहिए. जबकि अनुसूजित जाति एवं जनजाति के पुरुष अभ्यर्थियो के लिए 155 सेंटीमीटर एवं महिलाओं के लिए 148 सेंटीमीटर निर्धारित किया गया है.

**आरक्षण रोस्टर के आधार पर कोटिवार पद तय**

# बन्ना गुप्ता ने किया चालीस योजनाओं का शिलान्यास

### जमशेदपुर पश्चिमी विस क्षेत्र में खर्च होंगे 5.81 करोड़

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर



स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में क्रियान्वित होने वाली 40 योजनाओं का शनिवार को शिलान्यास किया. नगर विकास एवं आवास की विभाग की इन योजनाओं पर कुल 5 करोड़ 81 लाख 17 हजार 178 रुपये खर्च होंगे. जिसमें नागरिक सुविधा से जुड़ी 15 योजनाओं पर 2 करोड़ 25 लाख 73 हजार 641 रुपये, सड़क परिवहन मद की 24 योजनाओं पर 2 करोड़ 87 लाख 53 हजार 168 रुपये तथा अमृत 20 मद की एक योजना पर 67 लाख 80 हजार 369 रुपये खर्च किए जाएंगे. उक्त राशि से सामुदायिक भवन का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, छठ घाट निर्माण, तालाब का निर्माण, नाली एवं सड़क का निर्माण शामिल हैं. शिलान्यास के दौरान जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, विधायक सरयू राय के प्रतिनिधि सुररंजन राय समेत अन्य मौजूद रहे. मौके पर मुख्य रूप से इरशाद हैदर, अमित प्रसाद, बिनोद रजक, राजेश रजक, भोला गोस्वामी, सूरज कुमार, राजकुमार दास, जयप्रकाश साहू, अनिल सिंह, जीतेन्द्र सिंह, मनोज झा, राकेश दास, ईश्वर सिंह, माजिद अख्तर, संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, रवि दुबे, मो इरशाद समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

**योजनाएं जनता को समर्पितः बन्ना गुप्ता**

शिलान्यास के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि विकास का कार्य कभी रूका नहीं था. वे व्यक्तिगत रूप से लोगों से मिलकर मंत्रणा करते हैं. उसके बाद योजनाओं का चयन होता है. कहा कि क्षेत्र में विकास की रफ्तार थमे नहीं इसलिए छूटी हुई योजनाओं को इसमें शामिल किया गया है.

# मुहर्रम जुलूस में बाइकर्स गैंग पर रहेगी कड़ी नजर

### जुलूस के रूट में नहीं होगा कोई बदलाव



वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

मुहर्रम को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक शनिवार को रवीन्द्र भवन सभागार में हुई. जिसमें शांति समिति के सदस्यों के अलावे विभिन्न मुहर्रम समिति के लाइसेंसधारी मौजूद रहे. उपायुक्त, एसएसपी समेत जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान सभी अखाड़ा कमिटियों की ओर से रखी गई समस्याओं को सुना गया. वहीं शांति समिति के सदस्यों ने भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की बात कही. उपायुक्त ने सभी अखाड़ा समितियों से कहा कि निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाले जाएंगे. इसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं होगा. पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि जिस मार्ग से मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, उसका पहले ही सत्यापन कर लें. जिले में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी. एसएसपी ने कहा कि जुलूस के दिन पुलिस मुस्तैद रहेगी. बाइकर्स गैंग, नशापान करके हुड़दंग मचाने वालों को नहीं बख्शा जाएगा. उन्होंने अखाड़ा समितियों से 20-20 वोलंटियर्स की सूची संबंधित थाना में जमा कराने के लिए कहा.

**भ्रामक सूचना की जानकारी प्रशासन को दें**

सोशल मीडिया पर यदि किसी तरह की झूठी खबर या अफवाह फैलाई जाती है तो अविलंब इसकी सूचना नजदीकी थाना या प्रशासनिक पदाधिकारियों को देने की बात कही गई. संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, साथ ही सोशल मीडिया पर विशेष टीम नजर रखेगी ताकि किसी भी प्रकार से सामाजिक सौहार्द के वातावरण को कोई शरारती तत्व बिगाड़ नहीं पायें.

#### चंपाई ने की निगम की योजनाओं की समीक्षा

**आदित्यपुर** । नगर निगम क्षेत्र में नगर विकास विभाग के अधीन संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा जल संसाधन मंत्री चंपाइ सोरेन ने शनिवार को की. सुवर्णरेखा परियोजना ईचा कॉम्पलेक्स परिसर में उन्होंने जल संसाधन के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में पेयजल का मुद्दा छाया रहा. आदित्यपुर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली एजेंसी जिंदल के अधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने फटकार लगाई. एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं को समय पर पूरा करें.

## पति व बेटे पर जानलेवा हमले के फरार आरोपी को पिटाई के बाद पुलिस को सौंपा

- 14 जून को गम्हरिया में जमीन कारोबारी पर चलाई थी गोलियां

संवाददाता । आदित्यपुर



रवि मंडल

एक माह पूर्व 14 जून को आदित्यपुर थाना क्षेत्र के शांति नगर में हुए जमीन कारोबारी रॉकी कालिंदी पर हुए जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें उसका तीन वर्षीय बेटा भी छर्रा लगने से घायल हो गया था. इस कांड के फरार चल रहे आरोपी रवि मंडल को शनिवार की सुबह रॉकी की पत्नी ने कांड्रा रेलवे स्टेशन के समीप धर दबोचा और उसकी पिटाई करने के बाद कांड्रा पुलिस को सौंप दिया है. रवि को अपने कब्जे में लेकर कांड्रा थाना की पुलिस ने आदित्यपुर पुलिस को सूचना दी है.

रॉकी कालिंदी शनिवार को अपनी पत्नी दशमति कालिंदी और बेटे समर कालिंदी के साथ पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर हजारीबाग से वापस लौट रहे थे. इस दौरान कांड्रा रेलवे स्टेशन पर उतरकर ऑटो लेने जा रहे थे. तभी रॉकी की पत्नी दशमति की नजर रवि मंडल पर पड़ गई. फिर क्या था दशमति रवि मंडल पर शेरनी की तरह टूट पड़ी. उसके बाद उसे कांड्रा पुलिस के हवाले कर दिया. इस मामले में आदित्यपुर पुलिस ने इस कांड के दो आरोपी राजेश गोप और सादान गोप को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है. जबकि रवि मंडल फरार चल रहा था.

#### बिरसानगर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जमशेदपुर** । बिरसानगर थाना क्षेत्र के रोड नंबर तीन निवासी प्रदीप तंतुबाई ने शुक्रवार रात घर के अंगन में पेड़ के सहारे फांसी लगा ली. प्रदीप को पेड़ से लटका देख परिजनों ने उसे फंदे से उतारा और फिर तत्काल एमजीएम अस्पताल ले गए जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया. प्रदीप की मां पुष्पा तंतुबाई के अनुसार प्रदीप हार्डवेयर की दुकान पर काम करता था. वह शुक्रवार रात को घर आया था. रात 9 बजे घर से उसे बाहर जाने से मना किया गया. इसके बाद रात को उसने पेड़ पर गमछे के सहारे फांसी लगा ली.

## अवैध लॉटरी को लेकर मानगो में छापेमारी, तीन गिरफ्तार

संवाददाता । जमशेदपुर



मानगो पुलिस ने अवैध लॉटरी को लेकर थाना क्षेत्र के डिमना रोड स्थित मन्नान गली के पास डिवाइडर में शुक्रवार को छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में मानगो पारसनगर निवासी शंकर साव, ओल्ड पुरुलिया रोड निवासी अरशद अंसारी और गौड़ बस्ती निवासी माधव चंद्र डे शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 1300 रुपये नकद, दो मोबइल फोन और लॉटरी टिकट बरामद किया है. इस संबंध में मानगो थाना में पदस्थापित एएसआई मोहन कुमार के बयान पर शंकर साव, अरशद अंसारी, माधव चंद्र डे, पिंटू शर्मा और कृष्णा दत्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डिवाइडर के पास कुछ लोग लॉटरी का अवैध धंधा चला रहे हैं. सूचना पाकर पुलिस ने छापेमारी की और आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना ले गई. वहां सभी से पूछताछ की गई. शनिवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है.

#### मुहर्रम जुलूस को लेकर शांति समिति की बैठक

**आदित्यपुर** । थाना में मुहर्रम जुलूस को लेकर थाना शांति समिति की बैठक शनिवार की शाम थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई. जिसमें उन्होंने मुस्लिम बस्ती से निकलने वाले दोनों मुहर्रम अखाड़ों के संचालक को शांति पूर्वक जुलूस निकालने की अपील की. उन्होंने जुलूस में पर्याप्त संख्या में वोलेंटियर्स रखने साथ ही फर्स्ट एड बॉक्स की सुविधा अनिवार्य रूप से रखने को कहा. इस दौरान उन्होंने बस्ती में साफ सफाई और पानी की व्यवस्था के लिए नगर निगम के प्रशासक से अपील करने की बात कही. थाना प्रभारी में कहा कि धार्मिक उन्माद वाले गीत नहीं बजाए जाएंगे.

## डीआरडीए निदेशक ने की अबुआ आवास व मनरेगा की समीक्षा

संवाददाता । घाटशिला

प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को मनरेगा एवं अबुआ आवास योजना की समीक्षा बैठक डीआरडीए निदेशक अजय साव ने की. बैठक में पंचायत सचिव, कनीय अभियंता सहित अन्य कर्मचारियों के साथ अबुआ आवास एवं मनरेगा योजना की समीक्षा की. बैठक के संबंध में डीआरडीए निदेशक ने कहा कि बुआ आवास की दूसरी किस्त कई लाभुकों को मिल गयी है. जबकि कई लाभुकों का अब तक पहली किस्त निर्गत नहीं हुई है. एक सप्ताह के अंदर लाभुकों को पहली किस्त निर्गत करने की व्यवस्था की जाए. जिन्हें दूसरी किस्त मिल गई है उनके कार्य में प्रगति हो ताकि बुआ आवास का नया आवंटन लाभुकों को दिया जाए.

उन्होंने कहा कि पूरे जिले के लिए 30 हजार नये अबुआ आवास का लक्ष्य मिला है. उम्मीद की जा रहा है कि इस बार घाटशिला प्रखंड को लगभग ढाई हजार अबुआ आवास मिलेगा. उन्होंने कहा कि मनरेगा तथा पीएम आवास में मैनडेज जेनरेट क्यों नहीं हो रहा है इस संबंध में जानकारी ली गई. बैठक में बीडीओ युनिका शर्मा, जिला समन्वयक सुमन मिश्रा के अलावा अन्य कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे.

**लापरवाही** आदित्यपुर में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान भी कारगर नहीं

# लोग सार्वजनिक स्थलों पर रात के अंधेरे में फेंक रहे हैं कचरा

संवाददाता । आदित्यपुर





आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान भी कारगर साबित नहीं हो रहा है. यहां के लोग सार्वजनिक स्थलों पर रात के अंधेरे में कचरा फेंक रहे हैं. उन्हें जुर्माने का भी डर नहीं है. आदित्यपुर को स्वच्छ बनाने के लिए अब प्रशासक रवि प्रकाश ने सभी वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है. बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम द्वारा इन दिनों निगम क्षेत्र में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चला रहा है. इसके तहत आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न सभी वार्डों में नालियों-सड़कों की विशेष सफाई की जा रही है. सफाईकर्मी रिहायशी एवं व्यावसायिक स्थलों में विशेष साफ-सफाई अभियान चला रहे हैं. वे आम लोगों से अपील भी कर रहे हैं कि यत्र-तत्र कचरा नहीं फेंकें. नारे लगवा रहे हैं कि सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ. इसके बावजूद लोग यत्र-तत्र कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं. इस बात को लेकर अब नगर निगम के प्रशासक ने सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुए जुर्माना लगाने का प्रावधान कर दिया है. बता दें कि निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फेंकने के लिए हर घर में कचरा पेटी बंटवा रही है और उसे हर दिन सफाई एजेंसी द्वारा घर-घर से संग्रह कराने की व्यवस्था भी की गई है, लेकिन लोग बाहर कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं. इस बात पर प्रशासक ने चिंता जताई है और वार्डों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है. प्रशासक ने कहा कि वे लोगों को जागरूक कर सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने से रोकेंगे और आदित्यपुर को स्वच्छ शहर जरूर बनाएंगे.

### न्यूज अपडेट

#### डुमरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**डुमरिया** ।थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी (सीओ) चंचला कुमारी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा की गई. सीओ चंचला कुमारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन को सूचना दें. डुमरिया थाना क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस नहीं निकाला जाता है. इस वर्ष नयाग्राम में मोहर्रम के दौरान खेल करतब आयोजित करने की जानकारी नयाग्राम के ग्रामीणों ने प्रशासन को दी है. प्रमुख गंगामनी हांसदा, सांसद प्रतिनिधि बसंत मदिना, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, उप प्रमुख चैतन मुर्मू, नित्यानंद साव, दिलीप पंडा, शेख बेलालुद्दीन, शेख सलाउद्दीन, अमानुल्लाह अंसारी, लाल बिहारी भकत, अयुब अंसारी, सुरेश हेम्ब्रम, थाना प्रभारी सुगना मुंडा आदि उपस्थित थे.

#### घाटशिला में लगाया सर्वाइकल स्कैनिंग मेगा कैंप



**घाटशिला** । अनुमंडल अस्पताल घाटशिला परिसर में शनिवार को सर्वाइकल स्कैनिंग मेगा कैंप का आयोजन किया गया. कैंप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रंजू कुमारी, डॉ. कुमुदिनी सरदार, डॉ. शिप्रा जैसी डॉ. जुली कुमारी एवं सिनी संस्था की प्रियंका महतो द्वारा घाटशिला, धालभूमगढ़ एवं मुसाबनी प्रखंड की 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं का सर्वाइकल स्कैनिंग के माध्यम से कैंसर की जांच की गई. इस मेगा कैंप से लगभग 200 महिलाएं लाभान्वित होंगी. कार्यक्रम प्रबंधक मयंक कुमार ने बताया कि जांच के बाद किसी भी महिला में किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है तो इसकी जिला स्तर पर जांच कराई जाएगी. कैंप में सिविल सर्जन जुझार माझी एवं जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय धावड़िया भी शामिल हुए.

#### घाटशिला कॉलेज में एचसीएल के ईडी का स्वागत



**घाटशिला** । एचसीएल / आईसीसी के कार्यपालक निदेशक श्याम सुंदर सेठी पहली बार प्राचार्य के आमंत्रण पर घाटशिला कॉलेज शनिवार को पहुंचे. प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने उन्हें फूल का गुलदस्ता, संताल संस्कृति से जुड़ी धोती तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया. कार्यक्रम के दौरान श्री सेठी ने एचसीएल के सीएसआर फंड से कॉलेज के गर्ल्स कॉमन रूम में 65 हजार की लागत से लगाए गए सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, इन्सीनीरेटर एवं 500 सैनिटरी पैड सहित मशीन का फीता काट कर उद्घाटन किया. उसके बाद श्री सेठी ने एचसीएल के सहयोग से कॉलेज परिसर में 13 लाख की लागत से बन रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग का भी निरीक्षण किया. इस दौरान प्राचार्य ने कुछ आवश्यक परिवर्तन करवाने का सुझाव दिया.

#### घाटशिला में श्रद्धा से हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**घाटशिला** । क्षेत्र की भक्तिभाव से मां विपत्तारिणी की पूजा अर्चना शनिवार को की गयी. घाटशिला रंकणी मंदिर, पावड़ा निवासी जयदेव मुखर्जी के घर पर सार्वजनिक रूप से मां विपत्तारिणी की पूजा प्रतिमा स्थापित कर की गई. सुबह से ही पूजा को लेकर घाटशिला रंकणी मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही. वही पावड़ा में भी महिलाओं ने पूजा की. इस मौके पर आसपास के गांव बस्ती से काफी संख्या में महिलाओं ने नाना प्रकार के ऋतु फल के साथ मां विपत्तारिणी की आराधना की. बंगाल से आए पुजारी दिलीप घोषाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया. पूजा के बाद महिलाओं ने लाल धागे में दुर्वा घास बांधकर अपने सुख समृद्धि एवं आरोग्य की कामना करते हुए दाहिने हाथ में प्रसाद स्वरूप बांधे.

#### बाढ़ से बचाने के लिए चंपाई से मिले पुरेन्द्र नारायण



**आदित्यपुर** । आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के तटीय इलाकों को खरकई नदी के बाढ़ और कटाव से बचाने के लिए सभी नालों पर स्लुइस गेट एवं नदी के किनारे का इंबैंकमेंट कराने की मांग को लेकर पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने आज शनिवार को स्वर्णरेखा आईबी में जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर ज्ञापन सौंपा. पुरेंद्र नारायण सिंह ने चंपाई सोरेन को बताया कि खरकई नदी का जल स्तर बढ़ने अथवा बाढ़ आने की स्थिति में आदित्यपुर नगर निगम के तटीय इलाकों यथा-आसंगी, बंतानगर ए बी सी जोन, बाबाकुटी, वास्तु विहार, राधा स्वामी, कुल्लूपटागा, रायडीह बस्ती, राम मड़ैया बस्ती, जयप्रकाश नगर, शांति नगर, हरिओम नगर, मांझी टोला, सालडीह बस्ती, बेलडीह बस्ती इत्यादि में बाढ़ का पानी हजारों घरों में घुस जाता है.

#### गीता मुर्मू ने सुनी दामपाड़ा के लोगों की समस्याएं



**घाटशिला** । भारतीय जनता पार्टी घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री गीता मुर्मू ने शनिवार को दामपाड़ा मंडल आसना पंचायत के सुदूरवर्ती गांव के पहाड़पुर महाताम का दौरा किया. ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से भाजपा नेत्री गीता मुर्मू को अवगत कराया. उन्होने ग्रामीणों की समस्या सुनीं और आश्वासन दिया कि जल्द आप सभी की समस्या का समाधान करेंगे. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं को रखा जाएगा के तत्काल समाधान करने की मांग की जाएगी. मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता भारत चंद्र भगत, संगीता पाल विनोद प्रसाद, मानिक पाल, सिंघी टुडू, रीना भगत, अखिलेश, उषा पातर, पुष्पा भगत, आनंत पाल समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

#### राष्ट्रीय लोक अदालत में 175 मामलों का निष्पादन



**घाटशिला** । व्यवहार न्यायालय परिसर घाटशिला में अनुमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर न्यायाधीश एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने किया. एडीजे केके शुक्ला ने कहा कि आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन करने के लिए लोक अदालत का आयोजन किया जाता है. इसलिए दोनों पक्ष को मिलकर अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करना चाहिए. राष्ट्रीय लोक अदालत में 175 मामलों का निष्पादन करते हुए 35 लाख 40 हजार 250 रुपया राजस्व वसूली की गई. राष्ट्रीय लोक अदालत में तीन बेंच का गठन किया गया था प्रथम बेंच में एडीजे केके शुक्ला, दूसरे बेंच में एसीजेएम एनएन सांगा एवं तीसरे बेंच में एसडीजेएम दिनेश बाउरी बैठे थे.

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 12869 वादों का निष्पादन

**चाईबासा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान कुल 12 बेंचों में मामलों की सुनवाई की गई. कुल 12869 वादों का निष्पादन किया गया और एक करोड़ 92 लाख 36 हजार 865 रुपये का समायोजन भी हुआ. प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ मध्यम है. इसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अपील कर सकते हैं. राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक पदाधिकारियों योगेश्वर मणि, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, एसबी ओझा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, तरुण कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय, लक्ष्मण प्रसाद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ, विनोद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, राजीव कुमार सिंह, सचिव डीएलएसए, एंजिलिना नीलम मड़की, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, मंजीत कुमार साहु, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पोड़ाहाट, सुप्रिया रानी तिग्गा, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सदर, अंकित कुमार सिंह, रेलवे दंडाधिकारी पूजा पांडेय आदि ने मामलों का निष्पादन किया.



### हसबैंड नाइट में पति-पत्नियों ने एक-दूसरे को दिया सम्मान, अनोखे अंदाज में भेंट किया गुलाब का फूल

# पत्नियां घर का माहौल बेहतर रख परिवार को तनाव मुक्त रखती हैं : सीजीएम



दीप प्रज्वलित करते मुख्य महाप्रबंधक कमलेश राय व अन्य.



सीजीएम कमलेश राय अपनी पत्नी को गुलाब भेंट करते.




नृत्य प्रस्तुत करती महिलाएं .

- ऑफिसर्स क्लब में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता । किरीबुरू**

महिला समिति किरीबुरू के तत्वावधान में ऑफिसर्स क्लब प्रांगण में शुक्रवार की रात हसबैंड नाइट का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय एवं महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम का शुभारम्भ महिलाओं ने सेल अधिकारियों का स्वागत गुलाब फूल देकर और पुष्प वर्षा कर किया. इसके बाद एक-एक कर सेल अधिकारी मंच पर आते रहे एवं उन्होंने अपनी-अपनी पत्नियों को विशेष अंदाज में गुलाब फूल भेंट कर प्यार का इजहार किया.

पति-पत्नी एक-दूसरे को उपहार दिये. इस दौरान महिलाओं ने डांस, नृत्य, नाटक आदि कर अपनी कला व प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया. सीजीएम कमलेश राय ने कहा कि इस भाग-दौड़ एवं व्यस्तता भरे जीवन में हम अपनी पत्नियों व परिवार के सदस्यों को पूरा समय नहीं दे पाते हैं. जबकि पत्नियां हमसे ज्यादा मेहनत व संघर्ष सूर्य निकलने के पहले से लेकर मध्य रात्रि तक घर-परिवार के लिये करती हैं. इसके बावजूद वह तनाव मुक्त व खुशहाल रहती हैं. हमें ऐसी पत्नियों से खुशहाल रहने की कला सीखने के साथ-साथ उन्होंने तमाम प्रकार का सहयोग व प्यार कर खुश रखने की जरुरत है. महिलाओं ने आज यह ऐतिहासिक कार्यक्रम कर हम पतियों को बहुत बड़ा सम्मान दिया है. कार्यक्रम में महिला समिति की अध्यक्ष सुनीता राय, सचिव स्वागता लोहार, संयुक्त सचिव जीना और बिभा व महिला समिति के अन्य सदस्य के अलावे सीजीएम सह ऑफिसर्स क्लब के अध्यक्ष कमलेश राय, सीजीएम एसएस साहा, सचिव अनन बाना वारि, संयुक्त सचिव सुमित कुमार, जीएम राम सिंह, महाप्रबंधक दीपेन लोहार, जीएम केबी थापा, डॉ. एमएस दास और क्लब के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे.

## जेएलएन कॉलेज में नामांकन में त्रुटि दूर करने की मांग

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर के जवाहर लाल नेहरु (जेएलएन) कॉलेज में स्नातक के नामांकन में कई विद्यार्थियों का नामांकन नहीं होने के मामले को लेकर शनिवार को चक्रधरपुर के पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी,भाजपा नेता पवन शंकर पांडेय ने कॉलेज पहुंचे. वहां कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास कुमार से नामांकन से विद्यार्थियों के वंचित होने पर नाराजगी जतायी. भाजपा नेता अशोक षाड़ंगी ने कहा कि कॉलेज की गड़बड़ी के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का स्नातक में नामांकन नहीं हो पा रहा है. पहली सूची जारी कर उसे रद्द कर दी जाती है. इससे विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हो पा रहा है. इस पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास कुमार ने कहा कि पहली सूची में कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा गलती किये जाने के कारण पुनः सूची जारी की गई.

### तिरुलडीह थाना पुलिस ने की छापामारी

# बालू का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर किया जब्त

- जिले के एसपी मुकेश के निर्देश पर की कार्रवाई
- तिरुलडीह घाट से चौड़ा के रास्ते ले जा रहे थे बालू

**संवाददाता । चांडिल**



तिरुलडीह थाना में जब्त ट्रैक्टर.

बालू का अवैध खनन, परिवहन और अन्य गैरकानूनी कार्यों के खिलाफ सरायकेला-खरसावां जिला के नव पदस्थापित एसपी मुकेश कुमार लुणायत के एक्शन मोड में आने के बाद भी कुछ कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. तिरूलडीह थाना की पुलिस ने शनिवार की सुबह बालू का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त किया है. शनिवार को एसपी लुणायत के निर्देश पर तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चंद महतो ने बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस टीम ने तिरूलडीह-चौड़ा पथ पर बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है. सुवर्णरेखा नदी के तिरुलडीह घाट से अवैध रूप से बालू उत्खनन कर ट्रैक्टर से चौड़ा के रास्ते ले जाया जा किया जा रहा था.

**कार्रवाई की चल रही प्रक्रिया :** इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी ने बताया कि बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. इसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. अंचलाधिकारी के आने के बाद ही कागजी कार्रवाई की जाएगी. विदित हो कि सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत बालू समेत अन्य अवैध कारोबार के खिलाफ एक्शन मोड में हैं. उन्होंने लगातार थाना का औचक निरीक्षण कर क्षेत्र में होने वाले अवैध कारोबारों पर नजर रख रहे हैं.

**बाज नहीं आ रहे कारोबारी**

मालूम हो कि एनजीटी लागू होने के बाद से ही खनन विभाग व पुलिस अवैध बालू के खिलाफ सक्रिय है. वहीं खनन विभाग और पुलिस की आंखों में धूल झोंकते हुए बालू कारोबारी रात के अंधेरे में सक्रिय हो जाते हैं और चोरी छिपे बालू का अवैध धंधा करते हैं. बालू कारोबार में सफेदपोश नेता से लेकर विभाग के पदाधिकारी का भी समर्थन प्राप्त है. क्षेत्र में तू डाल-डाल तो मैं पात-पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है. विभाग व पुलिस लगातार बालू के खिलाफ अभियान चला रही है.

# अखाड़ा स्थल निर्धारित नहीं हुआ तो नहीं निकलेगा जुलूस

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

अंजुमन इस्लामिया की बैठक शनिवार को अंजुमन कार्यालय में हुई. इसकी अध्यक्षता सदर सैय्यद शहजाद मंजर ने की. बैठक में मोहर्रम सेंट्रल कमिटी, सभी अखाड़ा के खलीफा, अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी और शहर के प्रबुद्ध लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि मुहर्रम की आठवीं तारीख अर्थात 15 जुलाई तक स्थल का निर्धारण नहीं किया जाता है तो 15 जुलाई को खलीफाओं की बैठक होगी. उसमें मुहर्रम का जुलूस नहीं निकालने या फिर आंदोलन का दूसरा तरीका अपनाने का निर्णय लिया जाएगा.

अंजुमन इस्लामिया की बैठक में किसी भी सूरत में रेल फाटक के बगल में अथवा ओवरब्रिज के नीचे अखाड़ा इकट्ठा नहीं करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि यह सुरक्षित स्थल नहीं है. सुप्रीम कोर्ट का निर्देश भी है कि ओवर ब्रिज के नीचे केवल गोदाम रखे जा सकते हैं. मानव का निवास, कारोबार या अन्य कुछ भी नहीं किया जा सकता है. एक राय से सभी ने फैसला लिया कि गुप्ता चौक को ही अखाड़ा स्थल घोषित किया जाए. तय किया गया कि अंजुमन इस्लामिया के निर्णय से राज्य एवं जिला के सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाएगा. बैठक में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष सैय्यद शहजाद मंजर, उपाध्यक्ष हाजी एकराम हुसैन, सचिव बैरम खान, सहसचिव सद्दाम हुसैन, कोषाध्यक्ष मोहम्मद तौकीर आदि मौजूद थे.

**क्या है मामला**

चक्रधरपुर का सभी मोहर्रम अखाड़ा हबीबुल्लाह चौक में इकट्ठा होता था. यह चौक गुप्ता चौक से सटा हुआ था. 2018 में ओवरब्रिज बन जाने के बाद हबीबुल्लाह चौक का अस्तित्व ही खत्म हो गया है. मौखिक रूप से प्रशासन की ओर से रेलवे फाटक के समीप जुलूस को इकट्ठा करने को कहा जाता है. सभी अखाड़ा स्थल जुलूस रेलवे फाटक के समीप नहीं जाकर गुप्ता चौक में ही इकट्ठा होकर पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करते हैं और फिर लौट जाते हैं.



## न्यूज अपडेट

### गुवा इंटक कार्यालय में विजय कुमार दास का स्वागत



**किरीबुरू ।** युवा कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर बनाए जाने पर गुवा के इंटक कार्यालय में विजय कुमार दास का स्वागत किया गया. इंटक के शाखा सचिव विश्वजीत तांती एवं युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी ने माला पहना कर स्वागत किया. विजय कुमार दास ने पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया. साथ ही आज के इस डिजिटल युग में सोशल मीडिया के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में कांग्रेस जिला सचिव सह पंसस भादो टोप्पो, इंटक जोनल सचिव जयसिंह नायक, यूथ इंटक प्रखंड अध्यक्ष ज्वाला साहनी, युवा कांग्रेस विधानसभा महासचिव प्रवीण नाग आदि मौजूद थे.

### चाईबासा : भटकी हुई बच्ची चाइल्ड लाइन को सुपुर्द



**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र कितापी गांव गोईलकेरा की गुरुवाणी पूर्ति (14 वर्ष) किसी कारणवश भटक कर शनिवार को दुम्बीसाई, चाईबासा पहुंच गई थी. स्पष्ट बोलने में असमर्थ वह सड़क किनारे बैठकर रो रही थी. उसे देख तामाड़ बांध पंचायत के पूर्व मुखिया गिरीश चन्द्र देवगम ने इसकी सूचना सामाजिक कार्यकर्ता त्रिशानु राय को दी. त्रिशानु राय ने बाल कल्याण समिति के जुईदो कारजी को इसकी जानकारी दी. इसके बाद त्रिशानु राय चाइल्ड लाइन टीम को अपने साथ लेकर दुम्बिसाई पहुंचे. टीम बच्ची को अपने साथ लेकर छाया बालिका गृह गई. वहां उसे सुरक्षित रखा गया तथा उसके घर और परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. मौके पर मुंडा अर्जुन देवगम, कन्हैया पांडे आदि मौजूद थे.

### तनावमुक्ति के लिए आउटडोर पेंटिंग का अध्ययन



**चांडिल ।** वी कलाकार कम्युनिटी ने तनावमुक्ति के लिए आउटडोर पेंटिंग अध्ययन का आयोजन जमशेदपुर स्थित साकची के जुबली पार्क में किया गया. जिसमें कलाकारों ने खुली हवा में कला की खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू को जाना. सभी कलाकारों ने जुबली पार्क के सुंदर दृश्य को अपने कैनवास में उकेरा. वी कलाकार कम्युनिटी के संस्थापक चांडिल के सौरभ प्रामाणिक ने बताया कि कलाकारों के बाहर काम करने से उनके अवलोकन कौशल में वृद्धि होती है. उनके काम में सहजता को बढ़ावा मिलता है और प्रकृति से स्वतंत्रता और जुड़ाव की भावना मिलती है. यह अभ्यास कलाकारों को तनाव से मुक्त रहने और प्रकृति, प्रकाश और स्थान के साथ एक अनोखे तरीके से जोड़ता है, जो इनडोर सेटिंग्स में नहीं मिल सकता है. इस अभ्यास में नीमडीह से तपन सिंह सरदार आदि मौजूद थे.

### चांडिल : अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो, तीन जख्मी



**चांडिल ।** टाटा रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भादुडीह कैनाल के पास तेज रफ्तार ऑटो रेलिंग से टकराकर पलट गया. घटना में ऑटो में सवार चालक समेत तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया. ऑटो (जेएच 05डीक्यू 6291) टाटा से चांडिल की ओर जा रही थी. बताया जा रहा है कि ऑटो का चालक शराब के नशे में धुत था. भादूडीह कैनाल के पास ड्राइवर का नियंत्रण ऑटो से हट गया और सड़क किनारे रेलिंग से टकराकर पलट गया. ऑटो पर चालक के अलावा एक महिला और एक पुरुष यात्री सवार थे. ऑटो चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. उसे एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजा गया है.

## ब्रीफ खबरें

### हार्डकोर नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज

**चक्रधरपुर ।** सोनुआ थाना क्षेत्र के नचलदा गांव के पास गुरुवार शाम को नक्सलियों द्वारा कुईड़ा गांव के श्रीजंगकोचा टोला के युवक बुधलाल सुरीन की गोली मारकर हत्या करने और युवक के बाइक जलाने की घटना के मामले में शनिवार को सोनुआ थाना में कई नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. इसमें भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के हार्डकोर नक्सली चमन उर्फ लम्बु, अमित मुंडा, सालुका कायम और रिसव समेत दस्ते के अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इस मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट का भी मामला दर्ज किया है.

### बुधलाल सुरीन के शव का किया गया पोस्टमार्टम

**चक्रधरपुर ।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सोनुवा थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नचलदा गांव में गुरुवार देर शाम एक युवक की हत्या कर दी गई थी इसके बाद शनिवार को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. गुरुवार को नक्सलियों द्वारा गोईलकेरा के श्रीजंगकोचा गांव निवासी बुधलाल सुरीन का अपहरण कर सोनुवा के नचलदा गांव ले जाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. बुधलाल सुरीन के मोटरसाइकिल को भी आग के हवाले कर दिया था. शुक्रवार को सोनुवा पुलिस व सीआरपीएफ जवान नचलदा गांव से शव को लेकर आए थे.

### तरतरा गांव में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**चक्रधरपुर ।** मनोहरपुर की तरतरा गांव में शनिवार को बिजली करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. तरतरा गांव निवासी प्रेमचंद महतो शनिवार की दोपहर अपनी माता कामिनी देवी के नाम से मिले सरकारी अबुआ आवास निर्माण कार्य में मजदूरों के साथ काम कर रहा था. दोपहर में छुट्टी के दौरान छड़ कटिंग कटर मशीन के कनेक्शन को बिजली बोर्ड से वह नंगे पांव हटा रहा था. इस दौरान वह करंट के चपेट में आ गया और बेहोश होकर गिर गया. लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया.

### चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में शामिल होंगे सुदेश महतो

**चांडिल ।** चांडिल प्रखंड के भादूडीह में रविवार आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया गया है. ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में विधानसभा के सभी चूल्हा प्रमुखों के साथ-साथ केंद्रीय समिति, जिला समिति, प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी शामिल होंगे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शामिल होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता हरेलाल महतो करेंगे.

# महिलाएं मांग में सिंदूर लगा सुहागन रहने की कामना की



**संवाददाता । चाईबासा**

सदर बाजार स्थित काली मंदिर में शनिवार को मां विपत्तारिणी की पूजा-अर्चना धूमधाम से भक्तिभाव से की गई. यह पूजा पूरे क्षेत्र में की जाती है. इस दौरान महिलाओं ने मां दुर्गा के विपत्तारिणी रूप के आगे मत्था टेक कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ ही एक- दूसरे की मांग में सिंदूर लगाकर सदा सुहागिन बने रहने की कामना की. पुजारियों ने भी श्रद्धालु महिलाओं तथा पुरुषों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर हर विपदा से दूर रहने का आशीर्वाद दिया. पूजा का आयोजन सदर बाजार के श्री श्री काली मंदिर ट्रस्ट कमिटी द्वारा किया गया. पूजा का आयोजन काली मंदिर में सेवारत राय परिवार द्वारा हुआ. इससे पूर्व महिलाओं ने दिनभर उपवास रखकर विपत्तारिणी व्रत भी रखा. पूजा मुख्य पुजारी नाडु गोपाल राय, परिमल गांगुली, नवारुण राय ने सम्पन्न करायी.

**पूड़ी, पुआ, पान, सुपारी, लांग का लगाया भोग**

इस पूजा में 13 किस्म की सामग्री और उस सामग्री को 13 की गिनती से गिनकर मां को भोग लगाया जाता है. भोग में पूड़ी, पुआ, पान, सुपारी, लांग, ईलायची, मूंगदाल, फल, खीर, मिष्ठान्न, चेरी आदि से भोग लगाया जाता है. सुहागिन महिलाएं सारा दिन उपवास करती हैं.

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को अच्छा शैक्षिक माहौल नहीं मिल रहा : मधुकर

**संवाददाता । चाईबासा**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), चैनपुर में शनिवार को गैर आवासीय विद्यालय नेतृत्व उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू हुआ. इसमें पश्चिम सिंहूम जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत स्तरी आदर्श विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए. कार्यशाला में विद्यालय संचालन में सहयोगी शिक्षकों, बाल-सांसद एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने संबंधी जानकारी दी गई. इसके अलावा प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत आदर्श प्रार्थना सभा संचालन की रुपरेखा बतायी गयी. आदर्श प्रार्थना सभा में पंक्तिबद्ध होकर प्रार्थना करना, भारत का संविधान, सुविचार, महत्वपूर्ण दिवस, मुख्य समाचार, आज का शब्द, प्रेरक प्रसंग, जन्मदिन मनाना, प्रधानाध्यापक का संबोधन, विद्यार्थियो की प्रतिज्ञा, योग (सप्ताह में एक दिन), राष्ट्रगान, बच्चों का नाखून, बाल एवं ड्रेस की साफ-सफाई जांच करना और प्रार्थना सभा का विसर्जन किये जाने का क्रम बताने के साथ इसका अभ्यास कराया गया. डायट के प्रिंसिपल सह सदर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी मधुकर कुमार ने प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं से कहा कि सरकारी विद्यालयों के बच्चों को अच्छा शैक्षिक माहौल नहीं मिल पा रहा है, इसलिए आदर्श प्रार्थना सभा की अवधारणा लायी गया है. इसे विद्यालय में नियमित रूप से संचालित करें. विद्यालय की अंतिम घंटी में चेतना सत्र अवश्य हो.

**पुलिस बच्चों को सक्रिय बनाने के लिए क्लबों से जोड़ें**

विद्यालय में बाल संसद के साथ ही बच्चों को विभिन्न क्लबों यथा -इको क्लब, जल सेना, डांस एंड सिंगिंग क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, लिटेरसी क्लब, क्राफ्ट एंड आर्ट्स क्लब आदि से जोड़ें, ताकि बच्चे हर तरह से सक्रिय बने रहें. कार्यशाला में दिलीप कुमार महतो, कृष्णा देवगम, संजय कुमार जारिका, कैलाश महतो, दिव्या होरो, शबनम सुंडी, मालती सिंकू, सरानी तोपनो, जसिंता कंडुलना, रामराय लागुरी, बसंत सिंकू, राधाकृष्ण बिरुवा, अखिलेश नाग, अंजलि गागराई, जैनेन्द्र कुमार बिरुवा, संध्या होरो, शत्रुघ्न पुरती, सुनीता कुमारी, बीरेंद्र आर्य समेत 50 प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हैं.

**अच्छी खबर** 20 करोड़ रुपये की लागत से एडीजेएम कोर्ट भवन और 18 करोड़ से आवास का किया गया है निर्माण

# चक्रधरपुर के पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय का उद्घाटन आज

**संवाददाता । चक्रधरपुर**



शिविर में अपना रजिस्ट्रेशन कराता दिव्यांग.

लंबे इंतेजार के बाद रविवार को चक्रधरपुर के आसनतलिया में बनकर तैयार पोड़ाहाट एसडीजेएम कोर्ट भवन (अनुमंडल व्यवहार न्यायालय) का उद्घाटन किया जाएगा. एसडीजेएम कोर्ट भवन का उद्घाटन झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन षाड़ंगी करेंगे. इस अवसर पर हाईकोर्ट व जिला के अन्य कई न्यायाधीश भी मौजूद रहेंगे. उद्घाटन समारोह की तैयारी को लेकर शनिवार दिन भर अधिकारी जुटे रहे. इस दौरान भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सैफुल्लाह अंसारी की देखरेख में भवन की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई के साथ-साथ झाड़ियों की साफ-सफाई का काम किया गया. वहीं पोड़ाहाट एसडीजेएम कोर्ट भवन उद्घाटन को लेकर पंडाल निर्माण भी कराया गया है. वहां भवन उद्घाटन से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होगी. इधर एसडीजेएम कोर्ट भवन का उद्घाटन होने को लेकर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है.

**वर्ष 2019 से बनकर तैयार है भवन :** चक्रधरपुर के आसनतलिया में वर्ष 2009 में पोड़ाहाट एसडीजेएम कोर्ट भवन एवं न्यायधीशों व कर्मचारियों के अलावे कोर्ट भवन परिसर में ही रहने के लिए आवास बनाया गया था. लगभग नौ एकड़ में बने एसडीजेएम कोर्ट निर्माण में लगभग 20 करोड़ व आवास निर्माण में 18 करोड़ रुपये खर्च हुये हैं, लेकिन निर्माण के पांच साल से उद्घाटन का इंतजार किया जा रहा था. चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने सदन में उठाया था मामला चक्रधरपुर के आसनतलिया में एसडीजेएम कोर्ट भवन व आवास बनकर तैयार रहने के बावजूद उद्घाटन नहीं होने का मामला चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने 2 मार्च 2024 को विधानसभा में उठाया था. इसके बाद इसके उद्घाटन को लेकर तेजी लायी गई.

**पूर्व भवन में कई जगह आयी दरारें**



वर्ष 2019 में पोड़ाहाट एसडीजेएम कोर्ट भवन बनकर तैयार रहने के बावजूद उद्घाटन नहीं होने व हैंडओवर नहीं किये जाने के कारण उसमें जगह-जगह दरारें आ गई हैं. साथ ही परिसर में बनाये गई सड़क में भी दरार आ गई है. पूरे परिसर में जगह-जगह बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग गई हैं. वहीं कोर्ट परिसर में बनाये गये फव्वारे भी टूट चुके हैं. इसकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है.

**वर्ष 1982 से था इंतजार**

वर्ष 1982 से चक्रधरपुर वासियों को एसडीजेएम कोर्ट का इंतजार था. 42 साल बाद लोगों का सपना पूरा हो पा रहा है. 26 जनवरी 1982 को चक्रधरपुर अनुमंडल की स्थापना हुई थी, लेकिन अनुमंडल कोर्ट चाईबासा में संचालित था. पोड़ाहाट अनुमंडल के चक्रधरपुर, बंदगांव, सोनुवा, गुदड़ी, गोईलकेरा, मनोहरपुर व आनंदपुर के लोगों को कोर्ट संबंधित कार्य के लिए चाईबासा जाना पड़ता था. चक्रधरपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रत कुमार प्रधान ने कहा कि 42 साल बाद पोड़ाहाट अनुमंडल वासियों का सपना पूरा हो रहा है.

### चांडिल : कुकड़ू में 15 लाभुकों को मिला बकरा-बकरी

**चांडिल ।** लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं चल रही है. इसी लाभकारी योजना के तहत शनिवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में 15 लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण किया गया.

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरा-बकरी को लाभुकों के बीच कुकड़ू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा बाला पातर, प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो और जिला परिषद उपाध्यक्ष के प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से वितरण किया. लाभुकों को एक यूनिट में चार बकरी और एक बकरा दिया गया है.

इसके साथ ही लाभुकों को एक बाल्टी और कड़ाही भी दी गई. इससे बकरा-बकरी को चारा खिलाने में मदद मिलेगी. इसके साथ ही सभी लाभुकों को रख-रखाव की भी जानकारी दी गई.

## ब्रीफ खबरें

### एससी-एसटी अत्याचार निवारण एक्ट पर बैठक

रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर बैठक हुई. जिला कल्याण पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह ने जानकारी दी कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष चार मामले सामने आए हैं. उपायुक्त ने चारों मामलों के तहत अब तक किए गए कार्यों के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए.

### जनप्रतिनिधियों को दी बाल संरक्षण की जानकारी

**रामगढ़।** जिला बाल सरक्षण इकाई एवं बाल कल्याण समिति द्वारा जिले के मांडू प्रखंड कार्याल के सभाकक्ष में बैठक की गयी. इस दौरान जिला बाल सरंक्षण पदाधिकारी शांति बागे तथा बाल कल्याण समिति के सदस्य प्रशांत कुमार द्वारा बाल सरंक्षण, बाल अधिकार तथा बालकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की पहचान करने एवं उन्हें रिपोर्ट करने के लिए समुदाय आधारित बाल प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई. मांडू बीडीओ ने भी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों को बाल सरंक्षण एवं बाल अधिकारों की जानकारी दी.

### जोड़ा तालाब जीर्णोद्वार कार्यक्रम का समापन

**रामगढ़।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन तथा सहायक मंडल अभियंता परमानंद प्रसाद के साझा प्रयास से बरकाकाना रेलवे जोड़ा तालाब में पंद्रह दिवसीय स्वच्छता सह पौधरोपण कार्यक्रम का समापन हुआ. समापन दिवस पर थैंक्स गिविंग कार्यक्रम रखा गया था. इस अवसर पर परमानंद प्रसाद ने कहा कि पिछले पंद्रह दिनों में रेलवे जोड़ा तालाब बरकाकाना के पश्चिमी छोर में पौधरोपण, सुंदरीकरण, प्लास्टिक हटाने सहित सड़क किनारे के पेड़ की डाली काटकर तालाब को पारदर्शी बनाया गया. शाखा सचिव एमपी महतो ने सभी का आभार जताया.

### चितरपुर में मुहर्रम का जुलूस 17 को निकलेगा

**रामगढ़।** मुहर्रम को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने की. बैठक में तय किया गया कि चितरपुर में आगामी 17 जुलाई को मुहर्रम पर्व मनाया जाएगा. बैठक में मौजूद रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में अवर निरीक्षक मो नौशाद, प्रकाश चंद्र मुर्मू, अखिलेश सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, उप प्रमुख अरशद उल्लाह, युगेश महतो, जमीरा पंसस शेर बहादुर शाह, अब्दुल हकीम सहित दर्जनों गणमान्य मौजूद थे.

### नेशनल लोक अदालत में 39477 मामले निष्पादित

**हजारीबाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में सिविल कोर्ट में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस दौरान आपसी सुलह के आधार पर कुल 39,477 मामलों का निष्पादन किया गया. इसमें कुल 72 करोड़ 69 लाख 96 हजार 451 रुपए की राशि पर सहमति बनी. मौके पर कुटुंब न्यायाधीश संजीव कुमार दास, श्रम न्यायाधीश दिनेश राय, हजारीबाग बार संघ के अध्यक्ष राजकुमार, सचिव सुमन कुमार सिंह, सभी न्यायिक पदाधिकारी, वकील, संबंधित विभाग के पदाधिकारी और पक्षकार मौजूद थे.

---

गंगा आरती में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, गंगा मइया के जयकारे और रंगीन आतिशबाजी से रोशन हुआ धरा-गगन

# ओकनी तालाब तट पर गंगा आरती में दर्शन और अध्यात्म का अनोखा संगम

- महायज्ञ पर भजन-कीर्तन के साथ नृत्य और गायन-वादन
- दो घंटे तक चली महाआरती, भक्तिभाव में खोए रहे श्रद्धालु

**संवाददाता। हजारीबाग**


ओकनी तालाब तट पर गंगा आरती में मौजूद श्रद्धालुओं की भीड़.

दास वही जो सहज में मुक्ति को पाता, ओम जय गंगे माता... शहर में पहली बार ओकनी तालाब तट पर जब शिवनगरी वाराणसी से पधारे विद्वान यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री ने कथावाचक चतरा के मयूरहंड निवासी पंडित दिलीप उपाध्याय और प्रवचनकर्ता धनंजय शास्त्री संग जब गंगा आरती में सुर मिलाए, तो अद्भुत दृश्य बन गया. हाथों में आरती के लिए सजे दीपों की थाल जैसे हर संताप मिटा रही थी. यह मौका था ओकनी बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का. ओकनी तालाब तट पर शुक्रवार की देर शाम उमड़ा आस्था का जनसैलाब अध्यात्म के उस स्वर में खोए ताली बजाते हुए झूम रहा था. हजारों श्रद्धालु भक्तिभाव में अपना सुध-बुध खोए हुए थे. उस पर रंगीन आतिशबाजी ने काली अंधियारी रात को धरा से गगन तक रोशन कर रखा था. पूरे मुहल्ले की साज-सज्जा रोशनी से नहाई अद्भुत समां बांध रही थी. एक साथ हजारों स्वर में शिव और शक्ति के नाम के साथ गंगा मइया के जयकारे लग रहे थे. लोग गंगा मइया की इस महाआरती में पूरी तन्यमता के साथ रमे हुए थे. क्या बच्चे, क्या युवा, महिलाएं और वृद्ध सभी श्रद्धा, स्नेह, आस्था से भावविहोर थे. करीब दो घंटे तक चली महाआरती में हर श्रद्धालु पुण्य का भागीदार बनने की अभिलाषा में डूबे हुए थे. हर कोई गंगा आरती का आशीर्वाद लेकर खुद को धन्य समझ रहा था.

#### अन्नाधिवास, प्रवचन और खिचड़ी का भोग वितरण

श्री श्री शतचंडी महायज्ञ के क्रम में शनिवार को नारद मोह पर प्रवचन हुआ. वहीं महाभोग में खिचड़ी का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया. सुबह-सवेरे श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की. सभी भक्तिभाव में डूबे रहे. इससे पहले पूरे विधि-विधान से भगवान को अन्नाधिवास कराया गया.

#### आज नगर भ्रमण, अन्नप्रासन व विविध संस्कार

महायज्ञ के शुभ अवसर पर रविवार को देवी-देवताओं को नगर भ्रमण कराया जाएगा. वहीं फलाधिवास, नव बालकों का अन्नप्रासन और विविध संस्कार आयोजित कराए जाएंगे. सोमवार को यज्ञ मंडप के समीप मुंडन संस्कार का कार्यक्रम होगा. इस धार्मिक अनुष्ठान में समस्त ओकनीवासियों के साथ-साथ शहर के कई लोगों का भरपूर सहयोग कर रहे है.

---

केरेडारी में धड़ल्ले से बालू का बालू का अवैध कोराबार चला रहा सिंडिकेट

# कौन है उड़सु का संजय, पचड़ा का मनोज व पताल का सोमा?

**ज्ञान कुमार पासवान। केरेडारी**


जोरदाग के कुरकुटियागढ़ा में कंपनी ऋत्विक के गेट के सामने स्टॉक बालू.

**खास बातें**

- गरीब हो रहें हैं कंगाल, बालू तस्कर हो रहे मालामाल
- बालू के लिए तरस रहे हैं, अबुआ आवास के लाभुक
- कई कंपनियों में जमा हैं सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू

प्रखंड में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. अबुआ आवास के लाभुक समेत अन्य सरकारी योजनाओं के कार्य में बालू के कण कण के लिए लोग मोहताज हैं. वहीं क्षेत्र में कई कंपनियों ने सैकड़ों ट्रैक्टर बालू अवैध रूप से स्टॉक कर रखा है. सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर पचड़ा पंचायत स्थित जोरदाग गांव के नयाखाप रोड पर कुरकुटियागढ़ा के बगल में चट्टी बरियातू कोल माइंस की एमडीओ कंपनी ऋत्विक के गेट के सामने दर्जनों ट्रैक्टर बालू स्टॉक कर रखा गया है. वहीं एनटीपीसी के लिए कन्वेयर बेल्ट का निर्माण कार्य कर रही कार्यकारी एजेंसी एल एंड टी कंपनी के बेचिंग प्लांट के यार्ड में भी दर्जनों ट्रैक्टर बालू स्टॉक कर रखा गया है.

**कंपनियों में बालू सप्लाई के लिए बड़ा सिंडिकेट हावी :** कंपनियों में बालू सप्लाई के लिए एक बड़ा सिंडिकेट हावी है. यही सिंडिकेट क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों को अवैध रूप से बालू की सप्लाई करता है. सूत्रों की माने तो टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उड़सु का संजय, पचड़ा का मनोज और पताल का सोमा नाम का व्यक्ति बालू के अवैध कारोबार का सिंडिकेट संचालित किए हुए है. संजय और मनोज नया खाप नदी से ऋत्विक और एल एंड टी कंपनी में अवैध रूप से बालू सप्लाई करता है. वहीं सोमा दामोदर नदी से बालू का उठाव कर रांची जिले बूढ़मु ऊपर घाट में बालू की सप्लाई करता है. इस सिंडिकेट के लोग शाम ढलते ही दर्जनों ट्रैक्टर के माध्यम से बालू के उठाव व ढुलाई का अवैध कारोबार में सक्रिय हो जाते हैं.

> अवैध रूप से बालू का भंडारण किये जाने की जानकारी मिली है. जांच कर कार्रवाई की जाएगा. - **राम रतन वर्णवाल, सीओ, केरेडारी.**

### मनोज मुंडा हत्याकांड में फरार चल रहा उग्रवादी गिरफ्तार

- जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य है महेंद्र करमाली

**संवाददाता। रामगढ़**


कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र राम.

मनोज मुंडा हत्याकांड में साल भर से फरार चल रहे जेजेएमपी के उग्रवादी महेंद्र करमाली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पतरातू एसडीपीओं विरेंद्र राम ने शनिवार को बरकाकाना ओपी में प्रेस वार्ता कर जानकारी दी. बता दें कि 15 फरवरी 2023 को शाम करीब साढ़े छह बजे संध्या में बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत लोवाडीह झंझीटोला में मुर्गा लड़ाने के दौरान मनोज मुंडा की चार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी.

कांड के अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि मुर्गा पाड़ा संचालक से लेवी लेने के लिये प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सदस्यों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया. इस घटना में संलिप्त विनोद गंझू , चंदरु गंझू को घटना में प्रयुक्त हथियार के साथ पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है. इनलोगों ने इस घटना में महेंद्र करमाली की संलिप्तता की बात कही थी. घटना के बाद से ही महेंद्र करमाली फरार चल रहा था. उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था. इस बीच गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम-उरेज में छापेमारी कर महेंद्र करमाली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया.

महेंद्र करमाली ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए घटना में शामिल अन्य अपराधियों का नाम भी बताया है. गिरफ्तार उग्रवादी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र राम, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, दारोगा अजीत कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

---

क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर डीसी से मिलीं बरकट्ठा की जिप सदस्य

# पुल व सड़क निर्माण की मांग की

- हर पंचायत में 10-10 चापानल लगवाने का आग्रह किया
- जिप सदस्य ने मंदिरों के सुंदरीकरण की भी मांग की

**संवाददाता। बरकट्ठा**


हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय को ज्ञापन सौंपतीं जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया.

जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया ने अपने क्षेत्र के लंबित विकास कार्य एवं पुल, सड़क, पेयजल एवं अन्य जरूरी विकास कार्य की मांग को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित से मुलाकात की. उन्होंने आवेदन देकर मांगें रखी है. जिप सदस्य ने सूर्यकुंड के तेतरिया नदी पर, झुरझुरी के बरसोती नदी पर, चिमना नदी, गोरहर के रामसगरा नदी पर, पांडेयडीह नदी, कुम्भीहर नदी पर, शिलाडीह के कारोंजवा नदी पर, डोंडहारा नदी पर, लग्नवा नदी पर, चमुदोहर के तुरुगडीहा नदी पर, घंघरी के पंचघरवा नदी पर और बजुकोला के सूर्यकुंड नदी पर पुल निर्माण की मांग की है.

वहीं, गोरहर थाना से शिलाडीह नीचे टोला, गूंजरा से अलपिटो तक, सूर्यकुंड से पहाड़पुर जवाड़ कुशहन तक, परबत्ता में, गोरहर में, शिलाडीह, बेलकप्पी चेचकप्पी में, डुमरियाटांड में, घंघरी में, मेरंगड्डा में, झुरझुरी एवं गोरहर के बंधुवाडीह में सड़क निर्माण कार्य की मांग की हैं. पेयजल के दृष्टिकोण से नल जल योजना फैल हो चुकी है. प्रेरणा प्रिया ने कहा है कि सभी पंचायतों में पेयजल आपूर्ति की काफी समस्या है. उन्होंने हर पंचायत में 10-10 चापानल लगवाने की मांग की है. इसके अलावा सूर्यकुंड धाम, पतालसुर बाबा, महाबर बाबा मंदिर एवं बुढ़िया माता मंदिर के सुंदरीकरण की मांग भी की है. बरकट्ठा क्षेत्र में 11 टावर लाइट, शेड निर्माण एवं सड़क निर्माण कराने का भी आग्रह किया है. डीसी एवं डीडीसी ने आवश्यकतानुसार कार्य करने का भरोसा दिया है.

### गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कराएं

**रामगढ़।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में छतरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान एवं इसके उद्देश्यों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि हम सभी का यह लक्ष्य होना चाहिए कि हमारा जिला विकास के हर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर रहे. उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों, विभिन्न सूचकांकों को लेकर भी सभी को जानकारी दी. कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मियों आदि को गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### हंस फाउंडेशन के एमएमयू को डीसी ने दिखाई हरी झंडी

**संवाददाता। चौपारण**



प्रखंड में हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) सेवाओं का उपायुक्त नैंसी सहाय, डीआरडीए निदेशक पंकज कुमार तिवारी ने उद्घाटन किया. इस दौरान चार एमएमयू को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया. एमएमयू वैन में ओपीडी, रेफरल प्रबंधन, मुफ्त दवा वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं. एक एमएमयू वैन प्रतिदिन दो गांवों का दौरा करेगी.

उपायुक्त ने हंस फाउंडेशन के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और पूर्ण प्रशासनिक समर्थन का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में यह मोबाइल मेडिकल यूनिट ग्रामीणों के प्राथमिक उपचार में उपयोगी साबित होगा. वहीं फाउंडेशन के सैमुअल सिंह ने एमएमयू संचालन की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी दी. क्षेत्रीय प्रमुख शिशुपाल ने हंस फाउंडेशन की आगामी परियोजनाओं पर चर्चा की. उन्नत तकनीक से सुसज्जित एमएमयू का उद्देश्य चौपारण की दो लाख आबादी विशेष रूप से दूरदराज और वंचित समुदायों तक पहुंच कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है.

---

भाजपा नेता के आवास पर झारखंड की राजनीति पर विचार-विमर्श

# अर्जुन मुंडा ने की चाय पर चर्चा

- भैया अभिमन्यु प्रसाद व भैया अमन ने गुलदस्ता व अंग वस्त्र देकर किया स्वागत

**संवाददाता। हजारीबाग**


भैया अभिमन्यु प्रसाद के आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा.

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह कोडरमा के जिला प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद के अन्नदा चौक स्तिथ निवास स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा विशेष चर्चा हेतु पहुंचे. भैया अभिमन्यु प्रसाद ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया. वहीं भैया अमन ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया. अर्जुन मुंडा ने चाय पर विशेष चर्चा करते हुए झारखंड की राजनीति और परिस्थितियों को लेकर विचार-विमर्श किया.

भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि केंद्र के नेता का आना अच्छा लगता है. ये पहली बार नहीं हैं, कई बार अर्जुन मुंडा मेरे निवास स्थान पर पहुंचे हैं. मौके पर जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, बटेश्वर प्रसाद मेहता, हरीश श्रीवास्तव, सुकल्याण मोइत्रा, विवेक सिंह, अर्जुन साव, विवेक बरियार, जीतू जैन, आनंद देव, शैलेश चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### बीमा प्रीमियम से जीएसटी हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपा

**हजारीबाग।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल की हजारीबाग इकाई के सदस्यों ने महामंत्री जगदीश चंद मित्तल के नेतृत्व में सांसद मनीष जयसवाल से मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल द्वारा सांसद को बीमा प्रीमियम से जीएसटी हटाने, आयकर की धारा 80 सी के तहत आयकर में अलग से छूट देने, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर आयकर की धारा 80 डी के तहत छूट को पुनः लागू करने तथा साधारण बीमा क्षेत्र की चारों बीमा कंपनियों को मिलाकर एक बड़ी बनाने संबंधी ज्ञापन सौंपा. सांसद ने इन विषयों पर विचार करने तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से चर्चा करने का आश्वासन दिया.

---

चुटूपालू घाटी में आयरन लदा ट्रेलर असंतुलित होकर पलटा

# ट्रेलर के नीचे दबने से दो की मौत

**संवाददाता। रामगढ़**


चुटूपालू घाटी में दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर.

**खास बातें**

- ट्रेलर का अचानक ब्रेक फेल होने के कारण दुर्घटना
- हाइड्रा व क्रेन की मदद से ट्रेलर को सड़क से हटाया

फोरलेन मार्ग अंतर्गत चुटूपालू घाटी में शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक घाटी से गुजरने के क्रम में आयरन लदा ट्रेलर असंतुलित होकर पलट गया. इसके नीचे दो लोग दब गये, जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई. वहीं, दूसरे अन्य घायल की इलाज के लिए ले जाने के क्रम में समय रास्ते में मौत हो गई. बताया गया कि ट्रेलर जब घाटी से गुजर रहा था, तो अचानक ब्रेक फेल हो गया.

**ट्रेलर क्षतिग्रस्त, सड़क पर बिखर गया आयरन :** दुर्घटना इतनी भीषण थी की ट्रेलर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और गाड़ी में लदा आयरन सड़क पर बिखर गया. दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को सड़क से हटाने के लिए हाइड्रा और क्रेन की मदद ली गई. घटना को लेकर रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि अनियंत्रित वाहन के घाटी में पलटने से दो लोगों की मौत हो गई.

दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. दुर्घटनाग्रस्त वाहन और सड़क पर बिखरे आयरन को हटवाने के बाद उक्त सड़क मार्ग पर आवागमन सुचारु हो पाया.

---

**विभावि** 15 जुलाई को आर्यभट्ट सभागार में स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की बैठक

# बड़े पैमाने पर होंगे खेलकूद का आयोजनः डॉ हरि

- वर्ष 2023-24 में खेल मद में हुए खर्च की दी जाएगी जानकारी
- खेलकूद के मामले में वित्तीय अनुशासन कड़ाई से लागू हुए

**संवाददाता। हजारीबाग**



#### खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए नई पहल की शुरुआत

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष एक नई पहल की गई है. विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार विश्वविद्यालय के सभी संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य को इस बैठक में आमंत्रित किया गया है. इसमें सभी शिक्षा शास्त्र महाविद्यालय भी शामिल हैं. डॉ हरि ने कहा कि इससे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को हम खेल का अवसर दे सकेंगे एवं प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर भी उपलब्ध करा पाएंगे. उन्होंने अपील की कि सभी सदस्य अपराह्न 12:15 तक आर्यभट्ट सभागार में अपना स्थान ग्रहण कर लें.

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की बैठक 15 जुलाई को आयोजित की जाएगी. जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ राखो हरि ने बताया कि यह बैठक विज्ञान भवन के आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न 12:30 से होगी. अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा करेंगी. विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर मिथिलेश कुमार सिंह स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के सचिव के रूप में भाग लेंगे.

डॉ हरि ने बताया कि इस बैठक में वर्ष 2024 -25 में आयोजित किए जाने वाले खेल एवं उससे संबंधित सभी निर्णय सदस्यों की अनुमति से लिए जाएंगे. साथ ही वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट को भी अनुमोदित किया जाएगा. खेल निदेशक ने बताया कि खेलकूद के मामले में वित्तीय अनुशासन को कड़ाई से लागू किया गया है. अतः इस बार वर्ष 2023-24 में खेल मद में किए गए सभी खर्च की विस्तृत जानकारी सदन को दी जाएगी. साथ ही पिछले वर्ष के खेल से संबंधित प्रतिवेदन को भी पढ़ा जाएगा.

---

**बैठक** मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

# भड़काऊ गाने बजाने पर सख्त पाबंदी रहेगी

- आपसी प्रेम और भाईचारगी से मनाए मुहर्रम का पर्व : डीसी
- सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को पोस्ट न करें : एसपी

**संवाददाता। हजारीबाग**


शांति समिति की बैठक में डीसी, एसपी और अन्य पदाधिकारी व गणमान्य.

मुहर्रम पर्व को लेकर स्थानीय नगर भवन सभागार में शनिवार को उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं. उन्होंने भड़काऊ गाने पर मनाही की बात कही.

वहीं, छड़वा डैम में लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया. महिला सुरक्षा कर्मियों की संख्या ज्यादा रखने सहित जुलूस की फोटोग्राफी कराने को भी कहा. इसके अलावा अंचल स्तर पर शांति समिति की बैठक कर प्रशासन के दिशा-निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी साझा करने का निर्देश दिया.

पुलिस अधीक्षक ने सोशल मिडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की. उन्होंने तय मार्ग व समय पर जुलूस निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द्र बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही. सुरक्षा के मद्देनजर से जिला कंट्रोल रूम कार्यरत रहेंगे.

**बिजली के झूलते तारों को दुरुस्त करने की मांग :** बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपने-अपने क्षेत्रों से निकलने वाले जुलुस मार्गो में पड़ने वाले सूखे पेड़ों, बिजली के झूलते तारों तथा सड़क किनारे पार्किंग व्यवस्था आदि को दुरुस्त करने और जुलुस मार्गों पर खराब चापानल का मरम्मती कार्य करने का अनुरोध किया. बैठक में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीओ बरही जोगन टुडू, एसडीपीओ शिवाशीष कुमार, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे आदि मौजूद थे.

## राशिफल



**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** कामकाज में अधिक भागदौड़ होगी. नौकरी में उच्चाधिकारियों और अधीनस्थों की बातचीत होती रही. विद्यार्थी वर्ग में अध्ययन करेंगे. अपने मन को कहीं नहीं भटकने दें. अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में काम करने वाले लोगों को महत्वपूर्ण काम मिल सकता है.

**वृषभ** नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा और उनसे सहयोग मिलेगा. दूसरों द्वारा कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं. सतर्कता से काम करते रहें. व्यवसाय क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को अपना व्यवहार अधिक सकारात्मक बनाने का प्रयास करना चाहिए. सगे संबंधियों का सहयोग मिलेगा.

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में पदोन्नति और लाभ मिलने की संभावना है. वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग अधिक होगा. आपको खुशी मिलेगी. व्यावसायिक क्षेत्र में काम करने वालों को अचानक लाभ मिलने की संभावना है. व्यापार में नए साथी मिलेंगे. महत्वपूर्ण कामों में सफलता का संकेत मिलेगा. समाज का सम्मान बढ़ेगा.

**कर्क** सरकारी सेवा में काम करने वालों को पदोन्नति मिलने के संकेत मिल रहे हैं. कर क्षेत्र में उच्च पदस्थ लोगों से निकटता बढ़ेगी. व्यवसाय क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे. समयबद्ध कार्य करने से उद्यमी सफल होंगे. भूमि, भवन, वाहन आदि क्षेत्रों में काम करने वाले कुछ मुश्किलों का सामना करेंगे.

**सिंह** आप अपने काम से दूर जा सकते हैं. अपने सहयोगियों के साथ समन्वय बनाए रखें. व्यवसाय में शामिल लोगों को धीमी गति से लाभ मिलने की संभावना है. आप सामाजिक कार्यों में रुचि रखेंगे. अपने विचारों को सुधारें. लंबी यात्रा हो सकती है. सत्ता में बैठे लोगों को नए काम मिलेंगे.

**कन्या** दिन की शुरुआत अच्छी खबर से होगी. कार्यक्षेत्र में नई अच्छी संभावना पैदा होगी. लोगों की बहकावे में आकर कोई बड़ा निर्णय नहीं लेना चाहिए. व्यापार करने वाले लोगों को लाभ मिलने की संभावना होगी. कोर्ट कचहरी के मामले में कोई दोस्त विशिष्ट लाभदायक होगा. प्रतिष्ठा के प्रति सतर्क रहें.

**तुला** दिन की शुरुआत अच्छी खबर से होगी. विद्यार्थी वर्ग का अध्ययन करेंगे. बेरोजगार लोगों को काम मिलेगा. राजनीति में आपको चाहे जो पद मिलेगा. नौकरी में उच्च पदस्थ लोगों से निकटता बढ़ेगी. कोर्ट कचहरी के मामले में आपको न्याय मिल सकता है. व्यापार में बड़ी सफलता हासिल करेंगे.

**वृश्चिक** कल व्यापार में ऐसी सफलता मिलेगी कि आपने सोचा भी नहीं था. मजदूरों को काम मिलेगा. आप किसी राजनीतिक अभियान का नेतृत्व कर सकते हैं. जिससे आप समाज में आगे बढ़ेंगे. व्यापार में नए साथी मिलेंगे. बौद्धिक काम को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग मिलेगा. खेल में सफलता मिलेगी.

**धनु** नौकरी में प्रगति के संकेत मिल रहे हैं. सत्ता शासन को मिलेगी. कोर्ट कचहरी मामले में की गई कोशिश सफल होगी. कोर्ट किसी महत्वपूर्ण कार्य को बाधित करेगा. ईमानदारी से अपने काम का पालन करते रहे. व्यवसाय करने वाले लोगों को अधिक मेहनत करनी होगी. गुप्त शत्रु गुप्त नीति का प्रयोग करेंगे.

**मकर** कल नौकरी में उच्चाधिकारियों को अधीनस्थों और उच्च अधिकारियों के साथ वैचारिक मतभेद से बचना चाहिए. हां में हां देते रहें. व्यवसाय में नए सहयोगी लाभ होंगे. कार्यक्षेत्र में स्थानांतरण हो सकता है. व्यवसाय करने वाले लोग व्यर्थ तनाव का सामना कर सकते हैं. नीतिगत निर्णय लाभदायक होंगे.

**कुंभ** किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने की उम्मीद है. कोई सपना पूरा हो सकता है. नौकरी के साक्षात्कार और परीक्षा में सफलता मिल सकती है. काम की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है. राजनीतिक क्षेत्र में नए दोस्त मिलेंगे. व्यापार में आपकी बुद्धिमत्ता उपयोगी होगी.

**मीन** खेलकूद प्रतियोगिता में उच्च सफलता मिलेगी. पत्रकारिता, बैंक और बुद्धिजीवियों को पदोन्नति मिलने की उम्मीद है. सत्ता पर नियंत्रण करने वाले उच्च पदस्थ व्यक्ति से निकटता बढ़ेगी. सहकर्मियों का सुख सहयोग से बढ़ेगा. व्यवसाय क्षेत्र में लोगों को अपनी कार्यक्षमता में सुधार करना होगा.

### गोला में एक बोर्ड भी लगा हुआ है, फिर भी रांची से बोकारो-धनबाद जाने के लिए छोटे वाहन चालक घाटी से गुजरते हैं

# सिकिदिरी घाटी में चलने लगे हैं बस, ट्रक व ट्रेलर, दुर्घटना की आशंका

**संवाददाता। रांची**

रांची से बोकारो-धनबाद जाने के लिए छोटे वाहन चालक सिकिदिरी घाटी से गुजरते हैं. यह घाटी रांची की सिकिदिरी और रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में आता है. भारतमाला प्रोजेक्ट का काम चलने की वजह से सिकिदिरी घाटी की पुरानी सड़क से ही छोटे वाहन गुजरते हैं. गोला में एक बोर्ड भी लगा है, बड़े वाहनों का गुजरना मना है. सिकिदिरी में भी ऐसे ही बोर्ड लगे हैं. लेकिन यह सिर्फ दिखावे का बोर्ड है. बस, ट्रक और ट्रेलर तक इस घाटी से गुजरने लगे हैं. घाटी के उपर सिकिदिरी पुलिस और नीचे गोला पुलिस के जवान यह सब देख करके भी चुप रहते हैं. बड़े वाहनों को नहीं रोकने की वजह जो भी हो, पर यह छोटे वाहन और उस पर सवार लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ जरुर है.

सिकिदिरी घाटी में करीब आधा दर्जन से अधिक तीखे मोड़ हैं. यह नहीं पता चलता कि सामने से कौन सा वाहन आ रहा है. जब अचानक से सामने बस, ट्रक या ट्रेलर आ जाता है, तब छोटे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ जाती है. खास कर गोला की तरफ से आते वक्त सीधी चढ़ाई कर रहे कार के सामने जब बड़े वाहन आ जाते हैं, तब चालक के हाथ-पांव फुल जाने जैसी स्थिति बन जाती है. यह स्थिति अगर रात के वक्त हो, तो नीचे से आ रहे कार चालक को कुछ भी नहीं दिखता. सामने से आंख पर जब बड़े वाहनों के लाइट पड़ते हैं, तब कुछ सेकंड के लिए आंखें चौंधिया जाती हैं. कई बार गाड़ी रोक देनी पड़ती है.

**खास बातें**
- बस-ट्रक के कारण छोटे वाहन चालकों को दिक्कत
- गोला व ओरमांझी पुलिस की है रोकने की जिम्मेदारी



सिकिदरी घाटी से गुजरते बड़े वाहन, बस, ट्रक व टैंकर की तस्वीर.

### घाटी में सड़क कई जगह पर पतली व घुमावदार

सिकिदिरी घाटी की सड़कें घुमावदार है. तीन जगह पर बिल्कुल यू-टर्न जैसी सड़क है. सड़क की चौड़ाई हाईवे जैसी नहीं है और कम है. इस कारण छोटे वाहन चालकों के लिए घाटी से गुजरना पहले मुश्किल भरा होना स्वाभाविक है. ऊपर से बड़े वाहन बेरोकटोक चलने लगे हैं और जिम्मेदारों ने आंखें मूंद ली हैं, तो कार सवारों के लिए यह घाटी जानलेवा साबित हो सकता है.

### मौसमी बीमारी की दवा खरीद को दी जाएगी प्राथमिकता

# रोगों का निवारण व नियंत्रण पर खर्च होंगे 58.64 करोड़

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार रोगों के निवारण और नियंत्रण पर 59 करोड़ 64 लाख 23 हजार 472 रुपये खर्च करेगी. इसमें सरकार में मौसम बीमारी से उत्पन्न होने वाले रोगों पर फोकस किया है. जारी आदेश में कहा गया है कि मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते हुए अगले चार महीने तक की दवा आवश्यकतानुसार खरीदी जाएगा. साथ ही सर्पदंश और कुत्ता काटने के कारण दी जाने वाली दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा है. वैसी दवा की खरीद की जाएगी जिसका दर निर्धारण निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया है. साथ ही यह भी ध्यान रखा जाएगा की दर निर्धारण की वैधता सीमा समाप्त नहीं हुई हो. वैसी दवा जिसका दर निर्धारण निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की सूची में नहीं हो अथवा दर निर्धारण अवधि समाप्त हो चुकी हो. ऐसी दवाओं की खरीद प्राथमिकता को आधार पर किया जाएगा.

**अनावश्यक दवाओं की खरीद न हो :** स्वास्थ्य विभाग के आदेश के अनुसार अनावश्यक रूप से अधिक दवाओं की खरीद संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा नहीं किया जाएगा, अन्यथा इसके लिए वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार होंगे. दवाओं के तिथिवाद होने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी. खरीद की गई दवाएं के एक्सपाइरी डेट पर भी ध्यान दिया जाना सुनिश्चित होना चाहिए. दवाओं की सेल्फ लाइफ कम से कम उसकी पूरी अवधि का 80 प्रतिशत होनी चाहिए. साथ हीअस्पताल में उपलब्ध दवाओं की सूची जन साधारण के अवलोकन के लिए अस्पताल के सूचना पट्ट के निकट अथवा किसी अन्य उचित स्थान पर प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य है.



फाइल फोटो

### दवा की उपलब्धता की हर महीने देनी होगी रिपोर्ट

सिविल सर्जन व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी जिला के एक वरीय चिकित्सा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करेंगे, जो जिले के सभी अस्पतालों में दवा की उपलब्धता का लगातार अनुश्रवण करेंगे. साथ ही नियमित रूप से इसका प्रतिवेदन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को देंगे. अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दवा की उपलब्धता को मासिक रूप से निदेशालय के उनके जिला के नोडल पदाधिकारी को सूचित करेंगे. सभी सिविल सर्जन व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दवाओं की उपलब्धता का आकलन करेंगे, जिन दवाओं की अगले तीन-चार माह में आवश्यकता हो, सिर्फ उन्ही दवाओं की मात्रा के अनुरूप निविदा निर्धारित प्रक्रिया के तहत क्रय कर सकेंगे. यदि दया क्रय करने की आवश्यकता नहीं हो तो शीघ्र राशि प्रत्यर्पित करेंगे न कि मार्च 2025 में प्रत्यर्पण की कार्रवाई करेंगे.

### हर महीने होगा स्टॉक पंजी का सत्यापन

प्रत्येक माह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी स्टॉक पंजी का सत्यापन करेंगे. विभाग से दवा भंडार मद में आवंटन की मांग करने से पूर्व सिविल सर्जन द्वारा स्टॉक पंजी का सत्यापन करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रतिहस्ताक्षरित प्रति के साथ उपलब्ध कराया जाएगा. दवाओं के क्रय के बाद व्यय विवरणी विभाग को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा. दवा का क्रय नियमानुसार करते हुए क्रय की गयी दवाओं की प्रविष्टि आवश्यक रूप से स्टॉक पंजी में किया जाना अनिवार्य होगा.

**खास बातें**
- अगले चार महीने तक दवा की आवश्यकतानुसार होगी खरीद
- सांप और कुत्ता काटने की दवा की उपलब्धता भी हो सुनिश्चित
- हॉस्पीटल के सूचना पट पर हर हाल में अंकित हो दवाओं की सूची

**इन योजनाओं को मिली स्वीकृति**
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना योजना (60 प्रतिशत केन्द्रांश और 40 प्रतिशत राज्यांश) के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य में केंद्र द्वारा प्रायोजित मिशन, झारखण्ड के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश मद के विरुद्ध राज्यांश मद में एक अरब 28 करोड़ 86 लाख रुपये की स्वीकृति
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना (60 प्रतिशत केन्द्रांश : 40 प्रतिशत राज्यांश) के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश मद में विमुक्त राशि एक अरब 93 करोड़, 29 लाख रुपये की दी गई स्वीकृति
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजना के तहत विभिन्न जिलों में अवस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधीनस्थ अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों , संस्थानों और कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के तहत विभिन्न श्रेणी की सेवाओं को प्राप्त करने पर व्यय किए जाने के निमित कुल एक अरब 44 करोड़, 71 लाख 51 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है

## आम बजट के लिए वित्त मंत्रालय को भेज दिया है सुझाव : अखौरी

**संवाददाता। रांची**

झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसियेशन (जेसीपीडीए) के अध्यक्ष संजय अखौरी ने वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किये जानेवाले आम बजट को देखते हुए वित्त मंत्रालय को अपना सुझाव और मांग प्रेषित किया है. इसमें उन्होंने कहा कि बजट में व्यापारी समुदाय को विशेष तवज्जो दी जाय. यह कहा कि मौजूदा जीएसटी प्रणाली को सरलीकृत बनाने के लिए जीएसटी कानून की नये सिरे से समीक्षा करने की जरुरत है. जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि कानून ऐसा बनाया जाए जिसका देश के आम व्यापारी भी सरलता से पालन कर सकें. यह सुझाया कि हर जिला स्तर पर अधिकारियों और व्यापारियों की एक जीएसटी को-ऑर्डिनेशन कमेटी बनाई जाय ताकि जिला स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो और जीएसटी का कर दायरा जिला स्तर पर ही आपसी समन्वय से बढ़ाया जाए. उन्होंने सुझाव दिया कि छोटे और लघु उद्योगों के लिए बजट में विशेष पैकेज की मांग की गई, कहा गया कि रोजगार के दृष्टिकोण से ये सेक्टर बेहद अहम है. उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन के लिए सरकार को मैनुफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की रफ्तार बढ़ानी होगी, साथ ही ग्रामीण इलाकों में आय को बढ़ाने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ करदाताओं को टैक्स में छूट दिया जाना जरूरी है.

## सरकारी स्कूलों में लगाए गए 2 लाख 30 हजार से अधिक पौधे

- मिशन लाइफ के तहत 5 लाख पौधे लगाने का है लक्ष्य

**पियूष गौतम। रांची**

राज्यभर के सभी सरकारी स्कूलों में बीते 2 जून से वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत झारखंड के सरकारी स्कूलों में पांच लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है. झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद से मिले आंकड़ों के मुताबिक मिशन लाइफ के तहत सरकारी विद्यालयों में अबतक लगभग 2 लाख 30 हजार से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं. पर्यावरण संरक्षण व विद्यालय कैंपस को हरा-भरा बनाने के लिए राज्य के सभी स्कूलों में लगातार पौधरोपण किया जा रहा है. इसके अलावा इस मिशन के तहत विद्यालयों में 15963 आदर्श किचन गार्डन भी बनाये जा चुके हैं. इस किचन गार्डन में मध्याह्न भोजन में उपयोग होने वाले पोषक सब्जियां उगाई जा रही हैं और औषधीय पौधे लगाए जा रहे हैं.



**प्राथमिक में 10, मध्य में 20 व उच्च विद्यालय में 30 पौधे लगाना अनिवार्य :** इस पौधरोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य है. वहीं इस दिशा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कृत किया जाएगा. इसके लिए सभी स्कूलों को विस्तृत दिशा निर्देश के साथ-साथ राशि पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है.

## उपद्रवियों ने बाजार क्षेत्र में की पत्थर बाजी, आधा दर्जन लोग घायल



**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के बभनी गांव स्थित मैदान में अंडर (18) दो क्रिकेट टीमों के बीच क्रिकेट खेलने के दौरान दो खिलाड़ियों में कहा सुनी और विवाद हुआ. इसके बाद खेल बंद हो गया और सभी अपने अपने घर चले आये. उसके बाद मझिआंव थाना क्षेत्र के घुरुवा और बरडीहा बभनी के खिलाड़ी मझिआंव आए तो खेल विवाद पर ही कहा सुनी हुई और मार-पीट भी हुई. जिसमें दो लोग घायल हो गए. जानकारी के अनुसार उसके बाद दो समुदायों के रंग देने के लिए ख्याल से बभनी, घुरुवा खुर्द एवं तलसबरिया के मुस्लिम समुदाय के लगभग 40 से पैंतालीस मोटरसाइकिल से लगभग डेढ़ सौ की संख्या में लाठी डंडे से लैस होकर मझिआंव मुख्य बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे और गाली गलौज करते हुए सभी लोग मुख्य बाजार के तीन मुहान पर पहुंचे और आक्रोश जताते हुए हो हंगामा किया एवं पत्थर बाजी भी की. और गाली गलौज करते हुए दुकानों को बंद करवा दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके बाद अपनी शक्ति का प्रदर्शन को दिखाते हुए मुख्य बाजार के पीपल पेड़ के समीप एवं तीन मुहान चौक के समीप आकर प्रदर्शन करने का असफल प्रयास किए जाने को लेकर हिंदू संगठन के युवकों ने इसका विरोध जताया. ऐसा लग रहा था कि दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए आपस में भिड़ जाएंगे. इस बीच भी पथराव किया गया. इस दौरान कुछ लोग घायल भी हुए. कुछ दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ. यहां तक कि उपद्रवियों ने बराती वाहन को रोक कर गाली गलौज किया और उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाया. इसकी सूचना पाते ही थाना प्रभारी आकाश कुमार ने काफी संख्या में पुलिस बल बाजार भेजा और स्थिति पर नियंत्रित करते हुए इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दी गई. तब तक स्थिति कुछ सामान्य हो चुकी थी.

### पुलिस मुख्यालय ने मांगा मनोनयन

## सिपाही-हवलदार को एएसआई रैंक में मिलेगी प्रोन्नति

**रांची।** सिपाही और हवलदार स्तर के पुलिसकर्मियों को एएसआई रैंक में प्रोन्नति मिलेगी. इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी रेंज के डीआईजी के अलावा स्पेशल ब्रांच, सीआईडी, एसीबी, एसटीएफ और रेल डीआईजी को 12 जुलाई को पत्र लिखकर मनोनयन (नॉमिनेशन) मांगा है. पुलिस मुख्यालय ने 15 दिनों के अंदर मनोनयन उपलब्ध कराने को कहा है. बता दें कि करीब दो हजार पुलिसकर्मी को प्रोन्नति दी जायेगी.

**इस तारीख से नियुक्त हुए पुलिसकर्मी को मिलेगी प्रोन्नति**
- **अनारक्षित** : 20 सितंबर 2005
- **अनुसूचित जाति** : 25 अक्टूबर 2005
- **अनुसूचित जनजाति** : 13 जून 2006

**प्रमोशन मिला, लेकिन नहीं हुई बहाली**

झारखंड पुलिस इन दिनों पुलिसकर्मियों की कमी से जूझ रही है. सैकड़ों स्वीकृत पद खाली हैं. पुलिसकर्मियों को प्रमोशन तो मिल रहा, लेकिन रिक्त पदों पर बहाली नहीं हो पा रही है. राज्य में हवलदार और सिपाही स्तर तक के पुलिसकर्मियों की भारी कमी हो गयी है. वर्तमान में हालात यह है कि हवलदार रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 7751 पद स्वीकृत हैं. लेकिन वर्तमान में 4620 पुलिसकर्मी कार्यरत हैं. वहीं सिपाही रैंक के पुलिसकर्मियों के कुल 32021 पद स्वीकृत हैं. लेकिन 25554 पुलिसकर्मी ही कार्यरत हैं.

### सबुआ स्कूल की भूमि का हुआ सीमांकन

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के लमारी कला पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सबुआ की जमीन पर कई दशकों से अवैध कब्जे की शिकार सबुआ स्कूल की जमीन का सीमांकन किया गया. मुखिया प्रतिनिधि, पुलिस बल व ग्रामीणों की उपस्थिति में अंचल अमीन ने सीमांकन किया गया. मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही कुछ लोगों ने कई दशकों से अवैध कब्जा जमाकर उस पर बराबर खेती बारी किया करते हैं. इधर जमीन के अभाव में स्कूल के विद्यार्थी व शिक्षक प्रतिदिन परेशानी झेलते रहे हैं. इस गंभीर मामले को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार को पूरी जानकारी देते हुए कार्रवाई का आग्रह किया गया. अगले ही दिन एसडीओ ने सबुआ गांव पहुंचकर स्कूल की जमीन पर दशकों से अवैध कब्जा से उत्पन्न परिस्थिति का जायजा लिया.

## नॉर्मलाइजेशन की आड़ में भ्रष्टाचार, हेमंत सरकार गयी इस बार : अमर बाउरी

- हेमंत राज में जेएलएसीइ 2023 में अनरिजर्व कैटेगरी में 150 में 80 अंक लाने वाले अभ्यर्थी का चयन हो गया
- 130 प्लस सही करने के बावजूद भी चयन तक नहीं हुआ

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने लैब असिस्टेंट नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी और अभ्यर्थियों के बीच पक्षपात का आरोप लगाया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि मामला बेहद गंभीर है विभाग अपना स्पष्टीकरण दे. इसलिए सीबीआई जांच आवश्यक है. हेमंत राज में जेएलएसीइ 2023 में अनरिजर्व कैटेगरी में 150 में 80 अंक लाने वाले अभ्यर्थी का चयन हो गया. साथ ही होम टाउन तो छोड़िए होम विलेज के होम स्कूल में ज्वाइन करवा दिया, लेकिन बीसी वन और टू (आईआईटी के विद्यार्थी) को 130 प्लस सही करने के बावजूद भी चयन तक नहीं हुआ. 50 प्रश्न अधिक सही करने वाले आईआईटी में पढ़े ओबीसी विद्यार्थी का चयन न होना, वहीं 50 सवाल कम सही करने वाले विद्यार्थी का चयन अनरिजर्व से होना सवाल खड़ा करता है.



**100 नंबर का अंतर भी**

बाउरी ने ट्वीट में लिखा है कि हर प्रश्न का 2 अंक अर्थात यह सिर्फ 50 प्रश्नों अंतर नहीं बल्कि पूरे 100 नंबर का अंतर है. 100 अंकों का नॉर्मलाइजेशन वाह! अभ्यर्थियों से लगातार मिल रही जानकारी के मुताबिक ये तो महज एक ट्रेलर है, ऐसा कई अभ्यर्थियों के साथ हुआ है. यह दिखता है कि किस प्रकार हेमंत सरकार झारखंड के हमारे बच्चों का भविष्य को रौंद रही है. नॉर्मलाइजेशन की आड़ में भ्रष्टाचार? हेमंत सरकार, गई इस बार.

**कार्यक्रम** भाजपा जगन्नाथपुर विस स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन व विजय संकल्प सभा का आयोजन

# गीता कोड़ा को साजिश व धन-बल से झूठा प्रचार कर हराया : डॉ. गोस्वामी

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**

भाजपा का जगन्नाथपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन व विजय संकल्प सभा का आयोजन 13 जुलाई को नोवामुंडी स्थित कल्याण मंडप सह सामुदायिक भवन में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दिन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया. कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा गठबंधन 52 विधानसभा क्षेत्रों में जीती है. इसमें कई मंत्रियों का विधानसभा क्षेत्र भी है. भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को सरकारी साजिश व धन-बल की बदौलत झूठा प्रचार कर हराया गया. मजदूरों व सारंडा के बेरोजगारों के हित में मधु कोड़ा ने गुवा में ऐतिहासिक जीत दर्ज की. वे बधाई के पात्र हैं. कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया.





पौधा देकर बूथ अध्यक्षों को सम्मानित करते अधिकारी.

### विदेशी ताकतें भाजपा को हराने में लगी हैं : गीता

कार्यक्रम की कोल्हान प्रभारी सह पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का अभिनंदन होना इसलिए चाहिए कि वे पांच वर्ष अपनी पार्टी के लिए बूथ से लेकर जनता के बीच संघर्ष व मेहनत करते रहते हैं. हमें अपने मन से इस बात को निकाल देना है कि हम लोकसभा चुनाव हारे हैं. विदेशी ताकतें भाजपा को हराने के लिए हर स्तर से लगी हैं. ऐसी ताकतों को कभी भी हमारे कार्यकर्ता सफल नहीं होने देंगे. भाजपा व तिरंगा का केसरिया रंग वीरता का प्रतीक है.

### इंडी ने झूठा प्रचार कर लोगों को गुमराह किया : कोड़ा

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि छोटे कार्यकर्ताओं को भी भाजपा सम्मानित करती है. हम लोकसभा चुनाव भले ही हारे हैं, लेकिन अपने परिश्रमी कार्यकर्ताओं का सम्मान करने से पीछे नहीं रहेंगे. हमें यहां से संकल्प लेकर जाना है कि सभी बूथों को काफी मजबूत करेंगे और उनपर भारी जीत दर्ज करेंगे. सभी कार्यकर्ता जनता का सेवक बनकर कार्य करें. इंडी गठबंधन ने संविधान बदलने, आदिवासियों की जमीन लेने, खटाखट पैसा खाते में डालने जैसा झूठा प्रचार कर लोगों को गुमराह किया है.

### कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रभारी अजीत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिपिन पूर्ति, एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह पूर्व जिप सदस्य शंभू हाजरा, मंजित कोड़ा, रामा पांडेय, बंगाली प्रधान, राई भूमिज, संजीव राय, मानकी लागुड़ा देवगम, चंद्रमोहन गोप, मुंडा कानुराम देवगम, मुंडा बिनोद बारिक, भानू तिर्की, जिप सदस्य देवकी कुमारी आदि एक हजार से अधिक कार्यकर्ता मौजूद थे.

**पेज एक का शेष**

### नरसिंह इस्पात...ग्रामीणों में खुशी की लहर...

ग्राम सभा की मांग है कि इन सरकारी प्लॉटों की भी मापी करवाएं और वास्तविकता ग्रामीणों के समक्ष रखें. जानकारी के अनुसार सरकार के संयुक्त सचिव के द्वारा सदन में यह भी जानकारी दिया गया था कि कंपनी प्रबंधन द्वारा कुरली पीएफ में 0.24 हेक्टेयर, मुसरीबेड़ा पीएफ में 0.08 हेक्टेयर कुल पांच हेक्टेयर में वनभूमि का अतिक्रमण किया गया है. इसके अलावा मुसरीकुदर पीएफ में 9.62 हेक्टयेर खतियान में जंगल-झाड़ दर्ज भूमि पर अतिक्रमण किया गया है. इस प्रकार कंपनी द्वारा कुल 10.12 हेक्टेयर वनभूमि का अतिक्रमण किया गया है. इस संबंध में कंपनी के खिलाफ वनवाद दर्ज कराया गया है. हालांकि वन विभाग द्वारा अपनी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की बात कही जा रही है. वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए वनभूमि पर कंपनी द्वारा चारदीवारी देने के काम को तोड़कर सामग्री को जप्त भी किया जा चुका है. सूत्रों के अनुसार कंपनी पिछले कई वर्षों से फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी नहीं लिया है.

### इंडिया 10, भाजपा 02....

**इंडिया गठबंधन की जीत के मायने :** इंडिया गठबंधन के लिए यह जीत बूस्टर का काम करेगी. विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक फायदा कांग्रेस को हुआ है. कांग्रेस ने चार सीटों पर जीत हासिल की है. इन चुनाव परिणाम का असर राज्य के साथ ही केंद्र में साफ देखने को मिलेगा. लोस चुनाव के परिणाम से उत्साहित कांग्रेस इन नतीजों के बाद भाजपा के खिलाफ अधिक आक्रामक नजर आएगी.

# कलुषित जीवन दीन का, शोषित वह दिन रात!




## कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**थाने** में एक चोर को थानेदार जी पीटते-पीटते थक गये, लेकिन चोर अपना अपराध कबूल करने का नाम ही नहीं ले रहा था. एक पढ़े-लिखे सिपाही ने थानेदार को इशारे से अपने पास बुलाया और उस चोर से निपटने का सही उपाय बताया. थानेदार चौवनियां मुस्कान के साथ चोर के पास आये और बोले-तुम ऐसे नहीं मानोगे, लेकिन हम भी कच्चे खिलाड़ी नहीं हैं. तुमसे तो जुर्म कबूलवा कर रहेंगे. हम अभी एक कवि को बुलाते हैं. तुम्हारे होश ठिकाने पर आ जाएंगे. चोर घबरा गया. उसके आंखों में दहशत की परछाई तैर गयी. उसने थानेदार के पैर पकड़ लिए और घिघयाने लगा-आप मुझे गोली मार दीजिए. मुझे फांसी पर झुलाइये, लेकिन यहां किसी कवि को न बुलाइये. कवि का नाम सुनते ही मैं बेबस और लाचार हूं. आइये, मैं अपना जुर्म कबूलने को तैयार हूं. यह चुटकुला बहुप्रचलित है. इसलिए आपके लिए यह नया नहीं होगा. तो क्या हमारा समाज कवि को इतना ही भयानक समझता है? सच्चाई तो यह है कि कवि एक संवेदनशील, चिंतक, सबका मंगल चाहनेवाला, सहृदय, शब्दसाधक और उच्च कोटि का विचारक होता है, जो अंधकार में भटकते व्यक्ति और समाज के मार्गदर्शन के लिए हाथ में मशाल लिये खड़ा होता है. रामचरित मानस के रूप में गोस्वामी तुलसीदास जी का मशाल सदियों से लोकजीवन को प्रकाशित कर रहा है और अपना दायित्व अनंत काल तक निभाता रहेगा. प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक कवि और साहित्यकार समाज को अपने अमर अवदान दे चुके हैं. इसके बावजूद अगर कवि आज त्याज्य समझा जाये तो इसका स्पष्ट कारण है कवियों के बीच अकवियों की घुसपैठ, जिन्होंने धनबल से अपने वर्चस्व का साम्राज्य खड़ा कर रखा है. कवि का मतलब पागल नहीं होता, लेकिन अगर कोई ऐसा ही समझ कर बैठा रहे तो क्या किया जा सकता है? बहुत सारे प्रहारों के बाद भी हिंदी कविताओं में आज भी छंद कायम है. आज भी छंदबद्ध कविताओं के सृजन करनेवाले कवियों की संख्या कम नहीं है. झारखंड में भी दर्जनों कवि छंदों की रचना में संलग्न हैं और इस मिथक को तोड़ने में लगे हैं कि छंदबद्ध रचना में कवि अपने भावों को स्वतंत्रतापूर्वक पूर्ण अभिव्यक्ति नहीं दे पाता. रांची की कवयित्री **'मीनू' मीना सिन्हा** उसी का एक उदाहरण हैं, जिनके मुक्तकों में छंद का प्रयोग देखकर लोग विस्मित हो जाते हैं. प्रस्तुत है मीनू जी की 'कवि मन' शीर्षक यह रचना, जिसके प्रत्येक पद में मात्राभार 16 का है.

कवि को पागल लोग समझते.
सब जन उस पर हंसते रहते.
जगती रहती बौराई-सी-निर्जन क्रंदन निज में बुनते.
बन जाती फिर रचना प्यारी.
खुशियों की महके फुलवारी.
रे कविमन, तू खो मत धीरज- खारे आँसू पी, लिख सारी.
एक दिन ऐसा भी आएगा .
तू ही हंसता रह जाएगा.
केवल कविता यहां रहेगी-
हंसनेवाला पछताएगा.
कविमन, तू क्यों रोता है?
तुम पाते जब जग सोता है.
आनी-जानी दुनिया सारी
हरपल यहाँ सभी खोता है.
अपनी राहें बस चलता चल.
सोचो मत, तुम क्या होगा कल.
लोगों को क्या कहना-सुनना-
लेखिनी बहे कल-कल छल-छल.



जैसा कि आप जानते हैं, चौपाई छंद की रचना भी सोलह मात्राओं से ही होती है, जो हर भावना को अभिव्यक्ति देने में सक्षम है. मल्लिक मोहम्मद जायसी और गोस्वामी तुलसीदास चौपाई के साथ दोहे की अभिव्यक्ति क्षमता से पूरे विश्व को परिचित करा चुके हैं. रहीम, बिहारी, वृंद आदि कवियों ने दोहा को महिमावान बना दिया है. सतसइयां के दोहरे अरु नावक के तीर, देखन में छोटन लगे घाव करे गंभीर. जमशेदपुर की कवयित्री **वीणा नंदिनी** को दोहा छंद बहुत पसंद हैं. तभी तो इन्होंने स्कंद पुराण के आठवें अध्याय तथा शिव पुराण के बारहवें अध्याय का अनुवाद दोहे में ही कर दिया है. 'भाव नंदिनी' इनका प्रकाशित दोहा संग्रह है. इसके अतिरिक्त 'काव्य नंदिनी' 'वनगीत माला', 'नंदिनी गीतिका', 'साहित्य नंदिनी छंद संग्रह' इनकी अन्य प्रकाशित कृतियां हैं. ये कविता, कहानी, संस्मरण, लघुकथा के सृजन में पारंगत हैं. केंद्रीय विद्यालय में अध्यापन कार्य कर चुकीं वीणा जी अब साहित्य साधना में लीन हैं. इनकी उपलब्धियों में रांची के साहित्य कुंज मंच की ओर से नवगीतकार सम्मान, साहित्योदय मंच से काव्य रत्न सम्मान, जमशेदपुर के तुलसी भवन से मैथिलीशरण गुप्त सम्मान शामिल हैं. प्रस्तुत हैं वीणा नंदिनी के ये दोहे-



आया कब बरसात यूं, माह मेघ से दूर.
यथाकाल बैताल बन, उथल-पुथल भरपूर..
अभ्र करे अब अर्ज यूं, बना अभी ये संत.
मौका दे नर कब इसे,काटे खुद ये दंत..
मानव के करतूत से, नहीं जलद आकाश.
करे कर्म नर यूं सदा, होगा धरा विनाश..
चकवा चकई मिल कहां, होता कब सहवास.
दिखे निराशा पेड़ में,सहता ये उपहास..
निर्धन को राहत कभी, अविरल गेह निराश.
सूखी रोटी पिस बने, सब्जी सदा तलाश..
नोन तेल निर्धन कमी, सरल हृदय जंजाल.
जान-माल सुरक्षित नहीं, नेता करे बवाल..
कलुषित जीवन दीन का, शोषित वह दिन रात.
दौलत वाले छीनते, घात रियासत भात..

छंदों की रचना में ऐसे ही प्रवीण कवि हैं दुमका निवासी **शंभुनाथ मिस्त्री**. छंदों के माध्यम से इनकी कुशल अभिव्यक्ति चमत्कार उत्पन्न करने की क्षमता रखती है. इनकी 'मेघ-गीत' शीर्षक वाली यह रचना इसका उदाहरण है-



घोर गर्जना करते करते निकल गया मेघों का दल.
मोटे तगड़े जो थे सारे गुज़र गये
हल्के-फुल्के बादल क्या कुछ कर पाते,
वे तो निकले बस उनके चमचा केवल
मिला जिस तरह का आदेश वही गाते;
सूखी प्यासी धरती से इस तरह किया है उसने छल.
जो ऊपर ही ऊपर रहते उड़ते-से
उसने कब माटी का कुछ उपकार किया,
दम्भ सजाये रहते हैं अपने भीतर
नवांकुरों की आशा को दुत्कार दिया;
निर्मोही निकला इतना वह,दिया न थोड़ा-सा भी जल.
जब जब ऐसा मौसम धरती पर आता
आधिपत्य का ध्वज लहराने आते हैं,
धूम-धड़ाका करते आते बांध समां
अपना ही कुछ गाते और गवाते हैं;
ऐन वक्त पर आकर अपना खूब दिखाने लगते बल.

शम्भुनाथ मिस्त्री पेशे से सुयोग्य अध्यापक की भूमिका निभा कर 2004 में सेवा निवृत्त हो चुके हैं और संप्रति काव्य साधना में लगे हैं. इन्होंने हिंदी साहित्य की उल्लेखनीय सेवा की है. समकालीन कवियों की रचनाओं का संकलन 'रजत शिखर', 'वीर जवानों तुम्हें प्रणाम', दस भाषाओं के कवियों का काव्य संकलन 'बांस-बांस बांसुरी' तथा दस कवियों के एक हजार दोहों का संकलन 'माटी कहे कुम्हार से' इनकी संपादित कृतियां हैं. 101 हिंदी गीतों का संग्रह 'धुली बर्फ का उजास', अंगिका गीतिकाव्य 'पीरा', अंगिका गीत-गजल 'बून-बून आंखी से टपकै छे गीत' इनकी प्रकाशित रचनाओं में सम्मिलित हैं. झारखंड के कवियों की लेखनी इसी प्रकार चलती रहे, साहित्य की वाटिका इसी प्रकार फूलती-फलती रहे. इसी कामना के साथ आज्ञा चाहता हूं. पूर्ण करता हूं अपनी बात. इसी स्थान पर अगले सप्ताह होगी फिर मुलाकात. जय हिंद! जय झारखंड!!



### तो गजल होती है!

सामने लाल छड़ी हो तो ग़ज़ल होती है
ज़ुल्फ़ गालों पे पड़ी हो तो ग़ज़ल होती है.
फैस को मोड़ के कॉलेज की हसीना कोई
बच के लाइन में खड़ी हो तो ग़ज़ल होती है.
तीस तारीख को पिक्चर के लिए जब मैडम
एकदम जिद पे अड़ी हो तो ग़ज़ल होती है.
जो दिलों का खटोला नहीं बिछने देते
खाट ऐसों की खड़ी हो तो ग़ज़ल होती है.
रात दिन ठाठ से होती रहे इनकम लेकिन
टैक्स भरने की घड़ी हो तो ग़ज़ल होती है.
अपने दूल्हे से कोई शोख़ नवेली दुल्हन
पूरे दस साल बड़ी हो तो ग़ज़ल होती है.

-अल्हड़ बीकानेरी

# बदलता देश, बदला-सा गांव





## चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**बचपन** में किताबों में पढ़ा था -भारत गावों का देश है. उम्र बढ़ती गयी और गांव की बहुत अधिक चीजें खराब नज़र आतीं, पश्चिम के अंधप्रभाव में भारत का एक बड़ा युवा जनमानस पश्चिमी शिक्षा, लिबास, भोजन, संस्कृति और रोजगार के नशे में लीन था. बहुत बाद में पता चलने लगा कि अंग्रेजों ने सौ साल भारत पर राज ही नहीं किया, भारत के एक बड़े भूभाग को मानसिक रूप से गुलाम बना दिया. आज़ादी के सतहत्तर साल बाद भी लोग अंग्रेज़ियत के गुलाम हैं. इसमें एक बहुत बड़ा बिंदु था अपनी संस्कृति, संस्कार, आचार-विचार, व्यवहार, खान-पान में अंग्रेज़ियत अपनाना और अपने पुरुखों के सारे ग्रामीण संस्कृति, संस्कार, आचार-विचार, व्यवहार, खान-पान को हेय दृष्टि से देखना! मुख्य रूप से इंग्लैंड व्यापारियों और दलालों का देश है. पूरी दुनिया में व्यापारी के रूप में ही शुरू में गए और फिर वहां शासन करने लगे, पर बड़े हिस्से में व्यापार कर, धन कमाकर पुनः वे वापस अपने देश चले गए. इसी कारण से सांस्कृतिक रूप से समृद्ध फ्रांस हमेशा इंग्लैंड की सभ्यता को नीची नज़र से देखता रहा है. इंग्लैंड के शासन का असर अब भारत में ज्यादा मुखर रूप में दिख रहा है. भारत में प्रसिद्ध मुहावरे "उत्तम खेती...." अब अर्थहीन हो चुका है! गांव में भी अब सबसे प्रभावी व्यापार करने वाले हैं और दलाल हैं. अंग्रेज़ी में इसके सुंदर-सुंदर नाम दिए गए हैं. सरकार ने सुनियोजित ढंग से कृषकों को 'अनुदानजीवी ' बना दिया. उन्हें समय पर कम कीमत में बीज, खाद और नहर से सिंचाई की व्यवस्था हो, यह कोई भी सरकार पिछले सात दशकों में सुनिश्चित नहीं कर पाई, पर कुछ राशि देकर उसे असहाय, निर्बल ज़रूर बनाया गया! पता नहीं सम्मानित किसान के आत्मसम्मान पर इस अनुदान से क्या असर पड़ता है! पर गांव तो गांव है. अब भी गांव में आरओ के पानी की ज़रूरत नहीं पड़ती. कुआं, चापाकल और बोरिंग का पानी बिल्कुल साफ, मृदु और स्वच्छ है! उसके पीने और उसमें नहाने का आनंद ही कुछ और है. बिना इंजेक्शन वाली सब्ज़ियां और फल मिल जाते हैं. गांव में वातानुकूलित कमरों की जरूरत नहीं होती! महानगरों की तरह 'ऑक्सीजन पार्लर ' भी जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती. सीधे साफ, स्वच्छ हवा सांस लेने के लिए उपलब्ध है. थोड़ी सामाजिकता और सहयोग अभी भी बचा है गांव में. हालांकि 'विकास' के दानव ने व्यापारियों, ठीकेदारों, दलालों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि कर दी है. ज़ाहिर है, पेड़ों और इंसान का जीवन असुरक्षित हो गया है गांव में भी. अब गांव में किसी बुज़ुर्ग को पहले की तरह सम्मान से नहीं देखा जाता है, न ही किसी एक की बेटी गांव की बेटी मानी जाती है. फिल्मी असर से गांव में, टोलों में भी इश्क का बुखार चढ़ने लगा है. ग्रामीण युवक बड़ी तादात में विभिन्न नशों के आदी होने लगे हैं, पर फिर भी गांव बहुत हद तक 'भारत' को संरक्षित किये हुए हैं. मुझे याद है पर दिवंगत पिताजी स्वास्थ्य लाभ के बाद गांव की यात्रा में थे तो कई दिनों की चुप्पी के बाद कोशी क्षेत्र में गाड़ी के प्रवेश करते ही मुस्कुराकर बोल उठे थे "कितनी शीतल हवा है यहां की".

# वैशाली का अशोक स्तंभ : अद्भुत एवं अद्वितीय



## यायावर


डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**बिहार** का वैशाली वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित है, क्योंकि यह एक ओर गौतमबुद्ध की उपदेश भूमि है तो दूसरी ओर जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर की जन्मभूमि है, तीसरी ओर गणतंत्र की जननी, चौथी ओर रामायण कालीन क्षत्रिय राजा विशाल की राजधानी और पांचवीं ओर वैशाली की नगर वधू आम्रपाली की दीक्षा भूमि है. बहुविध चतुर्दिक प्रतिष्ठा प्राप्त कर आज वैशाली वैश्विक धरातल पर अजर अमर हो चुकी है. इतिहास साक्षी है कि कलिंग युद्ध के बाद अशोक ने शस्त्र का त्याग कर बौद्ध धर्म को स्वीकार कर लिया, क्योंकि बौद्ध धर्म में करुणा और अहिंसा की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है. अशोक ने केवल देश में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी बौद्ध धर्म का विधिवत् प्रचार-प्रसार किया. बुद्ध को यह स्थान बड़ा ही प्रिय था, अतएव बौद्ध लोग इस नगर की गणना अपने धार्मिक तीर्थ के रूप में करने लगे. लगता है कि अशोक बौद्ध तीर्थों का पर्यटन करता हुआ इस नगर में भी आया था. उसने वहां एक स्तम्भ खड़ा किया, पर्यटन करता हुआ इस नगर में भी आया था। कोल्हुआ ग्राम में महान सम्राट अशोक के द्वारा बनवाया गया अशोक स्तंभ अत्यंत चमकीले सैण्डी स्टोन का है, जिसके घंटाकार मस्तूल पर सिंह की आदमकद मूर्ति स्थापित है. स्तम्भ के समीप एक बौद्ध मठ भी है. वैशाली का यह स्तम्भ अशोक के अन्य दूसरे स्तम्भों से बिलकुल अलग है क्योंकि इस स्तम्भ के शीर्ष पर केवल एक ही शेर है और उसका मुंह उत्तर दिशा की ओर है जिस दिशा में तथागत बुद्ध ने अपनी अंतिम यात्रा की थी. यह १८. मीटर ऊँचा लाल बलुआ पत्थर से बना हुआ है. स्तंभ के बगल में ईंट का बना एक स्तूप और एक तालाब है, जिसे रामकुंड के नाम से जाना जाता है. पिछले कई वर्षों से भारत सरकार की ओर से यहां खुदाई चल रही है, जिससे बड़ी उपलब्धियों को प्रकाश में आने की संभावना है.



वैशाली के कोल्हुआ ग्राम में अशोक द्वारा निर्मित अशोक स्तंभ का ऐतिहासिक महत्व है. 50 फीट लंबा स्तंभ मौर्यकालीन स्थापत्य कला का जीता जागता नमूना है. स्तंभ के इर्द-गिर्द की खुदाई से विभिन्न कालों में बने मनौती स्तूप बड़ी संख्या में मिले हैं. वैशाली में अशोक स्तंभ " भीम सेन" की लाठी के नाम से प्रसिद्ध है. इसका बहुत बड़ा भाग जमीन के अंदर है. उतना ही चिकना नीचे भी है. जनश्रुति है कि अशोक ने जब बौद्ध स्थानों के दर्शनार्थ नेपाल की यात्रा की थी, उसी क्रम में इसे बनवाया था. क्योंकि यह पाटलिपुत्र और लुम्बनी के रास्ते में पड़ते हैं. ये स्तंभ अशोक की आस्तिकता और बौद्ध धर्म के प्रति उसके अनुराग के प्रतीक हैं. चीनी यात्री फाहियान ने अपनी भारत यात्रा में इसकी सार गर्भित व्याख्या की है, जिसे आज भी देखा जा सकता है.

# कैसे करें हड़बड़ी, न हो गड़बड़ी



## नश्तर

सुधीर राघव

**हड़बड़ी** में गड़बड़ी और गड़बड़ी में सब गड़बड़ होता है. जो हमेशा हड़बड़-हड़बड़ करते हैं, वे अक्सर गड़बड़ नतीजे देते हैं. तब कैसे करें हड़बड़ी कि न हो गड़बड़ी. केलोबलो कंपनी के सभी न्यूज चैनलों के एंकरों के लिए वर्कशॉप आयोजित की जा रही थी. सारे न्यूज़ एंकर हड़बड़-तड़बड़ न्यूज पढ़ते थे और गड़बड़-शड़बड़ न्यूज देते थे. यह एक बड़ी दिक्कत थी. सब न्यूज चैनलों की रेटिंग पाताल में समा चुकी थी. दर्शक मिल नहीं रहे थे, कार्पोरेट विज्ञापन तेजी से कम होने लगा था. बस राजा गधे से ही सरकारी विज्ञापन आ रहे थे. बदले में सारा दिन न्यूज चैनलों पर गधे को शेर साबित करना होता था. मगर इसमें भी हड़बड़ी में गड़बड़ी हो जाती. लिपीपुती सेक्सी एंकर पूरे जोश से चिल्लाती- देखिए जंगल में गधे का शानदार स्वागत हो रहा है, मगर स्क्रीन पर लाइव आ रहे विजुअल में गधे पर चप्पलें बरस रही होतीं. ऐसे में गधे के साथ साथ न्यूज चैनलों की भी खूब खिल्ली उड़ती. गधे की हर जगह धुलाई हो रही थी, मगर न्यूज चैनल बताते रूस, अमेरिका, इंग्लैंड,



चीन और पाकिस्तान में गधे की बहुत इज्जत है. इससे न्यूज चैनलों की भी इज्जत चली गई. लोगों ने खबरों पर विश्वास करना छोड़ दिया. केलोबेलो कंपनी का मालिक सेठ दुलीचंद सुनामी मोटा धंधा न होने से दुखी था. उसने कंपनी के सीएओ झेंगा झकोई को निर्देश देकर न्यूज एंकरों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रखवाया. कार्यशाला का विषय था कि हड़बड़ी में गड़बड़ी से कैसे बचें? इसमें एंकरों को समझाया जा रहा था कि झूठ को ऐसे कैसे दिखाएं कि वह सच लगे. मोटीवेशनल गुरु फेंकू फर्राटा बता रहा था कि फेक न्यूज बनाना ही असली कला है. एक सच्ची न्यूज में तो कुछ करना ही नहीं होता. वह आती है और आप पढ़ देते हो. उसमें आपको कला दिखाने का कोई मौका नहीं मिलता. एक सच्ची न्यूज आपकी कला को किल करती है. दूसरी ओर एक झूठी खबर में आपको अपनी कला, बॉडी लैंग्वेज, यूनिक प्रजेंटेशन दिखाने को मौका मिलता है. जब आप ठीक तरह से यह सब करते हैं, तभी दर्शक को झूठी खबर भी सच लगती है. आप जब भी कोई झूठी खबर दें तो आपके कपड़े चटख और मैकअप भड़कीला होना चाहिए, बाल खुले और स्ट्रेट किए हों, मुंह आश्चर्य से नहीं, बल्कि डर्टी पिक्चर की स्लिक की तरह सेक्सी अंदाज में खुला होना चाहिए, ताकि दर्शक का दिमाग यह सोच ही न सके कि खबर झूठी है. तब ऐसे में गधे पर अगर चप्पलें भी चल रही हों तो भी आपके कहने भर से ही सब यही मानेंगे कि गधे का स्वागत हो रहा है... यह होती है एक एंकर की कला और मैकअप आर्टिस्ट की ताकत. फिर आप चाहें कितनी भी हड़बड़ी करें, किसी को गड़बड़ी नहीं दिखेगी. आप सब लोग ऐसा करें, तब देखें चैनल कैसे नंबर वन बनता है.

तभी एक पुरुष एंकर ने सवाल किया कि यह सब तो महिला एंकरों के लिए है, मगर हम लोग क्या करें. फेंकू फर्राटा ने उसे समझाया कि महोदय! आपको भी यही सब करना है. आजकल बहुत से पुरुष दर्शकों को पुरुष एंकर ही पसंद हैं. उसने एक ग्राफ भी दिखाया, जिसमें पुरुष एंकरों को पसंद करने वाले पुरुषों की संख्या तेजी से बढ़ रही थी. इस तरह से इस कार्यशाला के बाद न्यूज की पूरी दुनिया बदल गई थी. खबरों में झूठ और सच का अंतर खत्म हो गया था. केलोबेलो कंपनी के न्यूज चैनलों की रेटिंग तेजी से ऊपर जा रही थी.


# अनुभव का लालित्य कैनवास पर उकेरते हैं दयाल साव





## कला-संवाद


मनोज कुमार कपरदार


























**कलाकार** कलाकार के ऊपर अपने परिवेश, स्थान तथा अनुभव का व्यापक असर पड़ता है और वे वस्तु के आन्तरिक गुणों का ही प्रत्यक्षीकरण करता है, बाह्य रूप का नहीं. इस दृष्टि से कलाकार की तुलना रहस्यानुभवी से की जा सकती है. सृजन आत्मा और विषय वस्तु के काल्पनिक संयोग का परिणाम है. विषय वस्तु के सार तत्व की अभिव्यक्ति तभी सम्भव है, जब कलाकार उसके साथ पूरी तरह तदात्म्य स्थापित कर लेता है. आन्तरिक सत्य को पूरी तरह से आत्मसात् कर लेता है. समकालीन कलाकारों ने इसी आन्तरिक रहस्य और चेतना शक्ति को पहचानने और उसे अपने प्रयोगों में अभिव्यक्त करने की कोशिश की है. समकालीन कलाकारों ने आन्तरिक चक्षुओं द्वारा वस्तु के स्वभाव को आत्मसात् करते हुए स्वयं को स्वतन्त्र कर लिया. अब कलाकार प्रकृति की नकल नहीं करता और न ही उसे वस्तु के साम्य से कोई लगाव रहता है. प्रकृति कलाकार के अनुभव की वस्तु बन जाती है, वस्तु के मूल तत्वों द्वारा आकार का सृजन ही समकालीन कला की मूल रचना पद्धति है, जिसके द्वारा वह वस्तु का चित्रात्मक प्रत्यक्षीकरण करता है. वह न केवल विषय वस्तु के चाक्षुष स्वभाव को निश्चित करता है, बल्कि रंग, रूप, धरातल और उभार आदि सभी चाक्षुष गुणों को निर्दिष्ट करते हुए नई दिशा, नये भाव और नये विचार प्रदान करता है. उन्हीं कलाकारों में से एक हैं दयाल साव, जो विचार और भाव को प्रधानता देते हुए कैनवास पर अपनी कलाकृतियों को उकेरते हैं. दयाल साव प्राकृतिक दृश्यों के अलावा अपनी शैली में सामाजिक जीवन के यथार्थ का चित्रण भी करते हैं. इनकी कलाकृतियों में प्रकृति, गांव के लोग, उनके उत्सव, गांवों से लेकर शहर की गलियों तक के दृश्य दिखते हैं. दयाल के चित्र सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति हैं. यही कारण है कि इनके चित्रों की संप्रेषणीयता में कोई रुकावट नहीं है. ये खासकर प्राकृतिक दृश्यों पर केन्द्रित होकर कार्य करते हैं. दयाल के चित्रों में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती है.

दयाल साव ने बीके कॉलेज ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट, उड़ीसा से 2009 में बीएफए किया. वहीं इन्हें कला की बारीकी को समझने का अवसर मिला. बचपन में गांव के घरों में उकेरी गई कलाकृतियां, मेला, हाट तथा अनेक पर्व-त्योहारों के परिवेश ने इनके जीवन को पूरी तरह कलात्मक बना दिया. उनकी मां झारखंड की पारंपरिक कला सोहराई चित्रकला में प्रवीण थीं. प्रकृति और मां के सान्निध्य में वे बचपन में ही सोहराई चित्रांकन के साथ-साथ अन्य पारंपरिक कलाओं को समझने लगे थे. उनके हाथ में पेंसिल आते ही ऐसी रेखाएं उभरने लगतीं, जो मूलतः सौंदर्यपरक अनुभव को अपने में बांधे रहती.

इनकी रचनात्मक कलाकृति चीजों को देखने के लिए एक नये नजरिये की मांग करती है, जहां आंखें दिल और दिमाग के तालमेल के साथ किसी विषय वस्तु और उसके ज्यामितीय रूप में इसकी सबसे अच्छी अभिव्यक्ति को खोजती है. ये अपनी अभिव्यक्ति को जल रंग, एक्रेलिक, ऑयल कलर और पेन से भी आकार देकर व्यक्त करने की कोशिश करते हैं. इन्होंने कलाकर्म को बहुत ही मेहनत से संभाला और दयाल साव ऐसे कलाकारों में शामिल हो गये हैं, जिनकी कला की चर्चा कई राज्यों में हो रही है.

# आखर

# जो जीता, वही सिकन्दर

कहानी



वो क्या है कि इस कहावत को आप सभी ने सुनी तो ज़रूर होगी - जो जीता, वही सिकन्दर! .... और आज के संदर्भ में यह कहावत पूर्णतः सत्य भी प्रतीत होता है. है कि नहीं? लगता है, आप समझे नहीं कि मैं कहना क्या चाह रहा हूं. ठीक है, तो आइए एक उदाहरण से मैं इसे सिद्ध करके बताता हूं कि कैसे कोई प्रतिभासम्पन्न इंसान, अपनी प्रतिभा के समस्त प्रमाण लहराता ही रह जाता है और एक फिसड्डी सा आदमी अपने सिर्फ एक पैंतरे और सामर्थ्य के बल पर उसे ठेंगा दिखाते हुए मैदान मार ले जाता है-



रतन वर्मा

क्या है कि अपने गांव वाले शीतल को तो आपलोग जानते ही होंगे. अरे वही, अपने रघुवीर शर्मा का बेटा और बिमल शर्मा का गोतिया भाई! ...तो किस्सा कुछ इस प्रकार है कि बेचारा शीतल अपने नाम के अनुकूल बचपन से ही शीतल और सौम्य स्वभाव का तो रहा ही है, पढ़ाई- लिखाई में भी अपनी कक्षा का सर्वश्रेष्ठ छात्र. अपने बेटे की प्रतिभा पर उसके पिता खुश, नाते-रिश्तेदार, पास-पड़ोस खुश, और तो और, उसके विद्यालय के सारे शिक्षक भी खुश. लेकिन गांव का सिर्फ एक व्यक्ति खुश नहीं-परदेसी शर्मा.

मगर वह खुश क्यों नहीं? वही गोतियारी का चक्कर!... परदेसी शर्मा ठहरे, शीतल के पिता रघुवीर शर्मा के थोड़े दूर के चचेरे भाई! वैसे तो पूरे गांव में असल सिकन्दर कहलाए जाने का अधिकार शीतल के पिता रघुवीर शर्मा का ही बनता था, पर हर मामले में उनसे उन्नीस हैसियत रखने वाले परदेसी शर्मा हमेशा लंद - फंद और लंठई के बल पर ख़ुद को सिकन्दर सिद्ध करते रहने में समर्थ सिद्ध होते रहे हैं-चाहे किसी की ज़मीन हड़पने का मामला हो या सरपंच के चुनाव को जीतने का मामला. हां, अगर शिकस्त नहीं दे पा रहे थे वे रघुवीर शर्मा को, तो अपने बेटे बिमल के मामले में, जो उनकी लाख कोशिशों के बावजूद पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी बने रहने से आगे बढ़ ही नहीं पा रहा था. वह तो कहिये कि परदेसी शर्मा के खुद के सरपंची का रुआब था कि हर वर्ष बिमल को एक कक्षा से दूसरी कक्षा में फलंगवा दिया जाता था. फिर भी एक मामले में बिमल गांव भर में सिकन्दर अवश्य सिद्ध हो रहा था-लंठई और लफंगई के मामले में. न किसी का डर, न बड़ों का लिहाज़! सो, आये दिन परदेसी शर्मा के पास उसकी कोई न कोई शिकायत पहुंचती ही रहती कि किसी का सर फोड़ दिया उसने, तो किसी के आम, अमरूद या भुट्टे के सारे फल उजाड़ डाले अपने आवारा दोस्तों के साथ मिलकर.

मसलन, परदेसी शर्मा के सर पर रोज ही कोई न कोई आफ़त. फिर तो आये दिन पता नहीं, कितने सोंटे टूट कर बिखर जाते बिमल शर्मा की पीठ पर. मगर वाह रे बिमल शर्मा की पीठ- जैसे मसाला पीसा जाने वाला सिल हो कि सोंटे चाहे कितने भी टूट जाएं पीठ पर, मगर कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही.

और उस दिन तो हद ही कर दी बिमल ने. खींचते-खांचते दसवीं में पहुंच गया था वह. यानी किशोरावस्था में. नाक के नीचे और होठों के ऊपर न कुछ काला, न भूरा. लेकिन मिज़ाज़ पूरी तरह इंद्रधनुषी रंग से सराबोर. तभी तो उस दिन जगदम्बा पांडे की बेटी हेमलता को उसने भरी कक्षा में बांहों में भर लिया था और....

अब सार्वजनिक तौर पर उसके द्वारा किये गये उसके उस दुस्साहस को हेमलता कैसे बर्दाश्त कर सकती थी? सो सीधे जाकर हेडमास्टर से शिकायत कर दी थी उसने. फिर तो हेडमास्टर ने भी, आव देखा, न ताव, इस बार सीधे उसे स्कूल से निकाल कर ही दम लिया. पर स्कूल से निकलते समय भी हेडमास्टर को धमकी देते हुए ही निकला था बिमल, "निकाल रहे हैं न मास्साब हमको स्कूल से? ठीक है, देख लेंगे आपको भी... और ई हेमलतिया... ? ख़ैर , उसको तो ..."

अब हेमलता वाली घटना ठहरी तो गांव की ही बात न! और गांव में तो किसी को छींक भी आ गयी, तो गांव की हवा उसमें नमक- मिर्च लगाकर उसे निमोनिया सिद्ध करती हुई उस घटना को एक-एक घर में बांट आती है. फिर हेमलता वाली घटना की सूचना भला बिमल के बाप परदेसी शर्मा तक कैसे नहीं पहुंचती? तो जब घर पहुंचा बिमल, अपने बाप को मोटी लाठी के साथ अपनी प्रतीक्षा करते पाया. पर उस दिन तो बिमल भी अपनी पूरी औक़ात पर था. अभी परदेसी शर्मा ने उसे गलियाते हुए लाठी तानी ही थी कि आगे बढ़कर बलजोरी के साथ बाप के हाथ से लाठी छीनते हुए चिंघाड़ उठा था वह, "खबरदार बाबूजी जो ... बहुत मार-पिटाई खा लिये. अब आप भी लीजिये.. ' इसके साथ ही परदेसी शर्मा पर ही लाठी तान दी थी उसने. शोर-गुल सुनकर बिमल की मां भागी- भागी आकर दोनों के बीच आ खड़ी होती हुई बाप से मुंह लगा रहे बेटे को खींचकर जबरन अंदर ले गयी थी. बेचारे परदेसी शर्मा! खड़े-खड़े भौंचक और अविश्वसनीय दृष्टि से अंदर जा रहे बेटे को देखते ही रह गए थे. अब, ऐसे में आप ही बताइये कि सिकन्दर कौन हुआ? बाप या बेटा?

ख़ैर, जाने दीजिये! ... तो उसी रोज रात में बिमल की मां ने समझाया था अपने पति को, "देखिये जी, बिमलवा अब जवान हो रहा है. यह उमिर बड़ा नाजुक होती है. अब उसको लतियाना-गरियाना छोड़िये..."

इसपर हत्थे से उखड़ गये थे परदेसी शर्मा अपनी पत्नी पर, "तो क्या करें? छुट्टा सांढ़ जैसा छोड़ दें उसको कि जा, जाके गांव भर की बहू-बेटी की इज़्ज़त उघाड़ करता रह."

"तो गुस्सा काहे होते हैं? हम ई थोड़े न कह रहे हैं? हम तो कहते हैं कि बिमलवा को उसके मामा के पास शहर भेज दीजिये. ईहां गांव के लखेड़वन सबकी संगत में बिगड़ गया है छौरा..."

अंततः लम्बी नोक-झोंक के बाद परदेसी शर्मा को राजी होना ही पड़ा था बिमल को शहर भेजने के लिये. ख़ैर, तो अब आगे-आगे देखिये, होता है क्या ...

तो बाबू बिमल शर्मा गांव से छलांग लगाकर शहर पहुंच गये और शीतल अपने गांव में ही रहकर पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ अपनी पढ़ाई में जुटा रहा. अब शहर का दायरा गांव से बड़ा तो होता ही है. ऐसे में वहां किसी भी क्षेत्र में सिकंदरों की भला क्या कमी? जिधर नज़र घुमा लीजिये, कोई पूरी ईमानदारी से सिकन्दर बनने के चक्कर में, तो कोई जबरन ख़ुद को सिकन्दर क़बूलवा लेने में सफल.

फिर तो बिमल महाशय ठहरे गांव के नम्बर वन हरमोठ ( लंठ ). खाये-पिये गठीले शरीर के स्वामी. सो, हाई स्कूल में दसवीं कक्षा में नामांकन के साथ ही स्कूल के दो -चार तथाकथित सिकंदरों को ठोक -ठठा क्या दिया उसने, बड़ी आसानी से जोशोखरोश के साथ स्कूल का एकमात्र सिकन्दर कबूल कर लिया गया. फिर तो हौसला सातवें आसमान पर. धीरे-धीरे शहर भर में उसकी ख्याति फैलने लगी. शिक्षकों में दहशत का पर्याय बन गया बिमल शर्मा. मैट्रिक की परीक्षा हुई. अच्छे अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ वह. मिहनत से या कैसे, यह तो सभी को पता था, मगर शिक्षा की पहली सीढ़ी पर ही सिकन्दर तो सिद्ध हो ही गया वह.

गांव में बिमल के बाप परदेसी शर्मा को वह सुखद सूचना मिली. मन गदगद हो गया उनका. गांव भर में लड्डू तो बांटे ही उन्होंने, फिर लड्डू के बहाने ही शीतल के पिता रघुवीर शर्मा के पास पहुंचकर शेख़ी बघारने से भी बाज नहीं आये, "क्या कहें भैया, बिमलवा तेज तो था ही पढ़ने में, मगर गांव के लफंगे छोकरों की संगति में बिगड़ रहा था."

फिर बिमल के प्राप्तांक की चर्चा करते हुए बोले थे, "मगर भैया, ज़रा शीतलवा से कहिये कि तनिक मेहनत-उहनत करे, ठीक से मन लगाकर पढ़ाई करे. पूरे तिरेपन नम्बर कम लाया है बिमल से."

होठों पर फीकी मुस्कुराहट उभर आयी थी परदेसी शर्मा के, बोले थे, "तो क्या हुआ? हमारे लिये तो जैसे शीतल, वैसे ही बिमल. चाहे ई अच्छा करे, चाहे ऊ, है तो दोनों ही अपना." झेंप सी उभर आयी थी रघुवीर शर्मा के चेहरे पर, बोले थे, "सो तो है ही.. सो तो है ही." इसके साथ ही उठ खड़े हुए थे वे.

**********

गांव के स्कूल से मैट्रिक पास करने के बाद शीतल भी शहर के बोर्डिंग में आ गया था. उसने भी उसी कॉलेज में दाखिला लिया था, जिसमें बिमल ने. लेकिन कॉलेज में बिमल का रुतवा कुछ अलग ही दिखा था उसे. क्या प्राध्यापक और क्या प्राचार्य, एक तरह से उन सभी पर उसका शासन चलता था. कुछ दिनों बाद ही कॉलेज यूनियन का चुनाव हुआ और बिमल महाशय अध्यक्ष चुन लिये गये. अब उस चुनाव में किसका सर फूटा, कितनों की टांगें टूटीं, कितने छात्र अस्पताल में भर्ती हुए, कितनों को पुलिस हिरासत नसीब हुई, इन सबसे बेपरवाह बिमल महाशय ख़ुद को सिकन्दर कबूलवाने में सफल तो हो ही गये. उधर अपनी मिहनत और लगन से शीतल भी पढ़ाई के मामले में अपनी सिकंदरी बरकरार रखने की कोशिश में जी-जान से जुटा रहा.

**********

अचानक एक अलग ही आफत आकर सवार हो गयी थी बिमल के बाप परदेसी शर्मा के सर पर. हुआ यों कि बिमल के मामा घबराये हुए से भागे-भागे आये थे परदेसी शर्मा के पास और बोले थे, "गजबे हो गया जीजा! माने कि बिमलवा को पुलिस पकड़ के ले गयी है. किसी छौरा को गोली मार दिया है बिमलवा. माने कि ऊ छौरा तो बच गया है, मगर बिमलवा तीन सौ सात के मोकदमा में फंस गया है. क्या कहते हैं कि ज़ल्दी से चलिये, माने कि.."

"ई माने कि, माने कि क्या लगाये हुए हैं ? बिमलवा बाहर निकला कि भितरे है?"

"माने कि ऊहे तो कह रहे हैं कि ज़ल्दी से चलकर जमानत-उमानत करवाइये, न तो सात साल ख़ातिर भीतर जायेगा , माने कि..." इतना सुनना था कि जिस हाल में थे परदेसी शर्मा, उसी हाल में अपने साले के साथ भागे थे स्टेशन की ओर. हां, जेब में कुछ रुपये ठूंसना नहीं भूले थे.

शहर पहुंच कर दोनों सबसे पहले जेल की ओर ही भागे थे. पहले परदेसी शर्मा बिमल से मिलकर उसे जी भर कर गलिया-उलिया कर अपने मन की भड़ास निकाल लेना चाहते थे कि हरामजादा, कुलबोरन, साला तू पैदा होते ही मर क्यों नहीं गया...

मगर जेल के पास पहुंचकर तो दोनों साले-जीजा की खोंपड़ी ही उलट गयी थी. जेल-गेट के बाहर के दृश्य को देखकर तो भौंचक्के से खड़े ही रह गये थे दोनों. विश्वास ही नहीं हो रहा था उन्हें कि अपनी खुली आंखों से जो वे देख रहे हैं, वह सच है या सपना! बिमल किसी नेता की मुद्रा में एक खुली जीप पर हाथ जोड़े खड़ा था... उसकी गर्दन ठुड्डी तक फूल की मालाओं से ठसमठस... जीप में उसके दांए-बांए और पीछे कई लफंगे टाइप लड़के...जीप के आगे-पीछे, अगल बगल सैकड़ों लड़कों की भीड़ ...सभी जोर-जोर से नारे लगाते हुए ----

-- बिमल भइया
-- ज़िन्दाबाद
-- बिमल भैया के गले में माला
-- दुश्मन का मुंह हुआ काला

कहाँ तो परदेसी शर्मा अपने मन की भड़ास निकालने आये थे जेल पर और कहां अब उनका भी मन होने लगा था कि वे ख़ुद भी भीड़ का हिस्सा बनकर नारे लगाने लग जाएं.

मगर वह चमत्कार हुआ कैसे ? अब जैसे भी हुआ हो. आम का स्वाद तो अपनी जीभ पर महसूस कर ही रहे थे परदेसी शर्मा, फिर आम के पेड़ से भला उन्हें क्या लेना - देना? हालांकि बाद में उन्हें यह ज़रूर पता चला था कि शहर के ही, सत्तारूढ़ पार्टी के किसी बड़े नेता ने उसकी जमानत करवायी थी.

**********

दिन दूनी, रात चौगुनी की गति से बिमल सिकन्दरियत की सीढ़ियां फलांगत जा रहा था. फिर पता चला कि लोकसभा के चुनाव में खड़ा होकर उसने मैदान मार लिया है और अब मंत्री पद पर भी सुशोभित हो गया है.

**********

आज परदेसी शर्मा का पूरा का पूरा गांव किसी नई-नवेली दुल्हन की तरह सजा था. गांव में दिल्ली, पटना, कोलकाता, चेन्नई तो क्या, विदेशों से भी कई जानी-मानी हस्तियां बतौर मेहमान उपस्थित थीं. आख़िर शादी का रिसेप्शन किसी ऐरे गैरे, नत्थू खैरे का तो था नहीं, बल्कि देश की महान हस्ती केन्द्रीय मंत्री माननीय बिमल शर्मा जी का था.

हालांकि मंत्री जी की इच्छा तो यह थी कि रिसेप्शन देश की राजधानी दिल्ली में ही हो, लेकिन अपने पिताश्री की ज़िद को वे टाल नहीं पाये थे. दरअसल अपने बेटे की हैसियत परदेसी शर्मा अपने गांव वालों को भी दिखाना चाहते थे.

**********

दूल्हा-दुल्हन सजे-सजाये विशाल पंडाल के अंदर बने मंच की सिंहासन पर विराजमान हो गये थे. दोनों पर पुष्प-वर्षा के साथ पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से प्रकम्पित हो उठा था. बाहर तथा आस- पास के गांवों से आये गणमान्य अतिथियों से ही पंडाल की कुर्सियां भर चुकी थीं, इसलिये बाकी के ग्रामीण पीछे खड़े उचक-उचक कर अपने मंत्री महोदय और किसी स्वर्गलोक से उतरी अप्सरा सरीखी उनकी मैडम के दर्शन से ख़ुद को धन्य कर लेने की हसरत में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे थे. उसी भीड़ में हेमलता के पिता जगदम्बा पांडे भी खड़े थे. आज दूल्हा - दुल्हन की जोड़ी को देखकर निश्चित ही जगदम्बा पांडे सोच रहे होंगे कि काश उस दिन स्कूल में बिमल शर्मा ने उनकी बेटी हेमलता के साथ सार्वजनिक तौर पर छेड़-छाड़ न करके, उसके साथ छुप-छुपा कर इश्क़-मुहब्बत का चक्कर चलाया होता, और फिल्मी स्टाइल में उनकी बेटी से शादी करने के लिये मरने-मारने पर उतारू होने के बाद फिल्मी क्लाइमेक्स के अंदाज़ में हेमलता को हासिल कर लिया होता, तो आज हेमलता एक साधारण से स्कूल मास्टर की अर्धांगिनी बनकर उसके घर में झाड़ू -बरतन न कर रही होती, बल्कि मंत्री जी के साथ सिंहासन पर उस अप्सरा की ज़गह ख़ुद बैठी होती. बल्कि स्वयं जगदम्बा पांडे भी केन्द्रीय मंत्री के श्वसुर होने की गरिमा से अलंकृत होकर पंडाल की अगली कतार वाले सोफा पर विराजमान होते.

पर बेचारे जगदम्बा पांडे! ...मिलता तो वही है न किसी को, जो उसके भाग्य में लिखा होता है. अब बेचारे शीतल को ही देखिये. कब से तो वह एम ए में प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर अपने प्रमाण-पत्रों को लहराते हुए माननीय मंत्रीजी के गिर्द चक्कर पर चक्कर लगाता फिर रहा है कि हे सिकन्दर-ए-आज़म, आप यह ग़लतफ़हमी क्यों पाल रखे हैं कि हम कभी भी ख़ुद को सिकन्दर मानने का दुःसाहस किये थे? हम तो बचपन से आपको ही सिकन्दर मानते आ रहे हैं. कृपा करके मैदाने ज़ंग में पराजित पोरस ही मान लीजिये हमको. अगर आप पोरस मान भी लेंगे, तब भी हम कभी आपसे यह नहीं कहेंगे कि हमसे आप वैसा ही व्यवहार कीजिये, जैसा एक सिकन्दर दूसरे सिकन्दर से करता है. बस इतना सा निवेदन है कि कृपया किसी सरकारी कार्यालय में हमको मुलाज़िम लगवाकर आजीवन के लिये अपना उपकृत बने रहने का आशीर्वाद प्रदान कर दीजिये.

# कम शब्दों में बड़ी बात करती कविताएं

समीक्षा

'ये बड़ी बात है 'सुपरिचित कवयित्री शेफालिका सिन्हा की कुल चौंतीस कविताओं का पहला संग्रह है. शेफालिका सिन्हा की कविताओं की सबसे बड़ी विशेषता पठनीयता है अर्थात इन कविताओं को पढ़ते वक्त आपको हमेशा लगेगा कि अरे यह तो मैं भी सोच रही थी. सचमुच में ऐसे रचनाकार ही बड़े बन जाते हैं जो आपके करीब से आपकी खाली जगहों से विषय ऐसे चुरा लेते हैं कि आप दंग रह जाते हैं. कहना न होगा कि इसकी अभिव्यक्ति इनके सद्यः प्रकाशित काव्य संकलन 'ये बड़ी बात है 'में दिखाई देती है.



चारुमित्रा

वे कविता, ग़ज़ल, गीत उसी सहजता से लिखती हैं जिस सहजता से मुक्त छंद की कविताएं. संग्रह की पहली कविता' किसान ' "जी तोड़ मेहनत / कर रहे किसान हैं / समर्थन मूल्य और / किसी भी आंदोलन से /ये अंजान हैं."

शेफालिका सिन्हा जी की कविता का सांचा कहीं से भी वायवीय नहीं है वे कलावाद की कसौटी पर कविताओं को नहीं कसती बल्कि जीवन से रूबरू उनकी कविताओं में एक ऐसा संसार दृश्यमान है जो केवल वायवीय कल्पनाओं की बात नहीं करता बल्कि अपनी तीखी आलोचकीय दृष्टि से अपने समय को मूल्यांकित भी करता है.

हर कवि कवयित्री अपनी कविता में कहीं ना कहीं कविता के मंतव्य और गंतव्य की बात करता है. करुणा कविता का एक अनिवार्य गुण है जिस कविता में करुणा नहीं, संवेदना नहीं, वह कविता कुछ भी हो कविता नहीं हो सकती. संग्रह की एक कविता देखें - हरे-भरे पेड़ - "यह सच है कि/कंक्रीट के जंगलों में/ हम बसे हैं /पर शुक्र है /अभी भी /हरे-भरे पेड़/ हमारे पास खड़े हैं."



पुस्तक का नाम : ये बड़ी बात है
लेखिका : शेफालिका सिन्हा
प्रकाशक : एक्सप्रेस पब्लिकेशन (नोशन प्रेस)
मूल्य -125 रुपए
पृष्ठ संख्या : 50 पृष्ठ (पेपर बैक)

एक और नारीमन की कविता देखें - नारी तुम केवल श्रद्धा हो - "नारी ,तुम केवल श्रद्धा हो /क्या कमाल है/ सदियों से श्रद्धा का /हाल बेहाल है."

एक और कविता जो इस संकलन का शीर्षक भी है 'ये बड़ी बात है' - "दूसरे क्या कहते हैं /जरूरी है इससे /हम अपने को /कितना समझते हैं/ ये बड़ी बात है."

कोरोना काल में जो मौत का तांडव हुआ. भ्रष्ट पतित, मुनाफाखोर तो मौज करते रहे और साधन विहीन, निष्कपट निस्वार्थ, मनुष्य प्रेमी व्यक्ति मरता रहा. कोरोना पर आधारित उनकी कविता 'बेकरार' की पंक्तियों पर गौर करें- "जीवन रक्षक /न डॉक्टर मिल रहे/ न दवा मिल रही /ऑक्सीजन के लिए /मचा है हाहाकार /फिर भी ब्लैक में बेच/ कमाने को /कुछ हैं बेकरार."

जीवन से गहरे जुड़ाव की उनकी कविताएं प्रीतिकर हैं. इनकी कविताओं में शब्दों की किफायत और मर्म को गहरे भेदने वाले कथा की जुगलबंदी अद्भुत है. कविताएं कई सवाल खड़ी करती हैं. जीवन के सारे सौंदर्य के बीच कवयित्री जब सवाल उठाती है तब मुझे उनकी कविता पूर्ण होती सी लगती है. सच्ची कविता सदैव सवाल उठाती है. "सवाल कई हैं" कविता का तेवर देखें - "सवाल कई हैं /जवाब मिलता नहीं/ शिक्षा को अधिकार मिलने से/ बच्चे शिक्षित होते हैं/ या शिक्षक की पढ़ाई से /या मध्यान्ह भोजन खाने से?"

आत्म विश्लेषण, आत्म मंथन से भरी कविताएं दर्द के अमिट एहसास के साथ-साथ बहुत सारे सवालों की बात करती है. एक नई रचनात्मक उम्मीद के साथ आज के दौर की ठिठकी हुई कविता के समय में कविता में बड़ी बात की तलाश पूरी होती नज़र आती है. अपने समय की विडंबनाओं से एक कवयित्री का यह सार्थक संवाद कहा जा सकता है. अपने लिए न बोल सकने वाले, अपने हक के लिए न लड़ पाने वाले अन्याय को रेखांकित करती कविताएं - 'लक्ष्मी-तीन चित्र, मां की दीपावली, चंद शेर जिसमें खुशी मिले दिल को छू लेने वाली कविताएं हैं. संग्रह में कुल 34 कविताएं हैं जो हमारे समय, हमारे परिवेश, हमारे आचरण, हमारे लोकतंत्र, हमारे गांव -कस्बों में सहजता से प्रवेश करती हुई सुख और दुख की कविताएं हैं जो पठनीय हैं. इनकी कविताओं में उनके भीतर की कवयित्री बहुत कुछ कहने के लिए छटपटा रही है. कुल मिलाकर संग्रह की कविताएं कठोर अनुभव और सच्चाई से लिपटी कविताएं हैं जिन्हें पढ़ा जाना चाहिए. यह कविताएं आज के समय की जरूरत है.

# टूटे चेहरे

लघुकथा

बेटा! एक अलग छोटा फ्लैट ले दो हमें. पैसे हमारे पास हैं. घटेगा तो लोन ले लेंगे. आज की लड़कियां आज़ाद रहना चाहती हैं, और हम ठहरे पुराने ख्याल बाले. तुम इसे अन्यथा मत लेना. शारदा ने बेटे अवनीश के सर पर हाथ फेरते हुए कहा.



मनोज कुमार झा 'मनु'

थोड़ी-सी ना-नुकुर के बाद अवनीश तैयार हो गया- दिल से नहीं, दिमाग से. रोज की किच-किच से वह भी तो तंग आ चुका था. लेकिन, उसे समझ नहीं आ रहा था कि हर बेटी को अपनी मां अच्छी लगती है पर सास नहीं. सास को पुत्रवधू से नहीं पटती, जबकि अपनी बेटी को वह बहुत प्यार करती है.


अवकाश-प्राप्ति के महज पांच साल बीते थे. तीन बेटे, पुत्रवधुओं, बेटी रागिनी और नाती-पोतों से सज्ज परिवार में शारदा और श्रीधर जी जब कभी किसी बेटे के साथ हो लेते, पुत्रवधु को असहजता महसूस होती. गृह-कलह बढ़ता ही जा रहा था.

कार में शारदा, श्रीधर जी, बेटी रागिनी और बेटा अवनीश सवार हो चुके थे. आज नये फ्लैट में गृहप्रवेश था.

बेटा! ठीक से रहना। बहू से झंझट मत करना. बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा. हां, मां. टूटे स्वर थे,अवनीश के. नये फ्लैट में एक कामवाली मिल गई थी. रागिनी भी आज ससुराल वापस आ चुकी थी. बच्चे मां से लिपट पड़े थे, किंतु पहली बार रागिनी ने उन्हें संशकित नज़रों से देखा था. पतिदेव ऑफिस से नहीं लौटे थे. सास-ससुर के पांव छूकर वह अपने बेड-रूम में लौटी. नितांत एकांत. सामने ड्रेसिंग टेबल के आइने में उसकी दृष्टि पड़ी. आइना टुकड़ों-टुकड़ों में खंडित जान पड़ा. कई टूटे चेहरे भग्न शीशे में तैरते नजर आए. और, हाँ उसका खुद का अक्स भी विकृत दिख रहा था. मां-पापा को वह भी तो नहीं बोल सकी— "आपलोग मेरे साथ रहेंगे."

मां-पापा! प्लीज, माफ करना. मैं भी तो आपको एक नये वृद्धाश्रम में छोड़ आयी. वह फूट-फूट कर रोने लगी.

## कविता/ग़ज़ल



डॉ संगीता नाथ

### गीतिका


मौसम सुहाना हो गया तृण पात सब हर्षा गई,
खिल उठे कोपल नये रंगत सुहानी छा गई.

मन खिले उपवन खिले तरुवर लगे यूं झूमने,
खिलने लगी कलियां सभी सुख पांखुरी बिखरा गई.

थी बंद शायद मार जो मन बादलों के अंक में,
बूंदें लिए अपनी विरासत झम - झमाझम आ गई.

शीतल हवाएं खुश बहुत हैं तृप्त चातक लग रहा,
पथ ताकती बिरहन हृदय की पीर मन झुलसा गई.

झिलमिल सुनहरी दूब मानो स्वर्ण माला को पहन,
सज सँवर कर लग रही दुल्हन नयी शर्मा गई.



डॉ कल्याणी कबीर

### जरूरी है भूख भी

जब पकड़ी थी कलम
तो विषय था चांद
और,
उसके किनारे दुल्हन सी सिमटी रात,
गुलाब के फुल और
उसकी महक में विभोर भौंरे,
फिर वक्त ने लिया करवट
अनुभव ने बदले अपने पन्ने
महसूस हुआ कलम को कि
चांद से ज्यादा अहम है रोटी
जरूरी है भूख पर बात करना,
जीवन की पीड़ा को स्याही का साथ देना,
फिर समझ आई यह बात कि
जीवन के लिए भूख भी उतनी ही जरूरी चीज है
जितना कि
प्रेम करने की भूल...!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

व्यंग्य » बर्बरीक

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

चचा छक्कन बिफरे हुए हैं जब से सारे चैनलों पर शाही शादी की खबरें दिखा दिखा कर परेशान कर रखा है. अरे भाई! हमारी भी शादी हुई थी. दो चार गैस के हंडों की रोशनी, एक अदद फुन्नन बैंड पार्टी, पूरी सब्जी मिठाई, दो जोड़ी नए कपड़े -बस शादी में और क्या चाहिए? अरे चचा! आपकी शादी और उनकी शादी में फर्क तो होगा न. आप ठहरे आम वे हैं खास. देखिए! कहां-कहां रस्में हो रही. कभी हवा में, कभी पानी में. कौन-कौन नहीं गया. जिसे-जिसे न्योता मिला, उसका जीवन धन्य-धन्य हो गया. जो काम बड़े-बड़े फिल्म प्रोड्यूसर नहीं कर पाए वह इस शादी ने करवा दिया. मतलब? अरे तीनों खानों को नचवा दिया. जितना हम उकसाए चचा उतने ही हत्थे से उखड़ते जाएं. अरे तो कौन सा गज़ब हो गया. पैसे लेकर तो नाचते ही है. ये तो फिर भी देसी नचवैये ठहरे विदेशी नचवैये तक आकर नाच गए.

अच्छा भतीजे! एक बात समझ में नहीं आई? वो तो एक मोहतरमा नाच गई गुलाबी बाल करवा कर वहां तक तो फिर भी ठीक था, लेकिन एक जो हजरत आए वो तो चड्डी बनियान में ही शादी में नाचते रहे. हमारे यहां तो जूतों से खबर लेते उसकी. अरे भाई! शादी ब्याह का मुबारक मौका है. जरा ढंग के कपड़े तो पहन लेते. हां! दूल्हा दुल्हन को ही देख लेते. सोने के कपड़े पहने थे उन्होंने ऐसा कहते ही चचा समक्ष गए-- हद ही हो गई है. सोने के कपड़े कौन पहनता है. मतलब पैसा है तो क्या सर पर चढ़कर सब कर दोगे. जो पांच किलो अनाज पर गुज़ारा कर रहे हैं एकबार उनके बारे में भी तो सोच लेते कि उन्हें कैसा फील होगा?

> एक हजरत तो चड्डी बनियान में ही शादी में नाचते रहे. हमारे यहां तो जूतों से खबर लेते उसकी. अरे भाई! शादी ब्याह का मुबारक मौका है. जरा ढंग के कपड़े तो पहन ले.

हमने फिर उकसाया कि चचा! आदमी के बारे में क्या सोचते हैं यह तो पता नहीं लेकिन जानवरों से बहुत मोहब्बत करते हैं. हाथी को खुद खिचड़ी बनाकर खिलाई. हां, देखा था ,एक पत्रकार साहब को भी चखाई थी. साथ ही यह भी देखा कि मगरमच्छ की खाल का जैकेट डाटे घूम रहे थे वह तुम्हारे एनीमल लवर. चचा! समझ रहे हैं, आपको न्योता नहीं दिया इसलिए झल्लाए हैं. मुझे भला किस बात का न्योता देते. तू कौन, मैं खामखा. लेकिन शादी में तो हमारा भी कंट्रीब्यूशन है यह तो मानोगे. कैसे? कल ही बढ़े हुए रेट का रिचार्ज करवाया है. दिल तो बहुत जला मगर चलो, शादी का शगुन समझकर मन मारकर रह गए. चचा गुनगुनाते हुए निकल गए-- बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना.



## अनंत-राधिका अंबानी की शादी में चमके क्रिकेट के सितारे...

मुंबई। अनंत और राधिका अंबानी की शादी में लगा क्रिकेटर्स का जमकर तड़का लगा. इसमें क्रिकेट स्टार सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजलि के साथ आए. इन्होंने बिग बी अमिताभ बच्चन के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया. सिर्फ सचिन तेंदुलकर ही नहीं बल्कि अन्य भारतीय क्रिकेटर्स भी अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की रॉयल वेडिंग में नजर आए. एमएस धौनी, हार्दिक पंड्या, यजुवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, सूर्य कुमार यादव, क्रुणाल पंड्या, ईशान किशन और गौतम गंभीर भी दिखाई दिए. हार्दिक पंड्या और एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने एकसाथ डांस भी किया.

### ब्रीफ खबरें

#### अनाहत, टियाना स्क्वाश के तीसरे दौर में पहुंचे

**नयी दिल्ली।** 16 वर्ष की अनाहत सिंह ने ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया. राष्ट्रीय चैम्पियन अनाहत ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया. अब उनका सामना अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा. अनाहत को पहले दौर में बाय मिला था. भारत की टियाना परसरामपुरिया ने न्यूजीलैंड की एम्मा मेरसोन को 14-12, 11-5, 11-5 से मात दी.

#### अर्जुन ने कॉलिग में कट हासिल किया

**एक्रोन (ओहियो)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है. अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला. उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है.

#### रंधावा संयुक्त पांचवें व जीव 19वें स्थान पर

**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा यूरोप में लीजेंड्स टूर पर स्विस सीनियर्स ओपन में चार अंडर 66 के कार्ड से संयुक्त पांचवें स्थान पर जबकि जीव मिल्खा सिंह (68) संयुक्त 19वें स्थान पर बने हुए हैं. दोनों भारतीय गोल्फर इस सत्र में अच्छा खेल रहे हैं. रंधावा ने 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के इस टूर्नामेंट में पांच बर्डी लगायी और एक बोगी कर बैठे जबकि जीव ने चार बर्डी लगायी और दो बोगी की.

# यशस्वी और शुभमन के तूफान में उड़ा जिंबाब्वे

## भारत ने 10 विकेट से जीता मैच | सीरीज पर भी किया कब्जा

**एजेंसी।हरारे**

यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल की दमदार बैटिंग से भारत ने जिम्बाब्वे को चौथे टी20 मैच में 10 विकेट से हरा दिया. इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने शुभमन की कप्तानी में 3-1 से सीरीज में अजेय बढ़त बना ली है. हरारे के स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गए इस मैच में टीम इंडिया ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. पहले बैटिंग करते हुए जिम्बाब्वे ने कप्तान सिकंदर रजा की 46 रनों की पारी से निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट नुकसान पर 152 रन का स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में भारत ने यशस्वी और गिल की बेहतरीन खेल से मैच को सिर्फ 15.2 ओवर में ही अपने नाम कर लिया.टीम इंडिया के लिए यशस्वी जायसवाल टी20 इंटरनेशनल में 5वां अर्धशतक लगाया. उन्होंने अपनी नाबाद 93 रनों की पारी में 53 गेंद का सामना जिसमें, 13 चौके और 2 छक्के भी लगाए. यशस्वी के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने भी सिर्फ 35 गेंद में अपना पचासा पूरा कर लिया. शुभमन गिल ने भी नाबाद 58 रनों पारी खेली.



### जिम्बाब्वे ने सात विकेट पर 152 रन बनाए

इससे पूर्व चौथे मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए हैं. जिम्बाब्वे के लिए पहले बल्लेबाजी करने उतरे मधवेरे और मारुमानी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की विशाल साझेदारी हुई जिसे अभिषेक ने नौवें ओवर में तोड़ा. उन्होंने मारुमानी को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया. वह 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे. वहीं, मधवेरे 25 रन बनाकर आउट हुए. टीम को तीसरा झटका ब्रायन बेनेट के रूप में लगा जो सिर्फ नौ रन बना पाए. इसके बाद मोर्चा सिकंदर रजा ने संभालने की कोशिश की. हालांकि, जिम्बाब्वे का बल्लेबाज ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक पाए. कैंपबेल तीन रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद टीम को पांचवां झटका कप्तान रजा के रूप में लगा जो 28 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए. दिलचस्प बात यह है कि इस मुकाबले में डेब्यू कर रहे तुषार देशपांडे ने उन्हें आउट किया. रजा के रूप में उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की पहली सफलता मिली. इस मैच में मायर्स ने 12, मदांडे ने सात और अकरम ने चार (नाबाद) रन बनाए. भारत के लिए खलील अहमद ने दो विकेट चटकाए जबकि देशपांडे, सुंदर, अभिषेक और शिवम को एक-एक विकेट मिला.


### झूलन गोस्वामी ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटोर बनी

**नयी दिल्ली।** भारत की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) की मेंटोर बन गयी हैं. अपने दो दशक के करियर में झूलन ने 355 विकेट लिये. उन्होंने 2022 में खेल को अलविदा कहा. टीकेआर की कप्तान स्टार हरफनमौला डिएंड्रा डोटिन हैं, जिनकी कप्तानी में टीम ने 2021 में पहला सत्र जीता था. झूलन ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, इतनी शानदार टीम से जुड़ना गर्व की बात है. नाइट राइडर्स ने इतना शानदार प्रदर्शन किया है और टीकेआर महिला टीम से जुड़ना शानदार है. केकेआर प्रबंधन को इसके लिये धन्यवाद. टीकेआर टीम में जेमिमा रौड्रिग्स, मेग लानिंग, जेस जोनासेन और शिखा पांडे जैसे खिलाड़ी भी हैं. टीकेआर को चार लीग मैच 22 से 27 अगस्त तक खेलने हैं. फाइनल 29 अगस्त को तारोबा में खेला जायेगा.

### अदिति ने कट हासिल किया, दीक्षा हुई बाहर

**एवियन ले बेंस।** भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने यहां अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया. खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया. अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं. इससे वह बीती रात संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 44वें स्थान पर पहुंच गयीं. अभी हालांकि दूसरे दौर का खेल पूरा होना बाकी है. दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया.

## विंबलडन : फाइनल में कार्लोस अल्काराज की भिड़ंत जोकोविच से



**एजेंसी।लंदन**

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रूस के दानिल मेदवेदेव को हराकर विंबलडन फाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना नोवाक जोकोविच से होगा. अपना 21वां जन्मदिन मनाने से कुछ महीने दूर अल्काराज अगर जीत जाते हैं तो उनका लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब होगा. उन्होंने मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया. जीत के बाद उन्होंने कहा, लग रहा है कि अब मैं नया नहीं हूं. मुझे पता है कि फाइनल में कैसा लगता है. मैं पहले भी खेल चुका हूं और उसी प्रदर्शन को दोहराऊंगा. पिछली बार भी फाइनल में उनका सामना जोकोविच से ही था. जोकोविच ने 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती को 6-4, 7-6, 6-4 से हराया. जोकोविच के 2014 और 2015 में रोजर फेडरर को हराने के बाद से पहली बार लगातार दो फाइनल समान प्रतिद्वंद्वियों के बीच होगा. जोकोविच इस सत्र में किसी भी टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंच सके हैं. जून में उन्होंने दाहिने घुटने का आपरेशन भी कराया. उन्हें यहां क्वार्टर फाइनल में वॉकओवर मिला था, जब उनके प्रतिद्वंद्वी एलेक्स डि मिनौर ने कूल्हे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया. एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले और ग्रास, क्ले और हार्ड तीनों कोर्ट पर खिताब जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी अल्काराज अब 22 वर्ष की उम्र से पहले दो विंबलडन खिताब जीतने वाले बोरिस बेकर और ब्योर्न बोर्ग के बाद तीसरे खिलाड़ी बनने से एक जीत दूर है.

### वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन फाइनल देखने आएंगी

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी. उनके कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी. खुद टेनिस खिलाड़ी रह चुकी मिडलटन आल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी. इसके बाद वह कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के बीच होने वाले फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी. कैंसर के उपचार के लिए कीमोथेरेपी कराने की जानकारी देने के बाद 42 वर्ष की मिडलटन दूसरी बार ही सार्वजनिक तौर पर नजर आएंगी. पिछले महीने वह किंग चार्ल्स के जन्मदिन की परेड में बकिंघम पैलेस की बालकनी में नजर आई थी.

# पेरिस ओलंपिक 2024 : नदी पर होगी ओपनिंग सेरेमनी

**एजेंसी।पेरिस**

ओलंपिक को खेलों का महाकुंभ भी कहा जाता है. दुनियाभर के खिलाड़ी एक जगह अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने और खेल के जरिये अपने देश का नाम बुलंद करने के इरादे से आयोजन में आते हैं. सभी देश इस आयोजन के लिए अथक मेहनत भी करते हैं. पेरिस ओलंपिक की शुरुआत इसी महीने 26 जुलाई से होगी. वहीं इसका समापन 11 अगस्त को होगा. इस बार का ओलंपिक काफी अलग है. 2024 पेरिस ओलंपिक ही खास नहीं होगा, बल्कि इसकी ओपनिंग सेरेमनी भी काफी स्पेशल होगी. 2024 पेरिस ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी नदी पर होगी. यह ओपनिंग सेरेमनी सेरी नदी पर होगी, हजारों एथलीट्स नांव से नदी को पार करेंगे और एफिल टावर की तरफ जाएंगे. इससे पहले तक ओपनिंग सेरेमनी किसी विशाल मैदान या स्टेडियम में होती थी, लेकिन पहली बार ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन नदी पर होगा. वहीं 2024 पेरिस ओलंपिक का एंबलम भी काफी अलग है.

**1896 में हुई थी ओलंपिक की शुरुआत :** खेलों के सबसे बड़ा महाकुंभ की शुरुआत 1896 में हुई थी. अब 26 जुलाई से 33वां समर ओलंपिक खेला जाएगा. इस बार के ओलंपिक में काफी कुछ नया देखने को मिलेगा. पेरिस ने इस बार के ओलंपिक का स्पेशल बनाने के लिए 10 साल पहले से तैयारी शुरू कर दी थी.



ओलंपिक के रंग में रंगा नजर आ रहा है पेरिस.

### मेडल में शामिल है एफिल टावर का लोहा

पेरिस ओलंपिक 2024 का मेडल काफी खास है. इसका डिजाइन तो शानदार है ही, साथ में हर मेडल में एफिल टावर का लोहा लगा हुआ है. मेडल का डिजाइन फ्रांस की स्पिरिट को दर्शाएगा. हर मेडल में एफिल टावर का ओरिजनल लोहा लगा हुआ है. गोल्ड मेडल का वजन 529 ग्राम, सिल्वर मेडल का वजन 525 ग्राम और ब्रॉन्ज मेडल का वजन 455 ग्राम होगा.



### पेरिस ओलंपिक में शामिल 4 नए खेल

पेरिस ओलंपिक में चार नए खेलों को जोड़ा गया है. इस बार ब्रेकडांसिंग का ओलंपिक में डेब्यू होगा. वहीं इस बार स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग भी ओलंपिक में शामिल हुए हैं. हालांकि, इस बार कुछ खेल ओलंपिक का हिस्सा नहीं भी होंगे. कराटे, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल जैसे खेल टोक्यो ओलंपिक का हिस्सा थे, लेकिन इस बार इन्हें हटा दिया गया है. पेरिस ओलंपिक में जो चार नए खेल शामिल हुए हैं, इनमें किसी भी भारतीय एथलीट ने क्वालीफाई नहीं किया है

### ओलंपिक की गोल्फ स्पर्धाएं रिवियेरा में

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ ने घोषणा की है कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 की गोल्फ स्पर्धा रिवियेरा कंट्री क्लब में आयोजित की जायेंगी. रिवियेरा 1926 में बनाया गया था और दो साल बाद इसकी शताब्दी का समारोह पहली बार यूएस महिला ओपन की मेजबानी के साथ मनाया जायेगा. रिवियेरा पर फरवरी में जेनेसिस आमंत्रण टूर्नामेंट खेला जाता है, जो पीजीए टूर का हिस्सा है.

## पेरिस ओलंपिक से पहले ओलंपियनों ने कहा-

# भारत की ओलंपिक तैयारी सतत चलनी चाहिए



**भाषा।कोलकाता**

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए. इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात यहां आयोजित परिचर्चा ' इन सर्च आफ ग्लोरी : इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक' में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था. ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा, ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं , पूरा देश जागता है. यह रवैया बदलना चाहिए. हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा,हमें कठिन पूल मिला है. पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए. सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा. जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा,अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए. रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा, चौथे स्थान पर रहने के बाद मैचे कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी. उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं. मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी, लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है. उन्होंने कहा, और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई. मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की तफ्सील से जानकारी थी. नंदी ने कहा, भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है. इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें. पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए. उन्होंने कहा, अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है.

## ब्रीफ खबरें

### नवादा में डायरिया से दर्जनों बीमार

**नवादा ।** नवादा जिले में बरसात का मौसम शुरू होते ही डायरिया ने पांव पसारना शुरू कर दिया है. जिले के वारसलीगंज थाने के कोंचगांव पंचायत स्थित झौर गांव स्थित महादलित टोला में शनिवार को डायरिया का प्रकोप शुरू हो गया है. उक्त महादलित टोला निवासी कुमकुम मांझी के पुत्र अंकित कुमार, सुधीर मांझी की पुत्री बबली कुमारी, महेंद्र मांझी की पत्नी मंजु देवी, सिया मांझी की पत्नी बामो देवी, चंदन राजवंशी के पुत्र दिलखुश कुमार, गोरे मांझी के पुत्र गुनगुना कुमार सहित अन्य लोग डायरिया की चपेट में आ गये.

### भारत नेपाल सीमा से शराब व कार जब्त

**बेतिया ।** बेतिया जिले में शराब तस्करों के खिलाफ पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा से भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक कार को जब्त किया है. पुलिस के मुताबिक भारत-नेपाल सीमा पर चल रहे शराब तस्करी के खेल को पुलिस जिला स्थित पुलिस ने बेनकाब किया है. पुलिस ने सेंट्रो कार और 1186 बोतल नेपाली कस्तूरी प्रीमियम देशी शराब को कार सहित जब्त किया है. जबकि तस्कर मौके से फरार हो गया है. सबसे बड़ी बात यह है कि पुलिस के द्वारा बार-बार शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन वहीं कारोबारी मौके से कैसे बार फरार हो जा रहे हैं यह जांच का विषय है.

### सांप काटने से एक व्यक्ति की मौत

**भागलपुर ।** जिले के आमडंडा थाना क्षेत्र में शनिवार को सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सांप के द्वारा काटे जाने बाद युवक की स्थिति बिगड़ने लगी. परिजन ने उसे इलाज के लिए एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया. जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई. बताया जा रहा है की आम के बोरे में सांप छुपा हुआ था. तभी विलास राम जैसे ही आम से भरे बोरे को हटाने गया तो सांप ने उसे काट लिया. मरने वाले की पहचान विलास राम (30) के रूप में की गई है. घटना के बाद से परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है. मृतक शादीशुदा है.

# अपराधियों ने फायरिंग कर दो लोगों को उतारा मौत के घाट

- घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक मोड़ के समीप संगीता लाइन होटल के पास हुई

**संवाददाता । मुंगेर**

अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया. मृतकों की पहचान कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी मंजीत मंडल और चंदन कुमार के रूप में हुई है. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक मोड़ के समीप संगीता लाइन होटल के पास हुई. लोगों ने बताया कि कार सवार जैसे ही होटल के पास रुके और होटल के स्टाफ को पांच सौ का नोट देकर दो रजनीगंधा लाने का कहा तभी पहले से रेकी कर रहे दो बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग उन दोनों पर कर दिया. इस गोलीबारी में कार चालक सहित उस पर सवार एक व्यक्ति की मौत भी हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. घटना स्थल पर पहुंचे एसडीपीओ सदर राजेश कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान हो चुकी है. दोनों कासिम बाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर निवासी मंजीत मंडल और चंदन कुमार हैं. इस बात का भी पता चला कि मंजीत प्रॉपर्टी डीलर का काम किया करता था.


### रोहतास के तुतला भवानी झरने में अचानक आई बाढ़

# उफनती पहाड़ी नदी के बीच फंसे कई सैलानी

**संवाददाता । रोहतास**

रोहतास जिले के तिलौथू थानाक्षेत्र के तुतला भवानी झरने में अचानक पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई. इससे तुतला भवानी धाम घूमने आए कई सैलानी पहाड़ी नदी के तेज बहाव में फंस गए. उन सभी को वन विभाग और तिलौथू थाना पुलिस ने उफनती नदी से रस्सी के सहारे राहत एवं बचाव कार्य (रेस्क्यू) कर बचा लिया. जानकारी के मुताबिक, तुतला भवानी धाम के पास पहाड़ी से नीचे झरना गिरता है. इसी झरने में स्नान करने के लिए बिहार के अलावा कई राज्यों से सैलानी यहां घूमने के लिए आते हैं. खासकर बरसात के मौसम में पहाड़ी के ऊपरी हिस्से में तेज बारिश होने के कारण पानी तेज बहाव होने पर तुतला भवानी झरना उग्र रूप ले लेता है. इसके कारण कुछ देर के लिए वहां बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है. इसी दौरान नदी में स्नान कर रहे कई सैलानी फंस जाते हैं तो कई लोगों की जान चली जाती है.

सबसे बड़ी बात यह है कि अचानक पहाड़ी नदी उफान पर हो जाती है और किसी को समझाने-बुझाने का मौका नहीं देती है, जिसके कारण कई लोग आए दिन फंस जाते हैं. इसी दौरान शुक्रवार की शाम से ही पहाड़ी पर तेज बारिश होने के कारण झरने से पानी अधिक मात्रा में गिरने लगा. इससे नदी में अचानक बाढ़ सी स्थिति उत्पन्न हो गई और कई लोग इस बाढ़ में फंस गए. लेकिन वन विभाग और तिलौथू थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांबाजी से रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. वहीं, इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने तुतला भवानी धाम घूमने आ रहे पर्यटकों से अपील की है कि वन विभाग द्वारा जारी किए गए नियमों का सभी लोग अनुपालन करें. अन्यथा लापरवाही और नियमों का उल्लंघन करने वाले पर्यटकों को इस तरह का जोखिम है, वे फंस सकते हैं.



सैलानी को बचाते बचाव दल के कर्मी

### 8,211 वोटों से जदयू के कलाधर मंडल को हराया

# रुपौली में निर्दलीय शंकर सिंह जीते, बीमा भारती तीसरे नंबर पर

**संवाददाता । पटना**



पूर्णिया जिले की रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने जीत दर्ज की है. उन्होंने 8,211 वोटों से जदयू के कलाधर मंडल को हराया. शंकर सिंह को जहां 67,779 मत प्राप्त हुए, वहीं कलाधर मंडल को 59,586 मत मिले. महागठबंधन समर्थित राजद की उम्मीदवार बीमा भारती तीसरे नंबर पर रहीं. बीमा भारती को कुल 30108 वोट मिले. रूपौली उपचुनाव का परिणाम बेहद चौंकाने वाला रहा. निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने जदयू के उम्मीदवार कलाधर मंडल को सीधी टक्कर में मात दी. राजद उम्मीदवार बीमा भारती शुरू से ही लगातार तीसरे नंबर पर रहीं. छह राउंड के बाद निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने बढ़त बनायी, जिसे अंत तक बरकरार रखा. गयारहवें राउंड की गिनती के बाद शंकर सिंह को 6,838 मतों का बढ़त प्राप्त था. कुल 12 राउंड की गिनती के बाद शंकर सिंह ने जदयू के कलाधर मंडल को हराकर रूपौली सीट अपने नाम किया. शंकर सिंह को कुल 67,779 मत प्राप्त हुए जबकि जदयू के कलाधर मंडल को 59,568 वोट मिले.



जीत के बाद एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाते शंकर सिंह के कार्यकर्ता.

उल्लेखनीय है कि रूपौली से चार बार चुनाव जीत चुकीं पूर्व विधायक बीमा भारती ने जदयू का साथ छोड़कर राजद का दामन थाम लिया था. पिछले विधानसभा चुनाव 2020 में इस सीट से जदयू की टिकट पर बीमा भारती ने ही जीत दर्ज की थी. पार्टी बदलने के बाद उन्होंने विधायकी से इस्तीफा दिया था, जिससे यह सीट खाली हुई थी. बीमा भारती को राजद ने पूर्णिया लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का टिकट थमाया लेकिन बीमा भारती की इस चुनाव में करारी हार हो गयी थी. पूर्णिया सीट से निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव सांसद बने और जदयू उम्मीदवार सह पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा दूसरे नंबर पर रहे. बीमा भारती तीसरे नंबर पर रही थीं.

**शंकर सिंह पूर्व में लोजपा के नेता रहे हैं :** शंकर सिंह पूर्व में लोजपा के नेता रहे हैं. उन्होंने वर्ष 2005 में लोजपा के टिकट पर रूपौली में जीत भी दर्ज की थी और विधायक बने थे. शंकर सिंह इस दौरान कुछ ही दिनों तक विधायक रह सके. वर्ष 2010, 2015 और 2020 के चुनाव में शंकर सिंह दूसरे नंबर पर रहे. इस उपचुनाव में जब राजग में यह सीट जदयू के पास गयी तो शंकर सिंह ने चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) से इस्तीफा दे दिया और निर्दलीय उम्मीदवार बनकर मैदान में उतरे.

### ट्रेन की चपेट में आने से वरीय अधिवक्ता की मौत

**जहानाबाद ।** जहानाबाद के वरीय अधिवक्ता देवनंदन प्रसाद की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. घटना पटना-गया रेलखंड के जहानाबाद कोर्ट रेलवे स्टेशन के पास हुई. इस घटना के बाद काफी देर तक घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल कायम रहा. देखते ही देखते भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए. घटना की सूचना रेल पुलिस को दी गई. नगर थाना जहानाबाद के पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई. उमरिया अधिवक्ता देवनंदन की ट्रेन चढ़ने के दौरान मौत हो गई. बताया जाता है कि मादिल पंचायत के अधिवक्ता देवनंदन यादव पटना जाने के लिए शनिवार की सुबह अपने घर से निकले थे. कोर्ट हॉल्ट पर ट्रेन पर चढ़ने लगे तभी पूर्व मुखिया का पैर फिसल गया.

# दानापुर में अपराधियों ने युवक की गोली मार कर दी हत्या

**संवाददाता । पटना**

बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना शुक्रवार को दानापुर इलाके में हुई. मृतक की पहचान भट्टा रोड पंचवटी नगर के रहने वाले जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है. सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है. वह शटरिंग मिस्त्री था. दानापुर के गोरा बाजार स्थित सैनिक विश्राम गृह के पास उसकी हत्या की गई है. बदमाशों ने युवक के पेट और गर्दन में तीन गोलियां मारी. वहीं पुलिस को घटनास्थल से कारतूस का एक खोखा बरामद हुआ है. दानापुर एसडीपीओ दीक्षा ने बताया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि पोल से टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है.

सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि युवक को गोली मारी गई है. घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. मृतक के परिजनों से शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. मृतक की पत्नी कंचन देवी ने बताया कि उसके पति काम करने के लिए रोजाना सुबह आठ बजे घर से निकलते थे. शाम करीब सात बजे के करीब उन्होंने फोन पर बताया कि मुर्गा और अंडा लेकर घर आ रहे हैं. कुछ देर बाद उन्हें सूचना मिली कि उनकी बाइक पोल से टकरा गई है.

# मालगाड़ी के छह डिब्बे बेपटरी, पांच ट्रेनें रद्द

**संवाददाता । पटना**

दानापुर रेल मंडल के इस्लामपुर-फतुहा रेलखंड पर दनियावां के पास शुक्रवार देर रात एक मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए. इस वजह से पांच ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है. साथ ही कई ट्रेनों का रूट बदला गया है. रेलवे के कई बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और हालात का जायजा लिया है. हादसे के बाद फतुहा-राजगीर पैसेंजर, इस्लामपुर-पटना पैसेंजर, हिलसा-फतुहा पैसेंजर, नटेसर-फतुहा पैसेंजर और पटना-इस्लामपुर पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है. इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस को इस्लामपुर-नटेसर-राजगीर-बख्तियारपुर-फतुहा के रास्ते जबकि नई दिल्ली- इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस का आंशिक समापन फतुहा में किया गया. इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ फतुहा से किया जाएगा. पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा कि रात करीब तीन बजे फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड के दनियावां स्टेशन के पास मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए. इससे इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है. परिचालन को बहाल करने के लिए दानापुर से दुर्घटना राहत यान दनियावां पहुंच गई है और परिचालन को सामान्य करने के लिए काम हो रहा है.

## कारोबार

### सनटेक रियल्टी की बिक्री बुकिंग 30% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** सनटेक रियल्टी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान अपनी बिक्री बुकिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की. इस दौरान कुल बिक्री बुकिंग 502 करोड़ रुपये रही. कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 387 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं. सनटेक रियल्टी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में ग्राहकों से 342 करोड़ रुपये हासिल किए, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 288 करोड़ था.

### मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 20% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** मैक्रोटेक डेवलपर्स की चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए बिक्री बुकिंग 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,030 करोड़ रुपये हो गई है. बिक्री बुकिंग में यह वृद्धि आवास खंड में जारी मजबूत मांग के कारण आई है. लोढ़ा ब्रांड के अंतर्गत संपत्ति कारोबार करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग पिछले साल 3,350 करोड़ रुपये रही थी. शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, ग्राहकों से संग्रह चालू वित्त वर्ष (2024-25) की अप्रैल-जून तिमाही में 12 प्रतिशत बढ़कर 2,690 करोड़ रुपये हो गया.

### अर्जेंटीना की मुद्रास्फीति जून महीने में बढ़ गयी

**ब्यूनस आयर्स ।** अर्जेंटीना में मुद्रास्फीति में गिरावट का पांच महीनों से चला आ रहा सिलसिला टूट गया और जून में कीमतों में बढ़ोतरी हुई. आधिकारिक सांख्यिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी. जून में अर्जेंटीना का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 4.6 प्रतिशत बढ़ा, जो मई में 4.2 प्रतिशत की दर से थोड़ा ऊपर था, जिससे मुद्रास्फीति में गिरावट का पांच महीने का रुझान समाप्त हो गया. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस वर्ष 2.8 प्रतिशत संकुचन का अनुमान जताया है. अर्जेंटीना राष्ट्रपति जेवियर माइली ने हाल के महीनों में कीमतों में हुई गिरावट को अर्जेंटीना में दो दशकों से भी अधिक समय के सबसे खराब आर्थिक संकट के खिलाफ अपनी लड़ाई में जीत बताया है.

### प्रत्येक कंपनी के लिए पांच साल का प्रदर्शन व उत्पादन का लक्ष्य तय होगा

# सरकारी कंपनियों को मुनाफे में लाने की तैयारी

- सरकार 200 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का मुनाफा सुधारने की योजना पर काम कर रही है

**भाषा । नयी दिल्ली**

परिस्थिति के अनुसार सरकार फैसले लेती है और योजना बनाती है. दो साल पहले मोदी सरकार ने 600 अरब डॉलर के सरकारी क्षेत्र के एक बड़े हिस्से के निजीकरण के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की थी. उम्मीद की जा रही थी कि सरकार इस पर तेजी से आगे बढ़ेगी. इसमें सरकारी कंपनियों के निजीकरण पर काम करना था. तीसरी बार सरकार बनने के बाद कुछ ऐसा ही लग रहा था. लेकिन अब नीति में बदलाव कर रही है. सरकार ने इस योजना से पीछे हटने का संकेत दिया है. रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार 200 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का मुनाफा सुधारने की योजना पर काम कर रही है. यह इस बात का संकेत है कि मोदी सरकार प्राइवेटाइजेशन प्रोग्राम को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी कर रही है. यानि अब सरकारी कंपनियों के दिन फिरेंगे.



**बदली नीति**

- चालू वित्तीय वर्ष में 24 अरब डॉलर जुटाना है मकसद
- प्राइवेटाइजेशन प्रोग्राम को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी

अप्रैल-मई में आम चुनाव से पहले इस मोर्चे पर सरकार की रफ्तार धीमी पड़ गई थी. इन चुनावों में बीजेपी अपने दम पर बहुमत पाने में नाकाम रही और वह सरकार चलाने के लिए एनडीए गठबंधन के सहयोगियों पर निर्भर है. बताया जाता है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को पेश होने वाले बजट में नई योजना की घोषणा कर सकती है. इसमें कंपनियों के पास मौजूद बिना उपयोग वाली जमीन का एक बड़ा हिस्सा बेचना और अन्य एसेट्स का मॉनिटाइजेशन शामिल है. इसका मकसद चालू वित्तीय वर्ष में 24 अरब डॉलर जुटाना और इन्हें फिर से कंपनियों में निवेश करना शामिल है. प्रत्येक कंपनी के लिए अल्पकालिक लक्ष्यों के बजाय पांच साल का प्रदर्शन और उत्पादन लक्ष्य तय किया जाएगा. हालांकि इस बारे में वित्त मंत्रालय ने टिप्पणी के अनुरोधों का जवाब नहीं दिया. चुनाव से पहले फरवरी में पेश किए गए अंतरिम बजट में सरकार ने एक दशक से अधिक समय में पहली बार हिस्सेदारी बिक्री पर कोई आंकड़ा नहीं दिया.

एक अधिकारी ने कहा कि सरकार अंधाधुंध संपत्ति बिक्री से ध्यान हटाकर अब अपनी कंपनियों के आंतरिक मूल्य को बढ़ाने पर जोर दे रही है. सरकार अपनी मैज्योरिटी वाली कंपनियों में उत्तराधिकार योजना भी शुरू करना चाहती है. साथ ही इन कंपनियों में 230,000 मैनजरों को सीनियर रोल्स के लिए तैयार करने के लिए ट्रेनिंग देने का भी प्रस्ताव है.

बताया जाता है कि साल 2021 में घोषित योजना के मुताबिक दो बैंक, एक बीमा कंपनी और स्टील, ऊर्जा और दवा सेक्टर की सरकारी कंपनियों को बेचा जाना था. साथ ही घाटे में चल रही कंपनियों को बंद किया जाना था. लेकिन सरकार केवल कर्ज में डूबी एयर इंडिया को ही टाटा ग्रुप को बेचने में सफल रही. कुछ अन्य कंपनियों को बेचने की योजना को उसे वापस लेना पड़ा. एलआईसी में सरकार ने केवल 3.5% हिस्सेदारी बेची गई है. साथ ही कुछ अन्य कंपनियों में शेयर बेचे गए हैं. इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री सुनील सिन्हा ने कहा कि बहुमत नहीं होने के कारण मोदी सरकार के लिए सरकारी कंपनियों की बिक्री को आगे बढ़ाना मुश्किल होगा.

### मांग कमजोर होने से अधिकांश तेल-तिलहन में गिरावट

**नयी दिल्ली ।** सस्ता आयातित तेल से ऊंची लागत वाले देशी तिलहनों की हालत खराब कर दी है, जिससे बिनौला, सोयाबीन, सरसों समेत ज्यादातर तेल तिलहनों में गिरावट आई है. यह गिरावट जून में सूरजमुखी के सस्ते तेल का आयात 2.5 लाख टन की खपत की तुलना में दोगुना पांच लाख टन होने के कारण आई है. बाजार सूत्रों ने बताया कि सूरजमुखी के तेल के आयात की लागत 81 रुपये प्रति लीटर है जबकि देसी सूरजमुखी तेल की कीमत समर्थन मूल्य के हिसाब से 150 रुपये प्रति लीटर पड़ती है. इसकी खुदरा कीमत 100-102 रुपये प्रति लीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए जबकि यह 140-170 रुपये प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है.

राजा तेल कहा जाने वाले सूरजमुखी तेल मई, 2022 में मूंगफली और बिनौला से 30 रुपये तक महंगा था. थोक भाव मूंगफली तेल से लगभग 70 रुपये नीचे है. ऐसे में मूंगफली तेल कैसे खपेगा. सरकार को सूरजमुखी तेल के आयात पर लगाम लगाने की जरूरत है क्योंकि इसकी खपत कम है और आयात ज्यादा हो रहा है. इस तेल का इस्तेमाल उच्च वर्ग में ज्यादा होता है. बाजार सूत्रों ने कहा कि शिकॉगो एक्सचेंज देर रात को गिरावट के साथ बंद हुआ है.

### आंध्र, कर्नाटक से आपूर्ति बढ़ेगी

# आगामी सप्ताहों में टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

8राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है. एक सरकारी अधिकारी ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है. अधिकारी ने कहा कि आपूर्ति में बाधा के कारण बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है. उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज़्यादा हैं. भीषण गर्मी और उसके बाद भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित हुई, जिससे खुदरा कीमतों में उछाल आया. उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली में टमाटर की कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है, लेकिन अगर भारी बारिश से आपूर्ति श्रृंखला बाधित नहीं होती है तो इसमें कमी आ सकती है. मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 12 जुलाई को दिल्ली में टमाटर का खुदरा मूल्य 75 रुपये प्रति किलोग्राम था.



### बीएसएनएल के सीएमडी को सेवा विस्तार नहीं रॉबर्ट रवि को मिलेगा अतिरिक्त प्रभार

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पी के पुरवार को सेवा विस्तार देने से इनकार कर दिया है. आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह प्रभार दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रॉबर्ट जे रवि को दिया जा सकता है. जुलाई, 2019 में पांच साल के लिए बीएसएनएल के सीएमडी का प्रभार संभालने वाले पुरवार ने विस्तार के लिए आवेदन किया था. आधिकारिक सूत्र ने कहा, दूरसंचार विभाग बीएसएनएल के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार डीडीजी रॉबर्ट जे रवि को सौंपने पर विचार कर रहा है.

**दबदबा बढ़ेगा**

### 2028 तक विजिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल में 2.4 बिलियन डॉलर होगा निवेश

# मेगा पोर्ट विजिंजम में निवेश दोगुना करेंगे अडाणी

- टीईयू का मतलब ट्वेंटी-फुट इक्विपवैलेंट यूनिट होता है
- विजिंजम प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों के पास है
- टीईयू का इस्तेमाल अक्सर कंटेनर जहाजों की क्षमता को मापने का काम करेगा

**भाषा । नयी दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में आमतौर पर चीन और अमेरिका जैसे देशों दबदबा है. वहीं इस क्षेत्र में अब भारत भी अपनी धाक जमाने में लगा है. इसमें भारतीय उद्योपगति गौतम अडाणी तेजी से लगे हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़े. इसके लिए गौतम अडाणी दक्षिण भारत में बने नए मेगा पोर्ट विजिंजम में अपना निवेश दोगुना करके 2.4 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) करने जा रहे हैं. उनका लक्ष्य है कि पोर्ट का विस्तार तेजी से हो. दुनिया के सबसे बड़े जहाज वहां आ सके. अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के एमडी करण अडाणी ने बताया है कि उनका प्लान 2028 तक विजिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल में 2.4 बिलियन डॉलर निवेश का है. इस विस्तार से पोर्ट की क्षमता पांच गुना बढ़कर 50 लाख टीईयू (ट्वेंटी-फुट इक्विपवैलेंट यूनिट) हो जाएगी जो शुरुआती 30 लाख टीईयू के प्लान से कहीं ज्यादा है.



बता दें कि टीईयू का इस्तेमाल अक्सर कंटेनर जहाजों की क्षमता, बंदरगाहों के थ्रूपुट और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कंटेनरों की मात्रा को मापने के लिए किया जाता है. टीईयू का मतलब ट्वेंटी-फुट इक्विपवैलेंट यूनिट (टीईयू) होता है. यह अंतरराष्ट्रीय शिपिंग में कंटेनरों की मात्रा को मापने के लिए इस्तेमाल होने वाली स्टैंडर्ड यूनिट है. करण ने बताया है कि पहले यह विस्तार 2045 तक पूरा होना था. लेकिन, अब इसे घटाकर 2028 कर दिया गया है ताकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ सके. इसमें अभी चीन सबसे आगे है. दक्षिण भारत के सिरे पर स्थित होने के कारण विजिंजम की जगह बहुत रणनीतिक है. यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों के पास है. यहां पानी बहुत गहरा है. इससे बड़े जहाज आसानी से आ जा सकते हैं. करण अडानी के मुताबिक पहले यह निवेश 10,000 करोड़ रुपये यानी 1.2 अरब डॉलर का था, लेकिन अब इसे दोगुना करके इसमें जहाजों के लिए ईंधन सुविधा, लग्जरी क्रूज टर्मिनल और 20 लाख टन की सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट भी शामिल की गई है.

# कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि 20% बढ़ा, 5.74 लाख करोड़ हुआ

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54 प्रतिशत बढ़कर 5.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है. अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हो गई. यह 15 जून को देनी होती है. इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर शामिल है. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई, 2024 तक का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है. इसमें 2,10,274 करोड़ रुपये का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ रुपये का पीआईटी शामिल है. इसमें कहा गया है कि प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ रुपये का योगदान दिया. पिछले वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ रुपये था. चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70,902 करोड़ रुपये का रिफंड भी जारी किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी रिफंड से 64.4 प्रतिशत अधिक है.



▼ ब्रीफ खबरें

### हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) ।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया. राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं. उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है. माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की.

### ट्रक-एंबुलेंस में टक्कर छह लोगों की मौत

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार की रात ट्रक से भिड़ंत के बाद एंबुलेंस में सवार एक परिवार के चार सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गई. जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार पास के अस्पताल में उपचाराधीन गंभीर रूप से घायल दो लोगों की पहचान की अभी पुष्टि नहीं हुई है.एम्बुलेंस से अपर्णा बेग नाम के मरीज को खिरपई के एक अस्पताल से मेदीनपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाते समय केशपुर से गुजरने वाले पंचमी राजकीय राजमार्ग के पास यह दुर्घटना हुई.

### बस खाई में गिरी, दो की मौत, 25 घायल

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को एक बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हुए हैं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न करीब 10.25 बजे भटयास के पास हुई. बस भलेसा से थाथरी जा रही थी. उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि एक अन्य यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. वहीं नौ घायलों की हालत गंभीर है और उनका इलाज किया जा रहा है.

### बीआरएस विधायक गांधी कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद ।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक अरेकापुडी गांधी शनिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए. इसके साथ ही, राज्य में सत्तारूढ़ दल में शामिल होने वाले विपक्षी विधायकों की कुल संख्या बढ़कर नौ हो गई. रिलिंगमपल्ली से विधायक का यहां मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी ने पार्टी में स्वागत किया. पिछले साल हुए चुनाव में बीआरएस ने कुल 119 विस सीट में से 39 पर जीत हासिल की थी, जबकि कांग्रेस ने 64 सीट जीतकर सरकार बनाई थी.

### बस-ट्रक में टक्कर, तीन की मौत, 14 घायल

**बारिपदा (ओडिशा) ।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में शनिवार को एक बस और ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हुए हैं. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे बेतनती पुलिस थाना क्षेत्र में बुदिखमारी स्कवायर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुई, जब बस, ट्रक से टकरा गई. बस में करीब 20 तीर्थयात्री सवार थे. उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस हैदराबाद से गया जा रही थी. अधिकारी ने बताया, इस हादसे में बस चालक उदय सिंह की मौत हो गई. वह हैदराबाद के चारमीनार का रहने वाला था.



दुर्गा पूजा उत्सव

कोलकाता : शुक्रवार को कोलकाता में मुस्लिम महिलाएं खूंटी पूजा में भाग लेती हैं, जो दुर्गा पूजा उत्सव शुरू करने के लिए पंडाल लगाने से पहले एक पारंपरिक अनुष्ठान है.

## उत्तरी नाइजीरिया में स्कूल ढहने से 22 छात्रों की मौत

**एजेंसी । अबुजा (नाइजीरिया)**



उत्तर-मध्य नाइजीरिया में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल के ढहने से 22 छात्रों की मौत हो गई. प्लैटो राज्य के बूसा बुजी में स्थित 'सेंट्स एकेडमी कॉलेज' की इमारत उस वक्त ढह गई जब बच्चे सुबह पढ़ाई करने के लिए पहुंचे थे. इन बच्चों में अधिकतर की उम्र 15 वर्ष या उसे कम थी.

प्लैटो पुलिस के प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने बताया कि इमारत ढहने से मलबे में कुल 154 छात्र फंस गए थे जिनमें से 132 को बाहर निकाल लिया गया और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. इस हादसे में 22 छात्रों की मौत हो गई. नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि इमारत ढहने के बाद बचाव और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को भी घटनास्थल पर तत्काल तैनात किया गया. प्लैटो राज्य के सूचना आयुक्त मूसा अशोम्स की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, घायलों को अविलंब चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए सरकार ने अस्पतालों से कहा है कि वे भुगतान की चिंता नहीं करें और मरीजों के विवरण संबंधी कागजात तैयार करने में वक्त बर्बाद नहीं करें बल्कि घायलों का तत्काल उपचार करें. राज्य सरकार ने इस त्रासदी के लिए स्कूल की जर्जर हालत और इसके नदी के किनारे स्थित होने जैसे कारणों को जिम्मेदार ठहराया.

### राजस्थान में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गयी

# राजस्थान के मुकलावा में सबसे अधिक 9.7 सेंमी बारिश दर्ज

**एजेंसी । जयपुर**

राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं पर भारी बारिश और कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई है. जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में सर्वाधिक बारिश अनूपगढ़ के मुकलावा में 9.7 सेंटीमीटर दर्ज की गई. केंद्र के अनुसार, इस दौरान बूंदी में नौ सेंटीमीटर, चूरू के तारानगर में नौ सेंटीमीटर, बीकानेर के डूंगरगढ़ में नौ सेंटीमीटर, टोंक के टोडारायसिंह में आठ सेंटीमीटर, मालपुरा में सात सेंटीमीटर, बूंदी के हिडोंन में सात सेंटीमीटर झुंझुनूं के पिलानी में सात सेंटीमीटर, श्रीगंगानगर के करणपुर में सात सेंटीमीटर, पाटन में छह सेंटीमीटर, टोंक के देवली में छह सेंटीमीटर, हनुमानगढ़ के रावतसर में छह सेंटीमीटर, श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में छह सेंटीमीटर और राज्य के अनेक स्थानों पर एक से पांच सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई.

मौसम केंद्र के प्रवक्ता राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को एक बार पुनः बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश व कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है. उन्होंने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी रहने की संभावना है. प्रवक्ता ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश जारी रहने की संभावना है.

**मौसम केंद्र के प्रवक्ता के अनुसार भारी बारिश होने की संभावना**



### हिमाचल प्रदेश में बारिश से 15 सड़कें हुई बंद

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने के कारण राज्य में 15 सड़कें बंद हैं. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार शाम से बैजनाथ में 32 मिलीमीटर, धर्मशाला में 22.6 मिमी, जुब्बड़हट्टी में 21.5 मिमी, मनाली में 20 मिमी, कांगड़ा में 19.2 मिमी, जोगिंदरनगर में 19 मिमी, सलोनी में 18.3 मिमी, पंडोह में 15.5 मिमी और पालमपुर में 14.4 मिमी बारिश हुई. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद मंडी में आठ, शिमला में चार और कांगड़ा जिलों में कुल 15 सड़कें बंद हैं.

### असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर अबतक 106 लोगों की हुई मौत

**गुवाहाटी ।** असम में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, हालांकि राज्य के कई हिस्सों में जलस्तर घटने लगा है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. गुवाहाटी स्थित भारत मौसम विभाग के क्षेत्रीय केंद्र ने बताया कि असम के अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कोकराझार जिले के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है. असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) द्वारा शुक्रवार रात जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया कि राज्य में बाढ़ के कारण सात और लोगों की मौत हो गई है. वहीं, 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं. असम में इस साल बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है.



# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को केंद्र ने दी और शक्तियां

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) जैसी अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं.

उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं.

जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किये जाने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं.



जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल व गृहमंत्री अमित शाह.

गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार, पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार या अस्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है. अधिसूचना में कहा गया है, विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग, न्यायालय की कार्यवाही में महाधिवक्ता की सहायता के लिए महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के माध्यम से उपराज्यपाल के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा. अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि अभियोजन मंजूरी प्रदान करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा.

### तेंदुए के हमले में 14 वर्षीय किशोर की मौत

**बहराइच (उप्र) ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र के एक गांव में तेंदुए के हमले में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई. प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया मनोहरपुरवा निवासी अरविंद कुमार (14) परिवार के साथ शुक्रवार देर शाम मक्के के खेत की रखवाली के लिए गया था. खेत में बैठे तेंदुए ने अरविंद पर हमला कर दिया और उसे दबोच कर ले जाने लगा, इसपर ग्रामीणों ने तेंदुए को डराने का प्रयास किया जिससे वह किशोर को छोड़कर भाग गया. परिजन घायल किशोर को पास के सरकारी अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई.

**न्यायमूर्ति संजय करोल बोले**

## बांधों के निर्माण से सतलुज छोटी नदी में तब्दील हो गई

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल ने कहा है कि सतलुज नदी पर बांधों के निर्माण से यह छोटी नदी में तब्दील हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बदल गया है. वकील जतिंदर (जय) चीमा की पुस्तक क्लाइमेट चेंजः द पॉलिसी, लॉ एंड प्रैक्टिस के विमोचन के अवसर पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति करोल ने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन देश के कृषि क्षेत्र पर भारी प्रभाव डाल रहा है. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि बढ़ते तापमान और मानवीय गतिविधियों के कारण कुछ नदियों के हिस्से सूख रहे हैं. उन्होंने कहा, भारत की एकमात्र ट्रांस हिमालय नदी सतलुज, कई बांधों के निर्माण के कारण छोटी हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र व पारिस्थितिकी श्रृंखला बदल गई है. न्यायमूर्ति करोल ने कहा कि एक के बाद एक सरकारों ने गंगा की सफाई पर 30,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं.

### 4,600 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ के लिए हुआ रवाना

**जम्मू ।** दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 96 साधु और दो साध्वी सहित कुल 4,669 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था शनिवार तड़के जम्मू से रवाना हुआ. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. सभी तीर्थयात्री कश्मीर के बालटाल और पहलगाम आधार शिविर पहुंचने के बाद 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए रवाना होंगे. अधिकारियों ने बताया कि 165 वाहनों में सवार 4,669 तीर्थयात्रियों का 16वां जत्था तड़के तीन से चार बजे के बीच यहां भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ. इन श्रद्धालुओं में 1130 महिलाएं और 23 बच्चे शामिल हैं.

### पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ

## सात अरब डॉलर के नए ऋण समझौते पर किया हस्ताक्षर

**एजेंसी । इस्लामाबाद**



नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने सात अरब डॉलर के नए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. पाकिस्तान को तीन साल की अवधि वाले इस ऋण पैकेज से जटिल आर्थिक समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी. आईएमएफ ने एक बयान में कहा कि 2023 'स्टैंड-बाय अरेंजमेंट' (एसबीए) के तहत हासिल की गई आर्थिक स्थिरता को आगे बढ़ाते हुए आईएमएफ कर्मचारी और पाकिस्तानी अधिकारी एक कर्मचारी स्तरीय समझौते पर पहुंच गए हैं. इसके तहत लगभग सात अरब डॉलर की विस्तारित फंड सुविधा व्यवस्था (ईएफएफ) पर सहमति बनी है. एसबीए एक छोटी अवधि का ऋण है, जो आईएमएफ भुगतान संकट का सामना कर रहे अपने सदस्य देशों को देता है. वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने आगे कहा कि नए कार्यक्रम का उद्देश्य नकदी की कमी से जूझ रहे देश में व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना और अधिक समावेशी और लचीले विकास को बढ़ावा देना है.

### महाराष्ट्र में राठी के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई ।** महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने लोकप्रिय यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक 'पैरोडी' (मिलते-जुलते नाम वाले) अकाउंट से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी के बारे में कथित तौर पर फर्जी संदेश पोस्ट किए जाने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. राज्य के साइबर विभाग के अनुसार, ध्रुव राठी नाम वाले अकाउंट से दावा किया गया था कि बिरला की बेटी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा दिए बिना ही उसे पास कर लिया है. 'एक्स' अकाउंट के परिचय में लिखा है, यह एक प्रशंसक और पैरोडी अकाउंट है और इसका ध्रुव राठी के मूल अकाउंट से कोई संबंध नहीं है. किसी की नकल नहीं की जा रही है. यह अकाउंट पैरोडी है.

### इजराइली अधिकारी ने कहा : हमास की सैन्य शाखा को बनाया निशाना

## गाजा में इजराइली हमले में 71 लोग मरे

**एजेंसी । यरूशलम**



दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हुए एक इजराइली हमले में 71 लोग मारे गए और कई घायल हो गए. यह जानकारी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी. वहीं एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि हमला हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया.

इजराइली अधिकारी ने बताया कि खान यूनिस में हमला मोहम्मद दीफ को निशाना बनाने के लिए किया गया, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था. उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था. दीफ कई वर्षों से इजराइल की सबसे वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है. अभी औपचारिक घोषणा नहीं होने के चलते एक अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि हमास के एक अन्य शीर्ष अधिकारी राफा सलामा को भी हमले में निशाना बनाया गया. अधिकारी के पास इसकी जानकारी नहीं थी कि हमले में दोनों अधिकारी मारे गए या नहीं. गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 289 अन्य घायल हुए हैं और कई घायलों और मृतकों को पास के नासिर अस्पताल ले जाया गया है.

**फर्ज निभाया**

### 2019 में नक्सली हमले में गई थी कोबरा बटालियन के एसआई रोशन की जान

# बहन की शादी में पहुंची पूरी बटालियन, निभाया भाई का फर्ज

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सीआरपीएफ की 205 कोबरा बटालियन के जवान एसआई रोशन कुमार 2019 में नक्सलियों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे. इस वर्ष उनकी इकलौती बहन की शादी परिजनों ने तय की थी. इसकी सूचना परिजन ने कोबरा बटालियन के अधिकारियों और जवानों को भी दी. जिसके बाद शादी के दिन कोबरा बटालियन के जवानों ने पहुंचकर न सिर्फ भाई का फर्ज निभाया बल्कि आर्थिक मदद भी की. सीआरपीएफ जवानों की दरियादिली गांव वालों के बीच बनी चर्चा का विषय शादी के दिन जिस तरह से गांव में सीआरपीएफ के जवान पहुंचे और भाई का फर्ज निभाया, उसे देखकर गांव वालों को भी विश्वास नहीं हो रहा था. वहीं, शादी में पहुंचे जवानों को देखकर शहीद के परिजन भी भावुक हो गए.



**अधिकारी बोले**

शादी में पहुंचे कोबरा बटालियन के अधिकारी ने कहा कि जवानों का फर्ज देश सेवा का होता है. रोशन अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहीद हो गए थे. इकलौती बहन की शादी में परिजनों को मलाल न हो इसलिए बटालियन के जवानों ने शादी में पहुंचकर भाई का फर्ज निभाया.

शादी में पहुंचे कोबरा बटालियन के अधिकारी ने कहा कि जवानों का फर्ज देश सेवा का होता है. रोशन अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहीद हो गए थे. इकलौती बहन की शादी में परिजनों को मलाल न हो इसलिए बटालियन के जवानों ने शादी में पहुंचकर भाई का फर्ज निभाया. इस दौरान शादी में मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं. शादी की वीडियो जवानों ने खुद किया पोस्ट शहीद जवान की बहन की शादी की फोटो और वीडियो जवानों ने खुद अपने सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया है. शेयर किए एक वीडियो में शहीद जवान की बहन जयमाल के लिए जा रही है और कोबरा बटालियन के जवान दोनों तरफ से खड़े होकर स्टेज पर लेकर जा रहे हैं. जबकि कुछ जवान शादी की व्यवस्थाओं को भी देख रहे हैं. 2 साल पहले शहीद हुए थे रोशन कुमार सीआरपीएफ की 205 कोबरा बटालियन में अपनी पोस्टिंग के दौरान एसआई रोशन कुमार शहीद हो गए थे. 13 फरवरी 2019 को असुरैन, थाना लुटुवा, जिला गया, बिहार में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई थी. मुठभेड़ में रोशन कुमार अपनी ड्यूटी निभाते हुए शहीद हो गए थे.

### राष्ट्रपति बाइडन ने तिब्बत से संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है. चीन ने 'रिज़ॉल्व तिब्बत एक्ट' का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था. पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी. बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, आज, मैंने एस. 138, 'तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम' पर हस्ताक्षर किए हैं.

**राज्यसभा सदस्य संजय सिंह बोले**

## केंद्र सरकार केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है. सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, उनकी स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है. उन्होंने कहा कि जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है. सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)